हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2080 • औरंगाबाद • गुरूवार • 07 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 87 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00


# राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

### यहां होगी नियुक्ति

स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अंतर्गत **बायोलॉजी के 253, केमिस्ट्री के 259, फिजिक्स के 313** एवं **भूगोल के 195** स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक

नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **15 पाईप लाइन इंस्पेक्टर** और **55 स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर**

कृषि विभाग अंतर्गत **09 कनीय अभियंता**

### यहां होगी नियुक्ति

खान एवं भूतत्व विभाग अंतर्गत **34 खान निरीक्षक**

विद्युत विभाग अंतर्गत **53 कनीय अभियंता**


पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **1,268 कनीय अभियंता** (सिविल)

झारखण्ड सरकार
सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# 2,454
अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण

दिनांक: **07 मार्च, 2024 (गुरुवार)**
समय: **12:00 बजे मध्याह्न**
स्थान: शहीद मैदान, धुर्वा, राँची

## श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर कमलों द्वारा



### विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

PR No. 321791 / IPRD / 2023-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

संक्षिप्त समाचार

## लाभार्थी संपर्क अभियान की सफलता को ले भाजपा कार्यकर्ताओं ने कसी कमर

**अबकी बार चार सौ पार को साकार करने लिया संकल्प**



**वारिसलीगंज** : स्थानीय जिला परिषद डाकबंगला में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित की गई. बैठक में नगर मंडल तथा पूर्वी एवम पश्चिमी प्रखंड मंडल के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे. बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुमन कुमार ने लाभार्थी संपर्क अभियान की विस्तार से चर्चा किया. उन्होंने भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा को लाभार्थी संपर्क अभियान का नगर मंडल संयोजक बनाए जाने की जानकारी दी. भाजपा के जिला महामंत्री शैलेंद्र शर्मा ने 11 मार्च तक चलाए जाने वाले लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाने पर बल दिया. भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सह लाभार्थी संपर्क अभियान के नगर मंडल संयोजक अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा ने हरेक बूथ पर जाकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें विकसित भारत के लिए भाजपा को वोट देने के लिए तैयार करने का कार्यकर्ताओं से आग्रह किया. उन्होंने सरल एप पर लाभार्थियों के साथ संपर्क अभियान की तस्वीर भी तुरंत लोड करने का पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया ताकि अभियांन को प्रधानमंत्री तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देख सकें. वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामसुंदर सिंह ने लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया. बरीय भाजपा नेता देवाश्रय सिंह ने कार्यकर्ताओं को मिल जुलकर फिर से केंद्र में भाजपा सरकार बनाने के लिए जुट जाने का अनुरोध किया. भाजपा नेता महेश भाई पटेल ने अबकी बार चार सौ पार के लक्ष्य को ध्यान में रखकर लोकसभा चुनाव में काम करने का संकल्प दोहराया. वारिसलीगंज विधानसभा विस्तारक कुंदन कुमार कुसुम ने भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए जी जान से जुट जाने का पार्टी जनों से निवेदन किया. इस अवसर नगर मंडल अध्यक्ष सुमन कुमार, नगर प्रभारी रंजन कुमार, पश्चिमी प्रखंड मंडल अध्यक्ष चंदन कुमार, संतोष शर्मा, मुकेश कुमार, उपेंद्र सिंह, चंदन कुमार, मीरा देवी, शत्रुपा देवी, संगीता देवी, गीता देवी, सुनैना देवी, मोनिका देवी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए.

## पुण्यतिथि पर याद किए गए होम्यो चिकित्सक डा शशिभूषण



**नवादा**: जिले के प्रसिद्ध होम्यो चिकित्सा डॉ शशिभूषण प्रसाद सिन्हा की 20वीं पुण्यतिथि श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई। विजय सिनेमा रोड स्थित ओइम होम्यो चिकित्सालय नवादा के प्रांगण में आयोजित पुण्यतिथि समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ सिन्हा हमेशा गरीब, बेबस और लाचार लोगों का निशुल्क सेवा करते रहे। यही कारण है कि आज वे इस दुनिया में नहीं हैं।परंतु लोगों के दिल में बसे हुए हैं। साथ ही वक्तयों ने आगे कहा कि उनके कार्यों का अनुसरण करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उनके अनुज भ्राता डॉ सुधीर कुमार ने कहा कि मैं अपने भाई डॉक्टर शशि भूषण प्रसाद के स्मृति शेष में आज भी छात्रों व गरीबों की सेवा चिकित्सा के माध्यम से कर रहा हूं। और आगे भी करता रहूंगा। अंत में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन भी रखा। इस मौके पर डा रेयाज खान, डा रितेश कुमार, डा मनोज कुमार, डा वेदप्रकाश, डा अनंत कुमार आदि दर्जनों होम्यो चिकित्सक के अलावा सईद खान, मनोज कुमार, उपेंद्र कुमार, कार्यानंद सुमन, अशोक कुमार, सुबोध कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एक महिला आरोपी गिरफ्तार

**नारदीगंज**। गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के रिवला गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक महिला आरोपी को गिरफ्तार की। यह जानकारी थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने दिया। उन्होंने बताया कि कांड संख्या 346/22 का आरोपी गया जिले के रिवला निवासी नीलम सिन्हा उर्फ सुधा कुमारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वह पुलिस को चकमा देकर लम्बे समय से फरार चल रही थी। एएसआई दीपक श्रीवास्तव ने गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल के सहयोग से गिरफ्तार कर बुधवार न्यायिक हिरासत में भेज दिया ।

# डीएम ने किया दो दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का उद्घाटन

निज संवाददाता। नवादा



जिला कृषि प्रक्षेत्र (शोभिया), नवादा के प्रांगण में आत्मा, नवादा के द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन श्री आषुतोष कुमार वर्मा, जिला पदाधिकारी, नवादा एवं श्री दीपक कुमार मिश्रा, उप विकास आयुक्त, नवादा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मेला के बारे में जानकारी देते हुए जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा ने बताया कि मेला दिनांक 06 एवं 07 मार्च, 2024 को दो दिन तक आयोजित किया जायेगा। किसान मेला में कृषि, उद्यान, मिट्टी माँच, पौधा संरक्षण, भूमि संरक्षण, पशुपालन, मत्स्य विभागीय स्टॉल के साथ-साथ सभी 14 प्रखण्डों के प्रगतिषील कृषकों के द्वारा अपने उत्पाद का भी प्रदर्षनी लगाया गया। जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त महोदय के द्वारा मेला में लगे एक-एक स्टॉल का अवलोकन किया गया। अवलोकन के क्रम में प्रगतिशील कृषक श्री सदानन्द कुमार के द्वारा तैयार किये गये केंचुआ खाद, जीवित केंचुआ का प्रदर्षन एवं अपने खेत में इसी केंचुआ खाद से उगाये फल, सब्जी का प्रदर्षनी लगाया गया था। आगन्तुक कृषक भी इनसे केंचुआ खाद के उत्पादन की विधि की जानकारी प्राप्त किये। साथ ही मेला मे श्रीमती निषा कुमारी, प्रगतिषील महिला कृषक द्वारा मशरूम के विभिन्न उत्पाद जैसे कि मशरूम की बरी, मशरूम पाउडर, मशरूम आचार का स्टॉल लगाया गया तथा नवादा सदर की महिला किसान श्रीमती दयावन्ती देवी ने 30 कि0ग्रा0 से भी अधिक वजन का कोहड़ा प्रदर्शनी में लगाया गया। साथ ही सिरदला के कृषक पप्पू कुमार ने 6 फीट का कद्दू एवं 2.5 फीट का बड़ा मूली प्रदर्शनी में लगाया गया। मेसकौर के कृषक श्री संजीव कुमार ने शिमला मिर्चा की आकर्षक रंग एवं साइज का शिमला मिर्च मेला में बेहद आकर्षक रहा एवं सरकार से जी0आई0 टैग प्राप्त हिसुआ का मगही पान स्टॉल भी लगाया गया। किसान मेला में लगे विभागीय स्टॉल पर कृषकों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी को प्राप्त किया तथा कृषि यंत्र विक्रेताओं द्वारा लगाये गये स्टॉल से किसानों ने अपने आवष्यकता के अनुसार यंत्रों का भी क्रय किया। मेला में आगन्तुक किसान कृषि यंत्रों के परिचालनध्प्रयोगध्उनके उपयोग का जीवन्त प्रदर्षन भी देखा। मेला में आगन्तुक कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक श्री रविकान्त चैबे एवं श्री अगन्द कुमार ने गरमा फसलों की खेती की तकनीक एवं ड्रोन के बारे में विषेष जानकारी एवं प्रषिक्षण दिये। मेला में आये प्रगतिषील कृषकों ने भी मेला मे उपस्थित कृषकों से अनुभव को साझा किया। मेला में उप परियोजना निदेषक, आत्मा, नवादा श्री अभिषेक रंजन, अनुमण्डल कृषि पदाधिककारी श्री कुन्दन किषोर आर्य, सहायक निदेषक, भूमि संरक्षण, श्री अषोक कुमार, अनुमण्डल कृषि रजौली डा0 अविनाष कुमार, सहायक निदेषक, कृषि अभियंत्रण श्री दीपक कुमार के साथ-साथ जिले के सभी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, बी0टी0एम0 एवं ए0टी0एम उपस्थित रहें। मंच का संचालन सुरेन्द्र पाल, कृषि समन्वयक एवं मनीष कुमार सहायक तकनीकी प्रबन्धक कर रहे थे।

## हम के आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर इंजीनियर किसलय का हुआ मनोनयन, कार्यकर्ताओं में हर्ष



निज संवाददाता। नवादा

हम पार्टी के राष्ट्रीय महा सचिव देवेंद्र मांझी ने वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत अपसढ़ ग्रामीण इंजीनियर किसलय को हम पार्टी के आईटी सेल का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है. इस आशय की जानकारी इंजिनियर किसलय ने देते हुए बताया की पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने मनोनयन पत्र सौंपते हुए पार्टी को मजबूत करने एवं पार्टी के प्रति निष्ठावान होकर समर्पित भाव से काम करने की अपेक्षा भी की है. उन्होंने बताया की पार्टी के प्रति बफादार होकर कार्य करने के लिए शीर्ष नेतृत्व के अंकांक्षाओं पर खरा उतरने का हमेशा प्रयास रहेगा. उन्होंने बताया की इसके पूर्व मुझे वारिसलीगंज विधान सभा का प्रभारी नियुक्त किया गया था.अब मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी गयी है. किसलय के प्रदेश अध्यक्ष मनोनयन पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है.

## किसानों के बीच कृषि उपकरण का किया गया वितरण



निज संवाददाता। कौआकोल

प्रखण्ड के महुडर पंचायत के महुलियाटांड़ गांव में बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों के बीच कृषि उपकरण का वितरण किया गया। इस दरम्यान पचास किसानों के बीच खुरपी,हसुली एवं छोटा कुदाल का वितरण किया गया। वहीं पांच पशुपालकों को बकरियों को स्वस्थ रखने के लिए मिनरल मिक्सर,लिवर टॉनिक,दस्त की दवा, मल्टीविटामिन आदि दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया एवं पशुओं को स्वस्थ रखने के गुर बताए गए। कार्यक्रम के संचालक व पशु विज्ञान विभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ० धनंजय कुमार ने बताया कि पशुपालकों की पशुशाला की साफ सफाई,ससमय कृमीनाशक दवाई का प्रयोग,टीकाकरण का महत्व,आहार एवं आवास प्रबंधन का महत्व आदि विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) डॉ० शशांक शेखर सिंह ने वर्तमान मौसम में लगने वाले सब्जियों एवं उसके कीट व्याधि प्रबंधन विषयों पर चर्चा किया।

# 159 लीटर शराब के साथ दो बाइक जब्त, एक धंधेबाज गिरफ्तार

निज संवाददाता। रजौली



थाना क्षेत्र के हरदिया के गेट नम्बर एक के समीप बुधवार के अहले सुबह एसआई गौतम कुमार ने दो बाइकों पर लदे कुल 159 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया।मौके से एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया।जबकि दूसरा शराब धंधेबाज बाइक को सड़क पर पटक कर भगाने में सफल रहा।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बिहार मद्दनिषेध को थाना क्षेत्र में सफल बनाने को लेकर पुलिस बलों की सहायता से लगातार छापेमारी अभियान चलाई जा रही है।साथ ही कहा कि बुधवार की अहले सुबह दो बाइकों पर लदे जूट के बोरे में रहे देशी महुआ शराब को पुलिस बलों ने जब्त किया है।उन्होंने कहा कि एक बाइक पर 84 लीटर एवं दूसरे पर 75 लीटर महुआ शराब को बाइक समेत जब्त किया गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब धंधेबाज पुलिस वाहन को देखकर भागने लगा।इसी क्रम में एक शराब धंधेबाज को पुलिस बलों की सहायता से गिरफ्तार किया गया है।जबकि दूसरा शराब धंधेबाज शराब लदे बाइक को छोड़कर भागने में सफल हो गया।गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान हरदिया पंचायत के सुअरलेटी गांव निवासी राजकुमार भुइयां के पुत्र प्रमोद कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त बाइकों व शराब के अलावे गिरफ्तार और फरार होने वाले शराब धंधेबाजों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।साथ ही कहा कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# करी पत्ते के गुण व पौष्टिकता के बारें दी गई जानकारी

निज संवाददाता। नारदीगंज



सक्षम आंगनबाड़ी के तहत पोषण वाटिका के लिए करी पत्ते पौधे को आंगनबाड़ी केंद्रों पर उगाने के लिए वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को सीडीपीओ कार्यालय परिसर में किया गया।इस दौरान सीडीपीओ मंजू कुमारी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को करी पत्ते पौधे का वितरण कर घर घर लगाने के लिए प्रेरित की। मौके पर प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार, महिला पर्यवेक्षक कुमारी आशा रानी,शबा प्रवीण समेत अन्य सेविका मौजूद रहे। इस दौरान सीडीपीओ मंजू कुमारी ने करी पत्ते के गुण व पौष्टिकता की जानकारी दी। कहा कि आप अपने दैनिक जीवन में इस पते को मीनू में शामिल कीजिए, इसके उपयोग करने से भोजन भी स्वादिष्ट होता है, और अनेक प्रकार की बीमारियों को दूर करने में भूमिका को निभाता है। इसे खाली पेट चार पते खाने से सुगर,बीपी,पाचन शक्ति मजबूत होने के साथ लीवर,आंख की रोशनी को भी ठीक रखने में काम करता है। दक्षिण भारत के लोग इसे अपने भोजन में प्रतिदिन सेवन करते हैं।आप अपने केंद्र पर इसे बच्चे को भी दे,बच्चे के सेहतमंद व न्यूट्रिशन में लाभदायक होगा। आपके केंद्र में 40 बच्चे पढ़ते हैं, हर घर में इस पौधे को लगाना है। पौधे लगाकर वाट्सएप पर भी भेजना है,इस कार्य का निरीक्षण भी किया जाएगा। टमाटर के जूस से भी फायदा है। बच्चे की मां को जानकारी होना चाहिये कि बच्चे का स्वास्थ्य कैसे ठीक रहेगा। आलू व अंडे मिलाकर भी दें। आप लोगों के माध्यम से करी पते एक उदाहरण बने,आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से जागरूकता फैलाया जाएगा। इसके लिए सभी शपथ भी लें। बिहार को स्वस्थ्य बनाना है,इस मे आप सभी की भागीदारी सुनिश्चित है। इसके लिए नारदीगंज एक उदाहरण बन सके। उन्होंने कहा पढ़ना बहुत जरूरी है,दोस्ती करो तो,पुस्तक से करो।इस दौरान उपस्थित सेविकाओं ने करी पत्ते को लगाकर अपने डायट में शामिल करने व जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पोषण वाटिका में चयनित 14 आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका को शामिल किया गया। मौके पर सेविका कुमारी पूजा,शोभा कुमारी, इंदु कुमारी, निभा कुमारी, रेणु सिन्हा,पुष्पा कुमारी समेत अन्य शामिल हुए।

## पुलिसिया कार्रवाई-अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर किया गया जब्त,प्राथमिकी दर्ज



निज संवाददाता। रजौली

थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चल रहा है,किन्तु फिर भी बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।प्रतिदिन अवैध तरीके से नदियों से बालू का खनन कर रहे हैं।जिससे सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का चूना खनन माफियाओं के द्वारा लगाया जा रहा है। इसी बीच अवैध बालू खनन के खिलाफ रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एसआई गौतम कुमार की अगुवाई में गुप्त सूचना पर रजौली पूर्वी पंचायत के झिरझो नदी बालू घाट पर दल-बल के साथ कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान झिरझो नदी बालू घाट से ले जा रहे अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त किया गया।हालांकि ट्रैक्टर के चालक सह मालिक फरार होने में सफल हो गए।थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नदी घाट से बालू की चोरी की जा रही है।फलस्वरूप एसआई गौतम कुमार के नेतृत्व में टीम बनाकर कार्रवाई के लिए भेजा गया।जिसमें अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।बालू लदे ट्रैक्टर को थाना परिसर में जब्त कर रखा गया है।इसकी सूचना खनन पदाधिकारी नवादा को दे दी गई है।खनन पदाधिकारी के निर्देशानुसार ट्रैक्टर मालिक सह चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# कार्यपालक अभियंता की मनमानी से लिपिक को नहीं किया गया भुगतान

निज संवाददाता। रजौली

**चार दिनों से पति-पत्नी कार्यालय के बाहर आमरण अनशन पर**




मुख्यालय स्थित ग्रामीण कार्य विभाग के रजौली प्रमंडल कार्यलय में कार्यरत लिपिक धनंजय कुमार सिन्हा की पत्नी शोभा सिन्हा अपने पति के साथ बकाए वेतन के भुगतान नहीं किये जाने पर आमरण अनशन पर बीते चार दिनों से बैठी है।इसके बावजूद ग्रामीण विभाग के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार के मनमानी कर कारण लिपिक का वेतन भुगतान नहीं किया गया है।लिपिक की पत्नी शोभा सिन्हा ने कहा कि मेरे पति को बीते कई माह का वेतन भुगतान कार्यपालक अभियंता द्वारा नहीं किया गया है।जिसके कारण उनका परिवार भूख से तड़प रहा है।उन्होंने कहा कि बीते फरवरी को भी बकाए भुगतान को लेकर धरना प्रदर्शन पर सपरिवार बैठीं थी।तब कार्यपालक अभियंता के द्वारा वेतन भुगतान करने का आश्वासन दिया गया।किन्तु एक माह से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी वेतन भुगतान नहीं किया गया।जिसके कारण वे पुनः सपरिवार कार्यालय के बाहर बीते 4 मार्च से आमरण अनशन पर बैठी हैं।वहीं उनके पति ने कहा कि पटना मुख्यालय से मिले निर्देश के बावजूद उनका वेतन भुगतान अबतक नहीं किया गया है।ऐसी स्थिति में वे अपने परिजनों का पालन-पोषण कैसे करेंगे।यह सोचनीय विषय है।इस बाबत पर कार्यपालक अभियंता ने कहा कि लिपिक का पैसा बकाया है।उन्होंने कहा कि ट्रेजरी से पैसों का भुगतान होता है।इसमें हमारा कोई रोल नहीं है।वहीं उन्होंने यह भी कहा कि लिपिक का स्थानांतरण किये जाने के कारण वे मुझपर आरोप लगा रहे हैं।

# मॉडर्न कुंती नगर बना चैंपियन

**मॉडर्न ग्रुप के चारो ब्रांच(हिसुआ नारदीगंज न्यू एरिया एवं कुंती नगर) के बीच पिछले एक महीने से चल रहा था टूर्नामेंट**

निज संवाददाता। नवादा



मॉडर्न इंटर ब्रांच जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 -24 का फाइनल मुकाबला आज कुन्ती नगर और न्यू एरिया के बीच खेला गया जिसमें कुंती नगर में न्यू एरिया को 16 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। आज सुबह मॉडर्न शैक्षिक समूह के निदेशक डॉ अनुज कुमार ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया एवं शुभकामनाएं दी। आज सुबह टॉस मॉडर्न कुंती नगर ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आदित्य राज के 15 प्रत्यूष कुमार के 26 एवं प्रिंस के नौ रनों के सहयोग से निर्धारित 10 ओवर में 86 रन बनाया। न्यू एरिया के तरफ से अनमोल कृष्णा एवं अंकित राज ने तीन-तीन जबकि नवनीत ने दो विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू एरिया की टीम निर्धारित ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 70 रन ही बना सकी। कप्तान शमी ने 27 तथा अंकित राज में 13 रनों का योगदान दिया कुंती नगर की तरफ से रोहित नितिन गौरव ने तो जबकि आदित्य एवं सुमित में एक-एक विकेट प्राप्त किया। रोहित को शानदार गेंदबाजी के चलते फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार कुंती नगर के कप्तान सानू राज को दिया गया, टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार न्यू एरिया के अनमोल कृष्णा ने हासिल किया जबकि मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार कुंती नगर के हरफनमौला खिलाड़ी आदित्य राज को मिला। इस मैच के अंपायर की भूमिकाबिहार स्टेट पैनल के राकेश रंजन एवं बुरहान अख्तर ने निभाई। पारितोषिक वितरण समारोह मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य श्री गोपाल चरण दास उप-प्राचार्य एमके विजय राष्ट्रपति पदक से सम्मानित खेल शिक्षक अलखदेव प्रसाद , दीपक पुष्टि एवं नीतीश कुमार के द्वारा किया गया।



Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 09




खेल

**वशु : अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में जीता स्वर्ण, सतना की वैष्णवी ने आत्मसुरक्षा के लिए अपनाया वूश**


देश

**लोकसभा के साथ ही बिहार में विधानसभा चुनाव भी चाहते हैं नीतीश कुमार**


कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2080 • औरंगाबाद • गुरूवार • 07 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 87 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 65, 130 | ₹75,500 |



## आज का इतिहास

- 1995 : मौत की सजा पाने वाला न्यूयॉर्क दुनिया का 38 वां राज्य है।
- 1994: लाइबेरिया के राष्ट्रपति चार्ल्स टेलर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

## न्यूज बाइट्स

### मोदी आज जम्मू कश्मीर का करेंगे दौरा

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे और श्रीनगर में 'विकसित भारत विकसित जम्मू कश्मीर' कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर में कृषि-अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने के लिए लगभग 5000 करोड़ रुपये के कार्यक्रम-'समग्र कृषि विकास कार्यक्रम' राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह स्वदेश दर्शन और प्रसाद (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन ड्राइव) योजना के अंतर्गत 1400 करोड़ रुपये से अधिक राशि की पर्यटन क्षेत्र से संबंधित कई परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे, इसमें 'हजरतबल तीर्थ का एकीकृत विकास' श्रीनगर परियोजना भी शामिल है। प्रधानमंत्री 'देखो अपना देश पीपुल्स चॉइस पर्यटन गंतव्य पोल और चलो इंडिया वैश्विक प्रवासी' अभियान भी लॉन्च करेंगे। वह चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के अंतर्गत चयनित पर्यटन स्थलों की भी घोषणा करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर के लगभग 1000 नए सरकारी कर्मचारियों को नियुक्ति आदेशों का वितरण करेंगे और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी करेंगे, जिनमें उपलब्धि प्राप्त महिलाएं, लखपति दीदियां, किसान और उद्यमी आदि शामिल हैं।

### नये सात ईएसआई अस्पतालों की स्वीकृति

**नई दिल्ली (ए.)।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने ओडिशा, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओडिशा में सात नये अस्पतालों के निर्माण को स्वीकृति दी है, जिन पर कुल 1128.21 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आयेगी।

### 55 आईपीएस अधिकारियों ने अबतक नहीं सौंपा संपत्ति का ब्योरा

**पटना (नि.सं)।** बिहार कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 55 अधिकारियों ने अबतक वर्ष 2023 के अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा और दायित्वों का विवरण दाखिल नहीं किया है। इन्हें 9 जनवरी 2024 को इसके लिए निर्देश दिया गया था। बुधवार को गृह विभाग (आरक्षी शाखा) के उप सचिव विनोद कुमार दास ने इस संबंध में बिहार के पुलिस महानिदेशक को लिखे पत्र में जानकारी दी है। जानकारी के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुसार 28/29 फरवरी तक ही इन सभी आईपीएस अधिकारियों को अपने चल-अचल संपत्ति का ब्योरा देना था। ऐसा नहीं करने वाले अधिकारियों को एक माह के अंदर कारण स्पष्ट करते हुए विवरिणी दाखिल करने का निर्देश दिया जाना है। इसके बावजूद कोई अधिकारी अगर चल-अचल संपत्ति का ब्योरा दाखिल नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ आरोप पत्र जारी करते हुए विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। गृह विभाग ने सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश की गंभीरता से अवगत कराते हुए संबंधित आईपीएस अधिकारियों को चल-अचल संपत्ति का ब्योरा दाखिल करने का निर्देश देने को कहा है।

# मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

- मुख्यमंत्री ने बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत सांकेतिक रुप से 5 लाभुकों को प्रथम किस्त के रुप में 50-50 हजार का चेक प्रदान किया।
- कार्यक्रम में बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत चयनित 40 हजार 102 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 200 करोड़ 51 लाख रुपये का ऑनलाइन हस्तांतरण किया गया।



"कार्यक्रम के दौरान बिहार लघु उद्यमी योजनान्तर्गत लाभार्थियों को प्रथम किस्त की राशि का वितरण किया गया। वितीय वर्ष 2023-24 हेतु कुल 40 हजार 102 लाभुकों का चयन किया गया है। सभी चयनित लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में 50 हजार रूपये का चेक उपलब्ध कराया गया।"

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में उद्योग विभाग एवं भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत चयनित लाभुकों को अनुदान के प्रथम किस्त का भी वितरण किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान लगभग 2 हजार 509 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण विभाग एवं उद्योग विभाग की कुल 81 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रुप से 5 लाभुकों को प्रथम किस्त के रुप में 50-50 हजार का चेक प्रदान किया। कार्यक्रम में बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत चयनित 40 हजार 102 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 200 करोड़ 51 लाख रुपये का ऑनलाइन हस्तांतरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग की 1 हजार 68 करोड़ रुपये की लागत से कुल 75 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत 40 हजार 102 लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में प्रति लाभार्थी 50 हजार रुपये की दर से अनुदान उपलब्ध कराया गया। उद्योग विभाग द्वारा 447 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 33 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं 621 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली 42 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 59 करोड़ रुपये की लागत से बिहटा में ई-रेडिएशन सेन्टर एवं एक्सपोर्ट पैक हाउस का लोकार्पण किया, जिसके अंतर्गत कृषि उत्पादों के रेडिएशन एवं पैकिंग की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे किसानों को लाभ होगा। पटना, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चम्पारण एवं भागलपुर जिलों में 24 लाख वर्ग फीट के प्लग एण्ड प्ले शेड्स का उद्घाटन किया गया।

उद्योग विभाग के अंतर्गत 106 करोड़ रूपये की लागत से पटना जिले के फतुहा इंडस्ट्रियल एरिया, पूर्णियां जिले के पूर्णियाँ इंडस्ट्रियल एरिया तथा भागलपुर जिले के बरारी इंडस्ट्रियल एरिया में स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम, बिटुमिनस रोड तथा स्ट्रीट लाईट संबंधी योजना का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास की जा रही योजनाओं के अंतर्गत 21 करोड़ 9 लाख रूपये की लागत से पटना के गाँधी मैदान के पास उद्योग भवन एवं फ्रेजर रोड पर बीएसएफसी बिल्डिंग में नए स्टार्ट अप बिजनेस सेन्टर संबंधी योजनाओं के साथ-साथ 4 करोड़ 23 लाख रूपये की लागत से मुजफ्फरपुर जिले के गोरौल इंडस्ट्रियल एरिया में फ्लेक्सिबल पेवमेन्ट योजना शामिल है। 9 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से नालन्दा, भागलपुर और गोपालगंज जिलों में जिला उद्योग केन्द्र के नये भवन तथा बक्सर जिले में बियाडा कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। साथ ही 36 करोड़ 97 लाख की रूपये की लागत से भागलपुर जिले में सीपेट बिल्डिंग तथा हाजीपुर जिले में सीपेट ब्वायज हॉस्टल का निर्माण कार्य एवं 31 करोड़ 98 लाख रूपये की लागत से मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर एवं पानापुर इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क एवं पुल का निर्माण कार्य शामिल है। इसके अलावे 7 करोड़ रूपये की लागत से रोहतास जिले के दिनारा में टूल एवं ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट तथा हॉस्टल का निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

बुधवार के कार्यक्रम में भवन निर्माण विभाग की 1 हजार 441 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से कुल 06 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इसके अंतर्गत 1 हजार 374 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से 5 योजनाओं का लोकार्पण एवं 66 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से 1 योजना का शिलान्यास किया गया। भवन निर्माण विभाग की लोकार्पित की जा रही योजनाओं के अंतर्गत वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह शामिल हैं। 120 करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री द्वारा इसका शिलान्यास 05 मई 2022 को किया गया था। दो तल वाले इस सभागार में 500 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला अत्याधुनिक प्रेक्षागृह, ग्रीन रूम, अतिविशिष्ट कक्ष, भोजनालय, बहुद्देशीय हॉल एवं एक बड़ा सभागार है। इस भवन में 02 लिफ्ट भी लगाई गई हैं। आधुनिक सुविधाओं से युक्त अतिथि गृह में 01 अति विशिष्ट सुइट, 05 सुइट, 27 सुपर डीलक्स एवं 30 डीलक्स कमरे, 25 सामान्य कमरे तथा 40 बेड की डॉरमेट्री है। बोधगया में 136 करोड़ रुपये की लागत से माया सरोवर एवं महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र के निकट 5 एकड़ भू-खण्ड पर राज्य अतिथि गृह बनाया गया है। इस 08 मंजिले राज्य अतिथि गृह में आधुनिक सुविधाओं से युक्त 90 कमरे हैं, जिसमें 10 सिंगल बेड, 78 डबल बेड तथा 02 प्रेसिडेंसियल सुइट हैं। अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित इस अतिथि गृह में रेस्तरां, बैंक्वेट हॉल, जिम, फिटनेस सेंटर, स्विमिंग पूल, स्पा तथा लिफ्ट भी शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान विधान पार्षद आवास योजना के अंतर्गत 645 करोड़ रुपये की लागत से 19 एकड़ भू-खण्ड पर विधान पार्षदों के आवासन हेतु 75 आवासों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें से 55 आवासों का उद्घाटन वर्ष 2019 में किया जा चुका है तथा आज 18 आवासों का उद्घाटन किया गया। 30 करोड़ रुपये की लागत से 05 एकड़ भू-खण्ड पर पटना जिले के बिहटा में वृहद आश्रय गृह, पटना में निर्मित किया गया है। मुख्यमंत्री बाल आश्रय विकास योजना अंतर्गत शिशु बालक-बालिकाओं के सुरक्षित आवासन हेतु इस परिसर में छात्रावास, कॉमन फैसिलिटी सेंटर, स्टाफ क्वाटर एवं खेल के मैदान हैं। साथ ही राज्य सरकार के पदाधिकारियों के आवासन हेतु बहुमंजिली इमारत का निर्माण कराया गया है। 443 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से मुख्यमंत्री द्वारा पटना के गर्दनीबाग में राज्य सरकार के पदाधिकारियों के आवासन हेतु 752 फ्लैटों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया था। प्रथम चरण में वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री द्वारा ई-टाईप के 48 आवासों का उद्घाटन किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा ई टाईप के 24 एवं डी-टाईप के 128 कुल-152 फ्लैटों का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत 66 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से 5 एकड़ भू-खण्ड पर अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना के भवन का शिलान्यास किया गया। इसके अंतर्गत 05 मंजिले मुख्य भवन, अतिथि गृह, एवं केयर टेकर निवास का निर्माण किया जाएगा।

बेतिया में पीएम ने जनसभा को किया संबोधित, कहा

# बिहार में जंगलराज लाने वाले सबसे बड़े गुनहगार

निज संवाददाता | बेतिया



पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार का प्रयास है कि युवाओं को यहीं नौकरी व रोजगार मिले। बुधवार को जिन परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन पीएम ने किया, उन परियोजनाओं का मकसद इसी उद्देश्य से जोड़ा। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि ये गठबंधन अभी भी लालटेन के लौ के भरोसे जी रही है। जबतक बिहार में लालटेन रहा तबतक एक ही परिवार की समृद्धि रही। मोदी सच्चाई बताता है तो ये मोदी को गाली देते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार को बड़ी सौगात दी। पश्चिम चंपारण के बेतिया में पीएम मोदी ने लगभग 12 हजार 800 करोड़ से अधिक की रेल, सड़क और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस से संबंधित विभिन्न बुनियादी ढांचा संबंधी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित भी किया। अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने बिना नाम लिए आजेडी प्रमुख लालू यादव और उनके परिवार पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार में केवल एक ही परिवार फलता रहा। नौकरी के बदले जमीन ली गई। उन्होंने कहा कि जंगलराज लाने वाले सबसे बड़े गुनहगार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि एक-एक नौकरी के बदले जमीनों पर कब्जा किया और लाखों नौजवानों का भाग्य छीन लिया। पीएम ने कहा कि मुझ पर परिवार नहीं होने का आरोप लगाने वाले कर्पूरी, जेपी, लोहिया, अंबेडकर से भी यही सवाल पूछते, क्योंकि उन्होंने भी अपने परिवार की जगह देश की चिंता की थी।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि बिहार की समृद्धि बिना भारत विकसित नहीं हो सकता। विकसित भारत-विकसित बिहार के संकल्प का सबसे उपयुक्त स्थान मोहनदास को महात्मा बनाने वाल चंपारण ही हो सकता था। उन्होंने कहा किचुनाव में हार तय देख इंडी गठबंधन वाले भगवान राम को भी निशाने पर ले रहे हैं। इन्होंने भगवान राम को दशकों तक टेंट में रखा और मंदिर नहीं बनने देने की कोशिश करते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत और विकसित बिहार के लिए एनडीए के 400 पार करना जरूरी है। पीएम ने कहा कि आज बिहार को मिली करीब 13 हजार करोड़ की परियोजनाएं नौजवानों को रोजगार के अवसर दिलांएगी और किसानों की आय बढ़ाएंगी।

## कंटेनर से 25 लाख की शराब जब्त

**मुजफ्फरपुर (नि.सं.)।** मुजफ्फरपुर उत्पाद विभाग की टीम ने अहियापुर थाना क्षेत्र में एक कंटेनर से विदेशी शराब की खेप जब्त की थी। पुलिस को देखते ही शराब माफिया फरार हो गए। जांच के बाद शराब माफिया सुधीर मंडल समेत चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। चारों शराब तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। जब्त शराब की कीमत करीब 25 लाख रुपए है। शराब की खेप दिल्ली से 28 फरवरी को चली थी। कंटेनर में रेजर की आड़ में शराब छिपाई गई थी। कंटेनर में चंडीगढ़ निर्मित शराब की खेप लदी हुई है। सोमवार की रात उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली कि जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र के बाजार समिति के समीप अवैध विदेशी शराब की खेप उतारी जा रही है। जिसके बाद टीम गठित की गई। टीम उस जगह पर छापेमारी करने पहुंची। पुलिस को देख तस्कर फरार हो गए। ट्रक को जब्त कर लिया गया। पुलिस को पता चला की शराब की खेप हथौड़ी के सुधीर मंडल ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मंगवाया था।

# बिहार में पांच जिलों के एसपी, तीन के डीएम बदले, 15 आईएएस का भी हुआ तबादला

निज संवाददाता | पटना

**तीन जिलों में बने नए डीएम**

अलंकृता पांडे को जहानाबाद, रिची पांडेय को सीतामढ़ी और मनेश कुमार मीणा को कटिहार का डीएम बनाया गया है। रिची पांडेय अभी जहानाबाद में डीएम थे, जबकि मनेश कुमार मीणा सीतामढ़ी में तैनात थे।

बिहार में एनडीए सरकार बनने के बाद तबादले का दौर जारी है। लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने 5 जिलों के एसपी समेत 8 आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर किया गया है। वहीं, 3 जिलों में नए डीएम और 11 नए जिलों में सहायक डीएम भी बनाए गए हैं। खगड़िया, वैशाली, अरवल, किशनगंज और दरभंगा ग्रामीण में नए एसपी की पोस्टिंग की गई है। जहानाबाद, कटिहार और सीतामढ़ी के डीएम भी बदले गए हैं। गृह विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। सहायक पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण हरकिशोर राय को वैशाली एसपी बनाया गया है। समादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी चंदन कुमार कुशवाहा को खगड़िया का एसपी बनाया गया है। आईपीएस काम्या मिश्रा को दरभंगा ग्रामीण एसपी रूप में तैनात किया गया है। जबकि, खगड़िया एसपी सागर कुमार को किशनगंज पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। राजेंद्र कुमार भील को अरवल का एसपी नियुक्त किया गया है। दीपक कुमार सिंह को राजस्व एवं भूमि सुधार का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। वहीं, खान एवं भूतत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव परमार रवि मनुभाई को मुख्य जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस आनंद किशोर को नगर विकास एवं आवास विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। वे बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। हालांकि उन्हें बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं प्रशिक्षण बोर्ड के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है।

आईएएस संतोष कुमार मल्ल को सहकारिता विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। मल्ल लघु जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। सीएम के सचिव अनुपम कुमार को संसदीय कार्य विभाग का सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। आईएएस धर्मेंद्र सिंह को खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव पद पर तैनात किया गया है। आईएएस संजय कुमार सिंह को नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव का प्रभार दिया गया है। साथ में वे स्वास्थ्य विभाग के सचिव पद पर भी तैनात रहेंगे। आईएएस दिनेश कुमार को भागलपुर प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव पद पर तैनात धर्मेंद्र कुमार को बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम का एमडी बनाया गया है। बेलट्रॉन के एमडी राजीव कुमार श्रीवास्तव को बिहार राज्य आवास बोर्ड का एमडी बनाया गया है।

# फसल बीमा योजना में 23 करोड़ किसानों के दावों का किया गया भुगतान

एजेंसी | नयी दिल्ली

पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 56 करोड 80 लाख किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए और 23 करोड़ 22 लाख से अधिक किसानों को उनके दावों का भुगतान किया गया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31 हजार 139 करोड़ रुपये चुकता किये, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान दावे के रूप में किया गया। इस प्रकार, किसानों द्वारा भुगतान किए गए प्रत्येक 100 रुपये के प्रीमियम के लिए उन्हें लगभग 500 रुपये दावे के रूप में दिये गये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मांग आधारित योजना है और यह राज्यों के साथ-साथ किसानों के लिए भी स्वैच्छिक है। वर्ष 2021-22 और 2022-23 के दौरान किसान आवेदनों की संख्या में साल-दर-साल क्रमशः 33.4 प्रतिशत और 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, वर्ष 2023-24 के दौरान, अब तक योजना के तहत नामांकित किसानों की संख्या में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साथ ही वित्त वर्ष 2023-24 में योजना के तहत बीमित कुल किसानों में से 42 प्रतिशत गैर-ऋणी किसान हैं। प्रीमियम के मामले में वैश्विक स्तर पर यह तीसरी सबसे बड़ी बीमा योजना है, जो 2016 में शुरू की गई थी। इस योजना के अंतर्गत किसानों को अप्रत्याशित घटनाओं से होने वाली फसल हानि या क्षति से सुरक्षा मिलती है। यह योजना विशेष रूप से प्राकृतिक आपदा और प्रतिकूल मौसमों में किसानों की आय को स्थिर करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने सहित अपने उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर रही है। इस केंद्रीय योजना के लिए राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को न तो कोई आवंटन किया जाता है और न कोई धनराशि जारी की जाती है।

# शिक्षा विभाग ने कुलपतियों के वेतन पर लगी रोक हटाई, 9 मार्च को फिर बुलाई बैठक

निज संवाददाता | पटना

**शिक्षा विभाग ने वेतन पर लगाई थी पाबंदी**

गौरतलब है कि 28 फरवरी को शिक्षा विभाग ने लंबित परीक्षाओं को लेकर बैठक बुलाई थी। इसमें एक भी कुलपति मौजूद नहीं थे। इसी प्रकार अन्य अधिकारी भी सीमित संख्या में उपस्थित थे। ऐसी स्थिति से नाराज शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, कुलसचिवों और अन्य अधिकारियों का वेतन स्थगित करने का आदेश दिया था। साथ ही सभी विश्वविद्यालयों के बैंक खातों पर भी रोक लगा दी गई थी।

बिहार शिक्षा विभाग ने 28 फरवरी को जारी अपने आदेश को तत्काल स्थगित कर दिया है, जिसके तहत विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, रजिस्ट्रारों और परीक्षा नियंत्रकों के वेतन पर रोक लगाने के साथ-साथ खातों के संचालन पर भी रोक लगा दी गई थी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। शिक्षा विभाग ने कुलपतियों, कुलसचिवों एवं परीक्षा नियंत्रकों की नौ मार्च को बुलायी गयी बैठक की प्रत्याशा में अपने पहले के आदेश को स्थगित किया है। इससे संबंधित पत्र बुधवार को शिक्षा विभाग के उच्च शिक्षा के उप निदेशक दीपक कुमार सिंह के हस्ताक्षर से राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को भेज दिये हैं। शिक्षा विभाग के इस आधिकारिक पत्र के मुताबिक, विश्वविद्यालयों से 9 मार्च की बैठक में संबंधित मामले में रिपोर्ट लाने का अनुरोध किया गया है। इस बैठक में विश्वविद्यालयों की विलंबित परीक्षाओं की स्थिति और चल रही परीक्षाओं की समयबद्धता की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव करेंगे।

## बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा स्थगित

**पटना(नि.सं.)।** बिहार लोक सेवा आयोग ने 16 मार्च को एक शिफ्ट में आयोजित होने वाली तीसरे चरण की बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा को स्थगित कर दिया है। 15 मार्च को दो शिफ्टों में होने वाली परीक्षा का शेड्यूल पहले जैसा रहेगा। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। बीपीएससी ने नोटिस में कहा है कि 15 मार्च को आयोजित होने वाली परीक्षा के एडमिट कार्ड आज जारी होंगे। शिक्षा विभाग के तहत वर्ग 9-10 के सभी विषय, शिक्षा विभाग एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग के तहत 11वीं 12वीं के सभी विषय और अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के तहत वर्ग 6-10 के सभी विषयों के लिए सूचना बाद में प्रकाशित की जाएगी।

बिहार बोर्ड ने 10वीं-12वीं के परीक्षार्थियों को किया सावधान

# नंबर बढ़ाने के लिए आ रहे फर्जी फोन कॉल तो करें शिकायत

निज संवाददाता | पटना

**उत्तरपुस्तिकाएं पूरी तरह से बारकोडेड**

बीएसईबी ने नोटिफिकेशन शेयर करते हुए कहा कि कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा समिति का प्रतिनिधि बनकर आमजनों से फोन कॉल के माध्यम से पैसे की मांग की जा रही है। वे इसके बदले नंबर बढ़वाने का प्रलोभन दे रहे हैं। यह पूरी तरह गैरकानूनी है। उत्तरपुस्तिकाएं पूरी तरह बारकोडेड है, जिस कारण किसी भी स्तर से उत्तरपुस्तिकाओं में अंक परिवर्तित करना संभव नहीं है। अगर किसी के पास ऐसी कॉल आती है तो तुरंत स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराएं या साइबर क्राइम सेल में शिकायत करें।

बिहार बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी है। अब कॉपियों का जल्द मूल्यांकन होने के बाद रिजल्ट जारी करने की तैयारी है। इससे पहले बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बोर्ड परीक्षा 2024 को लेकर छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए एक चेतावनी जारी की है। बिहार बोर्ड ने कहा है कि बोर्ड के 10वीं, 12वीं परीक्षा के रिजल्ट जारी होने से पहले उनके पास नंबर बढ़ाने के लालच देने वाले फोन कॉल आ रहे हैं। लेकिन उन्हें इसके जाल में नहीं फंसना है। तुरंत इसकी शिकायत बोर्ड के पास करनी है। बिहार बोर्ड 12वीं की परीक्षा 1 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित हुई, जिसमें 13,04,352 बच्चों ने एग्जाम दिया। इसमें 6,26,431 छात्राएं और 6,77,921 छात्र शामिल थे। वहीं, 10वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 23 फरवरी तक आयोजित की गई। 10वीं की परीक्षा 16,94,781 बच्चों के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें से 8,72,194 छात्राएं और 8,22,587 छात्र शामिल थे।


BAYC Institute स्थापित : 1972

**बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज**

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

**डॉक्टर बनें** एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।



डॉ. अजय प्रकाश सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है। सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें।

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, हिरासत में चालक

**मानपुर।** मुफ्फसिल थाना अंतर्गत एनएच 82 स्थित लखनपुर के पास से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया गया है, साथ ही चालक को भी हिरासत में ले लिया। इसकी पहचान थाना क्षेत्र के भदेजी निवासी सीमोर मांझी के रूप में हुई। बताया जाता है कि भदेजा स्थित बकरी फार्म के पास फल्गु नदी से अवैध बालू उत्खनन कर ले जा रहा था। इसी दौरान क्षेत्र भ्रमण कर रहे एएसपी सतीश कुमार की उस पर नजर पड़ गई। वाहन रोक कर कागजात मांगा। चालान नही होने के बाद ट्रैक्टर को जब्त कर थाना भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि एसआई मिश्री प्रसाद के लिखित तहरीर पर मामला दर्ज किया है। मामले की जानकारी खनन विभाग को भेज दिया है।

### गया-कोडरमा रेलखंड के गुरपा स्टेशन पर मालगाड़ी से कटकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** फतेहपुर धनबाद रेल मंडल के गया-कोडरमा रेलखंड के बीच स्थित गुरपा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को मालगाड़ी से कटकर एक करीब 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक युवक कौन और कहां का रहने वाला था इसकी पहचान नहीं हो सकी है। इधर, घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी ने घटना स्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया भेज दिया है। यह घटना अप लूप लाइन पर मंगलवार को घटी है। बताया गया है कि युवक गुरपा स्टेशन पर एक छोर से दूसरे छोर जाने के लिये रेल लाइन पास कर रहा था। इसी समय कोडरमा से गया की ओर जा रही मालगाड़ी गुरपा स्टेशन पर अप लूप लाइन से गुजर रही थी जिसके चपेट में युवक आ गया। इसमें मालगाड़ी से कटकर युवक का शरीर दो भाग में बंट गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक ब्लू चेक का शर्ट व काला रंग का पैंट पहने हुए था तथा गला में क्रीम रंग का चादर लपेटे हुए था। इधर, घटना के बाद देखने के लिए वहां काफी संख्या में लोग जुट गए। लेकिन किसी ने भी मृतक की पहचान नहीं कर सका। मृतक युवक कौन और कहां का रहने वाला था।

### शहर में बड़े और मालवाहक वाहनों का रात 12 बजे के बाद होगा प्रवेश

**गया।** गया डोभी/बोधगया की ओर से आने वाले बड़े व मालवाहक वाहन रात 12 बजे के बाद ही शहर में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही ऑटो व टोटो/ई रिक्शा चलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। अब ऑटो व टोटा चालक को बिना लाइसेंस के पकड़े जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। शहर में यातायात की उत्पन्न समस्या के निराकरण के लिए एसएसपी आशीष भारती ने यातायात डीएसपी व थानाध्यक्ष के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसमें ऑटो, टोटो का सघन चेकिंग कर लाइसेंस व अन्य कागजात कर नियमानुसार कार्रवाई करने, रोड पर बेतरतीब पार्किंग व बीच सड़क पर पैसेंजर चढ़ाने-उतारने पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। इसके साथ ही शादी-ब्याह के लग्न को ध्यान में रखकर रात 12 बजे के बाद बड़े वाहनों का शहर में प्रवेश सुनिश्चित कराने, गया व बोधगया ट्रैफिक थाना द्वारा नियमित गश्ती करने, होटल, बैंक्वेट के संचालक से बात कर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, सिकड़िया मोड़ से दुमुहान के बीच वाहन खराब होने के कारण जाम की समस्या से निजात के लिए तुरंत खराब वाहन को हटाने एवं घुघरीटांड बाईपास पर लगने वाले जाम को एसडीओ सदर, नगर निगम व डीएसपी सिटी के साथ समन्वय बनाकर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

### नीतीश से पहले लालू परिवार ने बिहार का किया कबाड़ाःजदयू प्रवक्ता ने कहा- जंगलराज के अंधकार से बिहार को विकास के प्रकाश में लाने वाले नायक हैं नीतीश



**नालंदा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामों की प्रशंसा करते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि नीतीश कुमार उन गिने-चुने राजनेताओं में से एक हैं। जिनका नाम और काम दोनों की गूंज पूरे देश में है। वंशवाद के जहर से बीमारू बने बिहार को देश का सबसे तेज विकास करने वाला राज्य बनाने का श्रेय उन्हीं को जाता है। उन्होंने कहा कि नीतीश से पहले लालू परिवार ने बिहार का कबाड़ा किया था। उनके कुशासन के कारण ज्ञान और तप की भूमि कहे जाने वाला बिहार अपराधियों का गढ़ बन गया था। भ्रष्टाचार यहां शिष्टाचार माने जाने लगा था और अपहरण, रंगदारी यहां के उद्योग थे। आंकड़ों के मुताबिक केवल 2000 से 2005 तक राज्य में महज पांच साल की अवधि में 18,189 हत्याएं हुई थी। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि 15 सालों में 50 हजार से ज्यादा लोग मौत के घाट उतार दिए गए। वहीं, 1992 से 2004 तक बिहार में किडनैपिंग के 32,085 मामले सामने आए। कई मामलों में तो फिरौती की रकम लेकर भी बंधकों को मार दिया जाता था। इसके अलावा आये दिन जातीय नरसंहार होना आम बात थी। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश से पहले जनता में खौफ का ऐसा माहौल था कि लोग शाम ढले घरों में बंद हो जाते थे। राज्य में न तो सड़कें थीं, न ही बिजली या पानी, सड़क का अलकतरा तक चोरी हो जाता था। कोर्ट ने भी राज्य में जंगलराज होने की टिप्पणी कर दी थी। लेकिन नीतीश के सत्ता में आते ही रंगदार और अपराधी दुम दबा कर भाग खड़े हुए। नरसंहारों पर ब्रेक लग गया और नीतीश जंगलराज के अंधकार से बिहार को विकास के प्रकाश में लाने वाले नायक बनें। उन्होंने कहा कि नीतीश के सत्ता में आने के बाद विकास के जैसे काम हुए वह अपने आप में एक मिसाल है। राज्य के कोने-कोने तक सड़कों का जाल बिछ गया। एक भयमुक्त वातावरण का निर्माण हुआ। आज राज्य में युवाओं को रोजगार, बीमारों को उपचार और महिलाओं को उनका अधिकार मिल रहा है। आम बिहारवासियों के जीवनस्तर में सुधार हुआ है, राज्य की प्रति व्यक्ति आय लगातार बढ रही है वहीं गरीबी निरंतर घट रही है।

### भूमि विवाद में मारपीट, अधेड़ की हुई मौत

**नालंदा।** नालंदा में मंगलवार को मारपीट की घटना में एक अधेड़ की मौत हो गई। मामला नगरनौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत बडीहा गांव का है। मृतक की पहचान बडीहा गांड निवासी स्वर्गीय बाड़ो पासवान के (58) वर्षीय बेटे शिव शंकर उर्फ छेदी पासवान के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि गोतीया से एक कट्ठा भूमि को लेकर पिछले 4 महीने से विवाद चला आ रहा है। मंगलवार को फिर से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई इसके बाद गोतिया के लोग घर पर चढ़ आए और मारपीट कर दी, धक्का मुक्की में छेदी पासवान गिर गया और उसे गंभीर चोट लग गई। उन्हें



इलाज के लिए नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, आरोपी घर छोड़ फरार हो गया है। छेदी पासवान मजदूरी का काम करते थे। उनके दो बेटे थे, जिनमें एक बेटे की मौत पिछले साल हो चुकी है। वहीं दूसरा बेटा दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम करता है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वह दिल्ली से वापस घर लौट रहा है। नगरनौसा थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार झा ने बताया कि मौत की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर भेज दिया गया है। पड़ोसी पर धक्का देने एवं मारपीट का आरोप लग रहा है। जिसके कारण अधेड़ की मौत की बात बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# पतले तार के सहारे 25 हजार क्विंटल चावल की सुरक्षा

## वैगन गेट आधा-अधूरा बंद कर मालगाड़ी हुई रवाना, एजीएम ने उठाया सवाल- चोरी हुई तो जिम्मेदार कौन

निज संवाददाता। गया





गया एसएफसी से 25 हजार क्विंटल चावल मालगाड़ी से मंगलवार रात गोपालगंज एसएफसी भेजा गया। मालगाड़ी गया के मानपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी। मंगलवार रात साढ़े 12 बजे ट्रेन गोपालगंज के लिए खुली, लेकिन वैगन के दरवाजे को ठीक से बंद तक नहीं किया गया। पतले तार से दरवाजे को आधा-अधूरा बंद कर ट्रेन को 300 किमी दूर रवाना कर दिया गया। ये स्थिति एक-दो वैगन में नहीं बल्कि अधिकांश वैगन की है। रेलवे के इस लापरवाही पर बिहार राज्य खाद्य निगम के एजीएम गोपालगंज ने सवाल उठाया है, खानापूर्ति पर लिखित आपत्ति जताई है। एजीएम राजीव कुमार ने सवाल उठाया कि रास्ते में चावल किसी वजह से चोरी होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। रास्ते में तार खुल सकता है या फिर तार कोई काट सकता है।


**माल बाबू को कहने पर भी कोई फायदा नहीं हुआः** एजीएम ने माल बाबू फैयाज से भी इस मामले में बात की, पर कोई फायदा नहीं हुआ। जिसके बाद एजीएम ने लिखित में अपनी शिकायत माल बाबू को दी। शिकायत पत्र में लिखा है कि गोपालगंज भेजी जा रही रैक के अधिकांश वैगन के दरवाजे बंद नहीं है। रेलवे की ओर से वैगन को सील करने की महज खानापूर्ति की गई। चावल की बोरी चोरी होती है तो जिम्मेदार रेलवे होगा ?

**चावल की मात्रा में कमी के बाद खुद आना पड़ाः** राजीव कुमार ने बताया कि पूर्व में भेजे गए चावल की मात्रा में लगातार कमी देखी गई है। यही वजह रही कि विभाग के आदेश पर इस बार खुद ही आना पड़ा तो पता चला कि यहां तो सुरक्षा के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। वहीं माल बाबू फैयाज का कहना है कि तार से अच्छे से बांध दिया गया है। रास्ते में चोरी नहीं होगी। गेट नहीं बन्द होने की बात वरीय अधिकारी को बता दी जाएगी।

# 1.60 लाख से बने जिला उद्योग केंद्र का हुआ शुभारंभ

## 5 लाभुकों को मिली 50 हजार की पहली किश्त, 1304 लाभुक किए गए हैं चयनित

निज संवाददाता। नालंदा




बिहार लघु उद्यमी योजना के लाभुकों को चेक वितरण और उद्योग विभाग की योजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बुधवार को आयोजित किया गया। इसी परिपेक्ष्य में नालंदा जिलान्तर्गत एक करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित कार्यालय महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र का उद्घाटन किया गया। जिले भर में बिहार लघु उद्यमी योजनान्तर्गत 1304 लाभुक चयनित किए गए हैं, प्रति लाभुकों को 2 लाख अनुदान की राशि प्रदान की जाएगी। प्रथम किस्त 50 हजार रुपए, द्वितीय किस्त 1 लाख रुपए और तृतीय किस्त 50 हजार रुपए दी जाएगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने 5 लाभुकों को प्रथम किश्त की राशि प्रति लाभुक 50 हजार की डमी चेक प्रदान कर योजना का शुभारंभ किया।

**इन्हें मिला इस बिजनेस के लिए चेकः** चंदन कुमार- आईटी बिजनेस केंद्र। पूजा कुमारी- बिंदी और मेहंदी उत्पादन इकाई। सुजीत कुमार- आटा, सत्तू और बेसन उत्पादन। मन्उवर सुल्ताना- चमड़े के जूते का निर्माण, मोहम्मद सद्दाम- चमड़े का जूता निर्माण। जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को निर्देश देते हुए कहा कि बिहार लघु उद्यमी योजना का लाभ शेष लाभुकों को शीघ्र प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।

# अब समिति करेगी गांधी मैदान गया की देखरेख


निज संवाददाता। गया

गया गांधी मैदान की देखरेख अब समिति करेगी। डीएम ने रख रखाव का मसौदा प्रधान सचिव को भेजा। गांधी मैदान, गया के विकास एवं रखरखाव के लिए डीएम डॉ० त्यागराजन ने गांधी मैदान विकास समिति का प्रस्ताव प्रधान सचिव खेल विभाग को भेजा है। पटना गांधी मैदान की तर्ज पर गया गांधी मैदान के मेंटेनेंस के लिए कमेटी गठन के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। जिला प्रशासन का कहना है कि वर्तमान में किसी प्रकार का भी मेंटेनेंस नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों के द्वारा गांधी मैदान में मॉर्निंग एव इवनिंग वाक किया जाता है। उन्हें काफी दिक्कत होती है। साथ ही विभिन्न प्रकार के कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए, खेल एवं संस्कृति के विकास आदि कार्यों के लिए भी गांधी मैदान का उपयोग किया जाता है। ऐसी स्थिति में आम जन मानस को सुविधा मुहैया कराने एवं इसके समुचित रख रखाव की व्यवस्था और विकास की आवश्यकता महसूस की गई। संरचनाओं को बेहतर बनाने व डेली मेंटेनेंस की आवश्यकता है। इसी क्रम में समिति के इस प्रस्ताव के अंतर्गत शासी निकाय एवं कार्यपालक समिति के गठन का प्रस्ताव आदर्श उपविधि के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराया गया है। शासी निकाय के अध्यक्ष प्रमंडलीय आयुक्त, मगध प्रमंडल होंगे जबकि कार्यपालक समिति के अध्यक्ष जिला पदाधिकारी गया होंगे। भेजे गए मसौदे में गांधी मैदान के निरन्तर रख रखाव के लिए कार्यपालक समिति को 5 लाख तक की राशि एक बार में खर्च करने के लिए प्राधिकृत करने का प्रस्ताव है। 5 लाख से ऊपर के खर्च की स्थिति में भवन निर्माण विभाग से कार्य करवाने का प्रस्ताव दिया गया है। आदर्श उपविधि एवं समिति के गठन का प्रस्ताव खेल विभाग को उपलब्ध कराया गया है। खास बात यह है कि डीएम डॉ० त्याग राजन द्वारा इसके त्वरित क्रियान्वयन के लिए व्यक्तिगत रूप से फॉलोअप किया जा रहा है। ताकि जल्द से जल्द उक्त प्रस्ताव अनुमोदन हो जाये।

## फाइलेरिया रोधी दवा सेवन के लिए घर-घर जागरूकता अभियान

# विश्व स्वास्थ्य संगठन ने किया निरीक्षण, दो प्रखंडों का भ्रमण कर स्वास्थ्य कर्मियों से की मुलाकात

निज संवाददाता। गया





गया जिले में फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में चलाए गए सर्वजन दवा सेवन अभियान की स्थिति की जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन के वरीय अधिकारियों ने ली है। मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेशनल प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. कमलाकर लश्कर ने जिला में सर्वजन दवा सेवन अभियान की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जिले के दो प्रखंडों का भ्रमण कर स्वास्थ्य कर्मियों से मुलाकात की। दवा सेवन कार्य का निरीक्षण किया।

**घर-घर लोगों को जागरूक किया जा रहाः** डॉ. कमलाकर लष्करे ने फतेहपुर के नारायणपुर गांव में ग्रामीणों से मुलाकात कर दवा सेवन करने के बारे में जानकारी ली। कई ग्रामीणों ने बताया कि दवा का सेवन किया गया है। वहीं, आशा ने जानकारी दी कि लोगों ने दवा का सेवन किया गया है। कई लोगों ने दवा खाने से इनकार भी किया है। उन्हें समझा बुझा कर दवा का सेवन कराया गया है। घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा।

**फाइलेरिया मरीजों से की मुलाकातः** डॉ. कमलाकर लष्करे ने इस दौरान सदर प्रखंड के चाकंद स्थित मदन बिगहा में पेशेंट नेटवर्क समूह के सदस्यों से मुलाकात कर हाथीपांव से बचाव और प्रभावित अंगों की देखभाल पर बातचीत की, उन्होंने बताया कि नेटवर्क सदस्य दूसरे लोगों को दवा सेवन करने और जागरूकता लाने में मदद कर रहे हैं।

**मॉनिटरिंग कार्य बढ़ाने पर दिया बलः** डॉ. कमलाकर लष्करे ने भ्रमण के बाद सिविल सर्जन डॉ. रंजन कुमार सिंह और जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. एमई हक से मुलाकात की और सर्वजन दवा सेवन की स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करें। इसके लिए प्रखंडस्तर और जिलास्तर पर स्वास्थ्य पदाधिकारियों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जरूरत है। ताकि स्वास्थ्यकर्मी क्षेत्र में जाकर दवा सेवन कराने का काम जरूर करें। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें। इस मौके पर उनके साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. अरूण कुमार, स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था पीसीआई से अमरेश कुमार, सीफार के एसपीएम रणविजय कुमार, पीरामल से अभिनव कुमार, सीफार स्टेट को-ऑर्डिनेटर शिकोह अलबदर, डीसी जुलेखा फातिमा, चंदन मिश्रा, अमित कुमार सहित कई वरीय अधिकारी और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# ईवीएम कार्य स-समय पूर्ण करने का निर्देश

निज संवाददाता। नालंदा



## डीएम ने मास्टर ट्रेनर की प्रतिनियुक्ति करने दिया आदेश, इवीएम,वीवीपैट ले जाने वाले वाहनों में लगेगा जीपीएस

जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, नालंदा शशांक शुभंकर ने लोकसभा चुनाव का निर्वाचन स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से इवीएम/वीवीपैट कोषांग के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। नोडल पदाधिकारी इवीएम कोषांग द्वारा बताया गया कि ईवीएम फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। इवीएम/वीवीपैट के माध्यम से पारदर्शिता पूर्वक मतदान करने संबंधी जानकारी हेतु आम मतदाता के बीच हैंड्स ऑन जागरूकता कार्यक्रम चल रहा है।

**मास्टर ट्रेनर की करें प्रतिनियुक्तिः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इवीएम रेंडमाइजेशन 1/ 2, कमिशिनंग कार्य की पूर्व तैयारी हर हाल में की जाए,साथ ही इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के उद्देश्य से विधान सभावार जिला मास्टर ट्रेनर की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए।

**खराब एवं अनपोल्ड इवीएम को रखें सुरक्षितः** स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से मतदान संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को कमिशनिंग कार्यक्रम की पूर्व सूचना निश्चित रूप से देना सुनिश्चित करेंगे। खराब एवं अनपोल्ड इवीएम को अलग सुरक्षित स्टोर में रखेंगे। इवीएम, वीवीपैट ले जाने वाले वाहनों का जीपीएस टैगिंग, इवीएम की विस्तृत जानकारी हेतु जिला मास्टर रजिस्टर बनाना सुनिश्चित करेंगे।

**ईवीएम कार्य को स-समय करें पूर्णः** स्ट्रांग रूम, डिस्पैच सेंटर, हेल्प डेस्क सेंटर,पुलिस सुरक्षा व्यवस्था,मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्ति, सीसीटीवी कैमरे,डबल लॉक को लेकर पदाधिकारियों को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इवीएम से संबंधित कार्यो को ससमय पूर्ण करने के लिए यथा भवन,वाटरप्रूफ पंडाल, विद्युत, टेबल,पीने का पानी,सुरक्षा,वाहन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं वेंडर हर हाल में सुनिश्चित करेंगे।

# बुलेट में लगी आग,धू-धूकर जला

निज संवाददाता। गया


गया जिले के आमस थाना क्षेत्र अंतर्गत हेमजापुर में एक बुलेट बाइक में अचानक आग लग गई, बुलेट में आग लगने के बाद कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। वहीं, आग लगने के बाद बुलेट बाइक की टंकी भी जोरदार आवाज के साथ ब्लास्ट कर गया। हांलाकि, बुलेट में आग लगने और बुलेट की टंकी ब्लास्ट करने के दौरान किसी तरह की घटना नहीं घटी है। बुलेट में आग बुझने के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि शेरघाटी अनुमंडल के आमस थाना के हेमजापुर में एक बुलेट सवार युवक कुछ देर के लिए हेमजापुर मोड़ के सड़क मार्ग के किनारे एक चाय नाश्ते के होटल में नाश्ता के लिए रुका था। जब युवक ने अपनी बुलेट बाइक को स्टैंड पर लगाकर ढाबा में चला गया। जब वह चाय नाश्ता करने लगा, तभी कुछ देर के बाद अचानक उसकी बुलेट में आग लग गई। देखते हीं देखते बुलेट धूं-धूं कर जलने लगी, जब तक युवक और होटल वाले कुछ समझ पाते तब तक पेट्रोल से भरी बुलेट की टंकी तेज ब्लास्ट कर गया। आग पर काबू पाते-पाते वह पूरी तरह से जलकर राख हो गई। वही, बाइक मैकेनिक संतोष कुमार से आग लगने की वजह जानने की कोशिश की तो बताया कि बुलेट या और कोई बाइक में आग लगने की ज्यादा संभावना शॉर्ट सर्किट के कारण हीं होता है। उसका कोई ख़ास कारण नहीं होता।

बताया जाता है कि बुलेट सवार इमामगंज क्षेत्र के का रहने वाला है। घटना के संबंध में आमस थाना के थानाध्यक्ष आमस थाना के थानाध्यक्ष से बुलेट में आग लगने बारे में जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने कहा इस संबंध में उन्हें न तो कोई सूचना है और नहीं जानकारी है।

# 5 बाल श्रमिक कराए गए मुक्त, होटल और ढाबा पर केस दर्ज

निज संवाददाता। गया



गया। श्रम संसाधन विभाग के श्रम प्रवर्तन अधिकारी गुरुआ ने धावा दल के साथ गुरुआ बाजार के विभिन्न होटल, दुकान, प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है। गुरुआ बाजार स्थित नंदिनी स्वीट्स होटल में काम कर रहे दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। इसके बाद श्रवण फास्ट फूड चौउमीन दुकान, बस स्टैंड, गुरुआ से 3 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश कृष्णन गुरुआ के नेतृत्व में संयुक्त धावा दल का संचालन किया गया जिसमें श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बोध गया, गया सदर मानपुर, मोहनपुर, खिज़रसराई, टेकारी एवं प्रयास संस्थान के सीएसडब्ल्यू अजीत कुमार एवं गुरुआ थाना की पुलिस भी साथ में थी। नंदिनी स्वीट्स के मालिक सत्येन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं श्रवण फास्ट फूड के मालिक श्रवण कुमार के विरुद्ध बाल श्रम अधिनियम 1986 के अंतर्गत गुरुआ थाना में एफ़आइआर दर्ज भी कराई गई है। साथ ही सभी नियोजकों को बाल श्रमिक से कार्य नहीं कराने के लिए निर्देश दिया गया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राजेश कृष्णन ने बताया कि गुरुआ द्वारा सभी दोषी नियोजकों के विरुद्ध 20,000 रुपए का जुर्माना जमा करने का नोटिस भी निर्गत किया जाएगा। गौरतलब है कि श्रम संसाधन विभाग गया द्वारा हर हफ्ते बाल श्रमिक विमुक्ति के लिए होटलों और ढाबा के विरुद्ध धावा दल का संचालन किया जाता है। होटलों व ढाबों में काम कर रहे हैं बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया जाता है एवं उनका मुख्य धारा में पुनर्वास भी कराया जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल पहुंचे नालंदा, हिलसा और औंगारी सूर्य मंदिर में की विधिवत पूजा

निज संवाददाता। नालंदा



## कहा- यहां सूर्य भगवान पंचदेवता के साथ हैं विराजमान

सुप्रीम कोर्ट के जसिस्ट संजय करोल बुधवार को नालंदा जिला के हिलसा एवं औंगारी सूर्य मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि व मानव कल्याण की कामना की। हिलसा में मंदिर के पुजारी पंडित सौरव प्रकाश के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराया। इस दौरान उन्होंने मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी लिया और मन्दिर की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरे बिहार में ही नहीं बल्कि देश का यह मंदिर अपने आप मे अद्भुत और अलौकिक है। वही, चीफ जस्टिस के द्वारा पूछे जाने पर सूर्य मंदिर पुजारी सौरभ पांडेय ने बताया कि सूर्य मंदिर द्वापर कालीन है और कुष्ट रोग निवारणार्थ, सूर्य महादशा और बुध के मृत्युकारक मारकेश में जो भी व्यक्ति सूर्य मंदिर मे षोडशोपचार पूजन कर्ता उसके सभी अरिष्टो का नाश हो जाता है। उस व्यक्ति के जीवन मे नव ऊर्जा का संचार हो जाता है, उसकी समस्त मनोकामना पूर्ण हो जाती है। सूर्य मंदिर के गर्भगृह मे सूर्य नारायण सूर्य पंचायतन के साथ विराजमान है। जिसमें श्रीगणेश, गौरी, हनुमान, शिव, विष्णु देवता होते है। यही पंच देवता के पुजा से तैतीस कोटि देवताओं की पुजा हो जाती है। अधिवक्तागण के साथ बातचीत में न्यायधीश ने इसी विषयों को रखते हुए मंदिर की प्राचीनता और उसके महत्व को रेखांकित किए। उन्होंने बताया जब वे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस थे। हिलसा पहली बार आए थे। जिसमें उन्होंने तालाब और मंदिर का प्रथम दर्शन किया था। सभी तीर्थ धाम का दर्शन किया, लेकिन यह अद्वितीय सूर्य मंदिर नवग्रह मे ग्रहराज सूर्य भगवान पंचदेवता के साथ विराजमान है। जो अत्यंत विशिष्ट है। मुझे भी यहां पुजा से शांति मिला और मनोकामना पूर्ण हुई। इससे पहले अधिवक्ता संघ और गण्यमान लोगों के द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। न्यायधीश संजय करोल का लक्ष्य है कि वह बिहार के सभी जिलों में जाकर पूजा पाठ करें। अब तक वे 22 जिलों के मंदिरों में पूजा पाठ कर चुके हैं। इस मौके पर मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, नागेंद्र कुमार, अनिल कुमार, अमरेंद्र नाथ विश्वास, आर्यन आर्क आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 8 मार्च को हिंदू जागरण मंच निकालेगा शिव बारात

**आरा।** हिंदू जागरण मंच की बैठक बहिरो में हुई। जिसकी अध्यक्षता हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिन्हा ने किया। बैठक में 8 मार्च महाशिवरात्रि के दिन होने वाले शिव बारात को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया और आरा शहर में बहुत धूमधाम से निकलने वाले शिव बारात के प्रचार प्रसार के लिए प्रचार वाहन रवाना किया गया। बैठक में हिंदू जागरण मंच के प्रदेश सहसंयोजक सोना लाल समेत कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सड़क किनारे खड़ी महिला को ट्रक ने रौंदा





**आरा।** बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के पीरो बाजार पर मंगलवार को अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी पटना निवासी महिला को कुचल दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतका पटना जिला के परसा थाना क्षेत्र के परसा बाजार निवासी कृष्णा कांत की 36 वर्षीय पत्नी सिंकु कुमारी है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पीरो बाजार में शव को रख सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम के दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने टायर जलाकर आगजनी भी की। करीब डेढ़ घंटे तक आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम रखा। पुलिस के समझान के बाद मामला शांत हुआ जाम की सूचना पाकर पीरो थानाध्यक्ष सुबोध कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटाया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मौके से उक्त ट्रक को भी जब्त कर लिया है। सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। इधर मृतका के पति कृष्णा कांत ने बताया कि वह तीन दिन पूर्व अपने रिश्तेदार सज्जू कुमार के बेटे की शादी में सासाराम गई थी। मंगलवार की शाम वह उनके बहनोई के साथ ट्रेन से पीरो स्टेशन उतरी। इसके बाद जगदीशपुर थाना क्षेत्र के ऐयार गांव अपनी ननद सरिता की गोतनी की बेटी की शादी में जाने के लिए गाड़ी पकड़ने उनके बहनोई के साथ पीरों बाजार पर सड़क किनारे खड़ी थी। उसी दौरान अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें कुचल दिया।

### बीमारी के बहाने बाहर आए नहीं तो जेल में रहते, अश्विनी चौबे ने इशारों में किया लालू पर हमला



**बक्सर।** मंगलवार को बक्सर पहुंचे केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने विपक्ष पर सियासी वार किया। उन्होंने बिना नाम लिए राजद सुप्रीमो लालू यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि जो नकली हैं, भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं, जेल से बाहर आते जाते रहते है। कोर्ट की दया पर बीमारी का बहाना बना बाहर घूम रहे हैं। नही तो जेल में ही सड़ जाते। जो अब एक वार्ड का भी चुनाव नही लड़ सकते हैं ।वैसे नकली लोग देश के प्रधानमंत्री को हिंदू मुस्लिम का सर्टिफिकेट बांट रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री हिंदू हैं कि नहीं उसका प्रमाणपत्र ये नकली लोग देंगे। उन्होंने आगे कहा कि जिनको केवल अपना बेटी,बहू,बेटा परिवार की चिंता है। वो देश को क्या जानेगा। मुस्लिम भी सनातनी है आगे उन्होंने कहा कि मुस्लिम भी सनातनी हैं। ये भी भारतीय हैं। सिक्ख, ईसाई ,जैन बुद्ध ये सभी भारतीय सनातनीय हैं।लेकिन कुछ लोग देश को तोड़ने का साजिश कर रहे हैं।जातियों से जातियों को लड़ाने और लोगो को विखंडित करने का कार्य कर रहे हैं।बता दे की तीन मार्च को पटना में रैली के दौरान लालू यादव ने कहा था की नरेंद्र मोदी हिंदू नहीं हैं।

### आईटीआई करने वाले युवक-युवती को फ्री में मिलेगा टूल किट



**बक्सर।** बक्सर जिला के युवाओं के लिए एक अच्छी खबर है। श्रम संसाधन विभाग की ओर से विभिन्न ट्रेड में आईटीआई करने वाले युवाओं के लिए टूल किट योजना लाई गई है। जिला नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी ने बताया कि टूल किट योजना के लिए आवेदन लिया जा रहा है। इसकी अंतिम तिथि 14 मार्च 2024 है। यह योजना पूरी तरह से फ्री है। योजना का लाभ लेने के लिए पुरूष और महिला उम्मीदवार जिला नियोजनालय में आवेदन दे सकते है। यह लाभ बिहार सरकार या केन्द्र सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थानों से विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण लेने वाले लोगों को मिल सकेगा। इसके अलावा उम्मीदवार जिला का निवासी हो, उम्र 18-35 साल के बीच हो और वार्षिक आय अधिकतम 1 लाख 80 हजार होनी चाहिए। बता दे कि आवेदन मिलने के एक सप्ताह के अंदर टूल किट उपलब्ध कराया जाएगा।

### प्रेमिका से मिलने घर पहुंचा प्रेमी, ग्रामीणों ने कराई शादी, 6 माह से चल रहा था प्रेम



**बक्सर।** कैथहर कला पंचायत के खोरइठा गांव में प्रेमी को प्रेमिका के घर में ग्रामीणों ने पकड़ लिया। मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र सिंह ने बताया कि युवक रोहतास जिला के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र का निवासी है। देर रात वह प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। इसके बाद लोगों ने उसे पकड़ लिया। जब दोनों से बात की गई तो पता चला कि दोनों लोग एक दूसरे से प्रेम करते है। इसलिए मामले को समझते हुए परिजनों से बात कर दोनों बालिग युवक और युवती की शादी करा दी गई। हालांकि लड़के के पिता चाह रहे थे कि उन्हें कुछ समय दिया जाए ताकि शादी अच्छे से हो सके। खैर ग्रामीणों के दबाव पर पहले कोर्ट मैरिज की प्रक्रिया पूरी कराई गई और फिर रामरेखा घाट के पास हनुमान मंदिर में दोनों की शादी करा दी गई। बता दे कि युवक ने बताया कि 6 महीने से दोनों एक दूसरे को जान रहे है।

# शादी के 4 महीने बाद हत्या की कोशिश

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में एक बहू ने ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या की कोशिश का आरोप लगाया है। गंभीर हालत में महिला का इलाज चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसकी मौसी सास ने उसे जमीन पर पटका और उसकी सास और दोनों ननदों ने उसे जहर पिला दिया। दोनों की शादी को 4 महीने ही हुए थे। मुफस्सिल थाने की पुलिस ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। महिला को उसके पहले पति ने छोड़ दिया था। उसका किसी और से चक्कर था। उसने दूसरी शादी कर ली। जिसके बाद पीड़ित महिला का भी किसी दूसरे लड़के से अफेयर हो गया। दोनों पति-पत्नी की तरह रहने लगे। बाद में उसने भी पीड़ित महिला को छोड़ दिया। पीड़िता ने एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों की थाने में शादी करा दी। पर दूसरे पति के ससुराल वाले उसे रखने को तैयारी नहीं हो रहे थे। जहर देकर पीड़िता को मारने की कोशिश की। आरोपी पक्ष के सभी लोग फरार हैं। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव का है।

**बहन के ससुराल में दूसरे पति से हुई मुलाकातःइ** पीड़िता मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी कन्हैया चौधरी की 30 वर्षीय पत्नी चुनमुना देवी है। चुनमुना देवी ने बताया कि उसकी बड़ी बहन गीता देवी की भी शादी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव में हुई है और उसकी भी शादी 10 साल पहले सारंगपुर गांव के राम अयोध्या चौधरी से हुई थी। शादी के बाद से ही उसके पहले पति का किसी और लड़की के साथ चक्कर चल रहा था। शादी के 5 साल बाद उसने उसे छोड़ दिया और उसने दूसरी शादी कर ली थी।बड़ी बहन गीता देवी के घर कन्हैया चौधरी का आना-जाना था और वह भी अपने बड़ी बहन के ससुराल आती-जाती थी। उसी दौरान दोनों के बीच संपर्क हुआ और देखते ही देखते दोनों की मुलाकात प्रेम में बदल गई।

**दूसरा पति पीड़िता को सिकंदराबाद ले गया थाः** कन्हैया चौधरी (दूसरा पति) ने कहा था कि तुम्हारे पति ने तुम्हें छोड़ दिया तो क्या हुआ। मैं तुम्हें रखूंगा और मैं तुम्हारा खर्चा चलाऊंगा। वह उसे हैदराबाद के सिकंदराबाद ले गया। कुछ माह बाद कन्हैया सिकंदराबाद में ही उसे छोड़कर भाग निकला। पीड़िता वापस सारंगपुर गांव लौटी और मुफस्सिल थाना में उसके खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई। मुफस्सिल थाना की पुलिस ने थाना में ही उन दोनों का शादी करा दी।



**परिवार वाले घर में रखने को तैयार नहीं थेः** कन्हैया चौधरी की मां और घर वाले उसे कहते थे कि तू पहले से शादीशुदा है। इसलिए मैं तुझे घर में नहीं रहने दूंगी। इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद चल रहा था। पांच दिन पहले उसी विवाद को लेकर गांव में पंचायती भी हुई थी, लेकिन उस दौरान कन्हैया चौधरी के परिवार वालों ने कहा था हम इसे घर में नहीं रहने देंगे। मंगलवार को कन्हैया चौधरी की मां और परिवार के अन्य लोगों ने उसे मारने की कोशिश की।

**लड़के की मां, मौसी और दो बहनों पर आरोपः** स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुफस्सिल थाना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस सारंगपुर गांव पहुंची और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आई। परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे। वहीं दूसरी ओर महिला चुनमुना देवी ने अपने दूसरे पति कन्हैया चौधरी की मां, मौसी और दो बहनों पर जबरन जहर पिलाने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## बड़ौरा के 12 में से 11 सदस्यों ने उपमुखिया को हटाया

निज संवाददाता। गड़हनी

ग्राम पंचायत के सदस्यों का विश्वास खोने के बाद बड़ौरा पंचायत के वार्ड संख्या 3 की वार्ड सदस्य सह उपमुखिया रेशमा परवीन को पद से हटना पड़ गया। उपमुखिया के खिलाफ मंगलवार को अविश्वास-मत का प्रस्ताव पारित हो गया। उपमुखिया की कार्यशैली से असंतुष्ट पंचायत के 19 वार्ड सदस्यों मे से 11 सदस्यों ने उनके खिलाफ मतदान कर उनकों पद से बेदखल कर दिया। इस आधार पर रेशमा परवीन अब उपमुखिया नहीं रह गई हैं। इस पद के लिये अब नया चुनाव कराया जाएगा। अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान पर्यवेक्षक सह उप समाहर्ता मोइजिया के उपस्थिति में कराई गयी। अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के लिये 19 वार्ड सदस्यों में से 11 वार्ड सदस्य उपस्थित थे। नियमावली के अनुसार पर्यवेक्षक ने सभी उपस्थित वार्ड सदस्यों से गुप्त मतदान कराया। सभी उपस्थित 11 वार्ड सदस्यों ने उपमुखिया को हटाने के पक्ष में मतदान किया।



पर्यवेक्षक मोइजिया ने बताया कि उप मुखिया को पद से से हटाने के लिये 11 वार्ड सदस्यों का खिलाफ में मतदान होना जरूरी है। अब इसकी कार्यवाही निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा। निर्वाचन आयोग इस अविश्वास पर मान्यता की मुहर लगाएगा। उसके बाद बड़ौरा पंचायत में उपमुखिया बनाने के लिये तारीख तय की जाएगी। वार्ड सदस्य रोहित कुमार के नेतृत्व में 11 सदस्यों का समर्थन गौरतलब हो कि वार्ड संख्या- 11 के वार्ड सदस्य रोहित कुमार के नेतृत्व में 12 वार्ड सदस्यों ने द्वारा उपमुखिया के ऊपर कई तरह के आरोप लगाते हुए पिछले सप्ताह पंचायत सचिव प्रदीप कुमार व मुखिया कलावती देवी को अविश्वास प्रस्ताव कराने के लिये आवेदन दिया था।

## कुलचसचिव ने कहा- राजभवन का आदेश कर रहे थे पालन

निज संवाददाता। आरा

बिहार के शिक्षा विभाग के उप निदेशक दीपक कुमार सिंह के आदेश पर वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी के कुलपति, कुल सचिव और परीक्षा नियंत्रक के विरुद्ध प्राथमिकी के लिए संबंधित थानों में जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा आवेदन दिया गया है। इसके साथ ही बिहार के 13 यूनिवर्सिटी के कुलपति, कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए संबंधित थाना में आवेदन जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा दिया गया है। जानकारी के अनुसार, 28 फरवरी को शिक्षा विभाग के द्वारा एक बैठक बुलाई गई थी। जिसमें बिहार के तमाम यूनिवर्सिटी के कुलपति, कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक को बुलाया गया था। लेकिन ये सभी बैठक में शामिल नहीं हुए थे। जिसके बाद उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय के बैंक खाते के संचालन पर रोक लगाते हुए कुलपति एवं कुलसचिव से शिक्षा विभाग की बैठक में शामिल नहीं होने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था। उत्तर नहीं मिलने पर प्राथमिकी कराने का निर्देश दिया गया है। हालांकि, अभी तक आवेदन के आधार पर किसी थाने में प्राथमिकी नहीं की गई है। भोजपुर (आरा) के डीईओ अहसन ने नवादा थाने में वीर कुंवर सिंह वि. के कुलपति प्रो. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी, कुल सचिव प्रो. रणविजय कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनवर इमाम पर प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है। मामले की जानकारी देते हुए प्रो. रणविजय कुमार ने बताया कि 28 फरवरी को शिक्षा विभाग में एक बैठक था, लेकिन राजभवन के आदेशानुसार शिक्षा विभाग की किसी बैठक में जाने की अनुमति नहीं थी। जिस वजह से बैठक में शामिल नहीं हुए। कुलपति ने कहा कि FIR होने के बाद देखा जायेगा। राज्यपाल महोदय के आदेश का पालन कर रहें थे।




**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. केपीए/ईजी/ओटी–07/23–24, दिनांक 04.03.2024,** उप मुख्य विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, काँचरापाड़ा वर्कशॉप, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन 743145 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सुदृढ़ वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त, प्रतिष्ठित और अनुभवी सरकारी लाइसेंसप्राप्त विद्युत ठेकेदारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. : केपीए/ईजी/ओटी–07/23–24, कार्य का नामः** विद्युत साधारण परिसंपत्तियों की निगरानी एवं नियंत्रण के लिए आईओटी डिवाइसेस का प्रावधान। **निविदा का अनुमानित मूल्य :** रु. 3,32,17,736/–, **बयाना राशिः** रु.3,16,100/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **कार्य की समापन अवधि :** 1 वर्ष। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 27.03.2024 को 14.00 बजे। निविदा और कागजात की संपूर्ण जानकारी एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से देखे एवं प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से **दिनांक 27.03.2024 के अंदर 14.00 बजे** जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव जमा किए जाने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
MISC-266/2023-24
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


## बक्सर सांसद ने जनता के साथ की धोखाधड़ी, बासपा प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार बोले- विकास कहीं से भी उनके एजेंडे का हिस्सा नहीं

निज संवाददाता। आरा




बक्सर में बुधवार की दोपहर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी ने स्थानीय सांसद पर सियासी हमला बोला है। बक्सर जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि वर्तमान सांसद ने पिछले दस सालों में केवल बक्सर की जनता के साथ धोखाधड़ी की है। विकास कहीं से भी उनके एजेंडे का हिस्सा नहीं है। कल किए गए विकास कार्यों के शिलान्यास पर बोलते हुए उन्होंने ने कहा कि पिछले पांच सालों में ये काम क्यों शुरू नहीं हुए? आज जब चुनाव सिर पर आ गए तब उन्हें विकास कार्यों की सुध आई है, पर जनता अब उनका सच जान चुकी है। आगामी चुनावों में जनता उन्हें जवाब देगी।

**ओवर ब्रिज का वादा कर फुट ओवर ब्रिज का किया शिलान्यासः** इटाढी रेलवे ब्रिज का उल्लेख करते हुए अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि सांसद ने ओवर ब्रिज का वादा करके फुट ओवर ब्रिज का उद्घाटन कराया। बक्सर में खस्ता हाल स्वास्थ्य सुविधाओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए सांसद ने कभी भी बक्सर की स्वास्थ्य सुविधाओं के ऊपर ध्यान नही दिया। विकास के बारे किए गए सवाल का जवाब देते हुए अनिल कुमार ने कहा कि सांसद के द्वारा गोद लिए गए बड़ोरा गांव की हालत ही जब बिल्कुल खस्ता हाल है, तो बाकी क्षेत्र के बारे में क्या चर्चा की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सांसद कहते हैं कि जो उनका विरोध करेगा वो मिट्टी में मिल जायेगा। ये बयान बक्सर की आम जनता का अपमान है। बक्सर की जनता अपना ये अपमान नही सहेगी और वो इस बार जनता के हितों का विरोध करने वालों को मिट्टी में मिलाने का काम करेगी।

## सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने मां आरण्य देवी मंदिर में की पूजा



निज संवाददाता। आरा

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरविंद पांडेय ने मां आरण्य देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। मां आरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव अरविंद पांडेय ने मां आरण्य देवी की फोटो देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान आरक्षी अधीक्षक, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कई न्यायाधीश व न्यायिक दंडाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक और जिला प्रशासन के अधिकारी, पूर्व वार्ड पार्षद अशोक सिंह उपस्थित थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**अधिसूचना**

रेलवे द्वारा **हसन बाजार हॉल्ट** स्टेशन पर निम्नलिखित ट्रेनों को ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। विवरण समय इस प्रकार हैः–

| ट्रेन सं. एवं नाम | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | से प्रारंभ |
|---|---|---|---|---|
| 03611 पटना–सासाराम पैसेंजर स्पेशल | हसन बाजार हॉल्ट | 18:33 | 18:34 | 09.03.2024 |
| 03612 सासाराम–पटना पैसेंजर स्पेशल | | 07:47 | 07:48 | 09.03.2024 |
| 03671 आरा–सासाराम मेमू स्पेशल | | 08:04 | 08:05 | 09.03.2024 |
| 03672 सासाराम–आरा मेमू स्पेशल | | 11:26 | 11:27 | 09.03.2024 |
| 03673 पटना–सासाराम मेमू स्पेशल | | 14:36 | 14:37 | 08.03.2024 |
| 03674 सासाराम–पटना मेमू स्पेशल | | 19:13 | 19:14 | 08.03.2024 |

विस्तृत जानकारी के लिए–www.enquiry.indianrail.gov.in/ NTES APP
पीआर/02472/एचक्यू/एन/2023–24/49 मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक, पूमरे/हाजीपुर



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 05.03.2024,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1. निविदा सं.: टीएन–187–23–24, कार्य का नामः** सहायक अभियंता/बारासात के कार्य क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सेस मरम्मत/सब–बैंक द्वारा बैंक (तट) का पुनरुद्धार कार्य एवं सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.2,21,58,527/– **बयाना राशि :** रु. 2,60,800/–. **क्रम सं. 2. निविदा सं.: टीएन–193–23–24, कार्य का नामः** (i) हासनाबाद में–वरिष्ठ शाखा अभियंता/बारासात के अधीन सभी अनुषंगी कार्यों के साथ गार्ड और ड्राइवर के लिए रनिंग रूम हेतु ईआई बिल्डिंग के ऊपर अतिरिक्त फ्लोर का प्रस्तावित निर्माण और (ii) वरिष्ठ मंडल अभियंता[II]/सियालदह के अधीन विभिन्न पे. वे यूनिटों में ट्रैक रखरखाव के लिए टूल बॉक्स के साथ गैंग हट कम रेस्ट रूम (02 अदद) का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.64,04,635/–, **बयाना राशि :** रु. 1,28,100/–. **क्रम सं. 3. निविदा सं.: टीएन–194–23–24, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता[II]/सियालदह के क्षेत्राधिकार में सहायक अभियंता/बारासात के अधीन बारासात–बनगाँव शाखा में एल.सी. गेट नं. टी/26, टी/27, टी/28, बनगाँव–रानाघाट शाखा में एल.सी. गेट नं. टी/23, बारासात–दमदम कैंट. शाखा में एल.सी. गेट नं. ई/11 और बारासात–हासनाबाद शाखा में एल.सी. गेट नं ई/1, ई/6, टी/52 में मास्टिक एस्फॉल्ट सरफेसिंग प्रदान करते हुए सड़क सतह की उन्नति (कुल=08 अदद)। **निविदा मूल्य :** रु.1,56,73,351/–, **बयाना राशि :** रु. 2,28,400/–. **क्रम सं. 4. निविदा सं.: टीएन–195–23–24, कार्य का नामः** सहायक अभियंता/बारुईपुर/सियालदह के क्षेत्राधिकार में वरिष्ठ शाखा अभियंता (वर्क्स)/सोनारपुर के अधीन विभिन्न स्थानों पर सेस मरम्मत/सब–बैंक द्वारा बैंक (तट) का पुनरुद्धार कार्य एवं सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.5,83,28,434/–, **बयाना राशि :** रु. 4,41,700/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 01.04.2024 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक हेतु)। **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह (क्रम सं. 1 एवं 3 प्रत्येक हेतु), 08 माह (क्रम सं. 2 हेतु) और 18 माह (क्रम सं. 4 हेतु)। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेल मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्त के अनुसार निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 01.04.2024 को 15.30 बजे है।
SDAH-406/2023-24
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पहुंचाया गया अस्पताल

# टैंकर और बारातियों से भरी बोलेरो की टक्कर में दो लोगों की मौत, छह घायल



निज संवाददाता

**आरा (भोजपुर)**। आरा-बक्सर एनएच पर बुधवार की सुबह टैंकर और बारातियों से भरी बोलेरो की टक्कर हुई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज चल रहा है। घटना बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया चौरस्ता की है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम यूपी के बलिया से आरा बारात आई थी। बुधवार सुबह बारात लौट रही थी। इसी दौरान हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और टैंकर को जब्त कर लिया। मृतकों में बलिया जिले के हल्दी थाना क्षेत्र के हल्दी गांव निवासी वैभव कुमार (24) और सभापति राम (42) है। सभापति राम पेशे से किसान थे। वहीं, वैभव कुमार मजदूर था और राजस्थान के जयपुर में प्राइवेट कंपनी में काम करता था। घायलों में दुबहर थाना क्षेत्र के व्यासी गांव के रहने वाले ओम प्रकाश, शत्रुघ्न कुमार, बक्सर जिले के सिमरी थाना क्षेत्र के खरहा ताड़ गांव निवासी नंदजी पासवान और बलिया जिले के तीन अन्य लोग शामिल हैं। मृतक वैभव कुमार के पिता नंद कुमार राम ने बताया कि मंगलवार की शाम गांव से बारात भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भकुरा गांव गई थी। बुधवार की सुबह सभी लोग वापस बलिया लौट रहे थे। उसी दौरान बिहिया चौरस्ता के पास सामने से आ रहे टैंकर से टक्कर हो गई। मृतक के पिता ने कहा कि हादसे में सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बिहिया पीएचसी पहुंचाया गया, जहां मेरे बेटे वैभव कुमार और ग्रामीण सभापति राम को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवाया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। वहीं, घायल ओम प्रकाश, शत्रुघ्न कुमार, नंदजी पासवान को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, तीन घायल इलाज के लिए बलिया ले जाया गया।

## घर से कुछ ही दूरी पर युवक की गोली मारकर हत्या, दो अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता



**कटिहार**। कटिहार में कोढ़ा से भाजपा विधायक कविता पासवान के भतीजे नीरज पासवान (35) की हत्या कर दी गई। गोली आंख और सीने में लगी है। बुधवार की सुबह साढ़े 8 बजे दो बदमाशों ने नीरज को घर से कुछ दूरी पर ही गोली मारी। इस मामले में लोगों ने दो बदमाशों को खदेड़ कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। गोली लगने के बाद इलाज के लिए नीरज को आनन-फानन में कटिहार मेडिकल अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना संग्राम चौक के पास की है। बताया जा रहा है कि नीरज की हत्या के लिए ओडिशा से शूटर बलाया गया था। पुलिस ने शूटर आलोक कुमार को गिरफ्तार किया है। नीरज सिलीगुड़ी में रेल से जुड़े कॉन्ट्रैक्ट का काम भी करता था। पुलिस और स्थानीय सूत्र इस घटना को रेल कॉन्ट्रैक्ट के विवाद से भी जोड़ कर देख रहे हैं। पुलिस फिलहाल कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। एसपी जितेंद्र कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मृतक नीरज पासवान की भी आपराधिक छवि थी और वह पूर्व मेयर शिवराज पासवान हत्याकांड में आरोपी था जो कि हाल ही में जेल से छूटकर बाहर निकाला था। नीरज पासवान को नगर थाना क्षेत्र के संग्राम संघ चौक के ड्राइवर टोला के पास गोली मारी गई है। घर से ही निकलते ही पहले से घात लगाए शातिर अपराधी ने नीरज को गोली मारी है। गोली सीने और आंख में लगी। कटिहार के पूर्व मेयर शिवराज पासवान की दिनदहाड़े हत्या 2021 में हुई थी। इस मामले में पुलिस ने 11 लोगों पर नामजद FIR की थी। दो मुख्य आरोपियों में एक नीरज पासवान भी था। नीरज फिलहाल 8 महीने से बेल पर बाहर था।

# जेवर दुकान से 15 लाख की चोरी

- दुकान का शटर और चैनल गेट काटकर घुसे चोर
- सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

निज संवाददाता



**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर जिले में चोरों ने फिर एक ज्वेलरी शॉप को अपना निशाना बनाया है। जहां, पानापुर ओपी के फसिहरवा चौक पर ताला तोड़ कर ज्वेलरी शॉप के अंदर घुसे आधा दर्जन अपराधियों ने 15 लाख से अधिक की ज्वेलरी की चोरी की गई है। जिसके बाद चौक के दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। पूरा मामला पानापुर ओपी के फसीहरवा चौक का है। जहां देर रात करीब आधा दर्जन चोरों ने चौक पर स्थित प्रिंस ज्वेलर्स के दुकान का ताला तोड़कर करीब 15 लाख रुपए मूल्य के सोने और चांदी के सामान के बने आभूषण की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं, मामले को लेकर पीड़ित दुकानदार शिवनाथ साह ने बताया कि रोज की तरह वो दुकान बंद कर वह घर चलें गए। जिसके बाद देर रात चोरों के द्वारा उनके दुकान से तकरीबन 15 लाख रुपए मूल्य के आभूषण के सामान के चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। दुकान में आगे से शटर और चैनल गेट को काटकर चोरों ने दुकान के भीतर प्रवेश किया है। दुकान में हुई चोरी की पूरी जानकारी पीड़ित दुकानदार द्वारा स्थानीय पानापुर करियात ओपी को दी गई है। जिसके बाद मौके पर पानापुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं, चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हुई है। जहां स्थानीय पुलिस मामले की जांच को लेकर दुकान में लगे डीवीआर को अपने साथ ले गई है। इस संबंध में डीएसपी पश्चिमी अभिषेक आनंद ने बताया कि इस चोरी के संबंध में पुलिस टीम को एक लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। जिसके आलोक में पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। दुकान में हुए चोरी के दौरान पुलिस को दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे से कई अहम सुराग भी हाथ लगे है। जिनके आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## इंस्पेक्टर सहित 15 पुलिस कर्मी सम्मानित

**जमुई (नि.सं.)**। जमुई के बरहट प्रखंड के मलयपुर पुलिस लाइन में बुधवार को बेहतर कार्य करने वाले इंस्पेक्टर सहित 15 पुलिस पदाधिकारी को मुजफ्फरपुर जोन के बीएमपी डीआईजी सफीउल हक ने सम्मानित किया। इस कार्यक्रम को लेकर बुधवार को पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले इंस्पेक्टर संतोष सिंह, बैगन सिपाही, कुक मैन सुनील कुमार, मनोहर कुमार, विनोद कुमार और मैगजीन बैरक में बेहतर कार्य करने वाले बीएमपी 11 सहित 15 पुलिस पदाधिकारी को इनाम की राशि और गुड सर्विस प्रोसेसिंग पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान डीआईजी सफीउल हक ने बताया कि बीएमपी 11 में बेहतर कार्य करने वाले इंस्पेक्टर पुलिस तथा अन्य कर्मियों का चयन किया गया था। जिसमें 15 को बेहतर कार्य करने पर उन्हें सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह बेहतर कार्य करने वाले जवानों को विभाग के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। ताकि जवानों का हौसला बुलंद रहे और वह बेहतर तरीके से अपने कार्य को मुकाम तक पहुंचाएं। वहीं इससे पहले उन्होंने मुख्यालय स्थित एक निजी होटल में पुलिस पदाधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। जिसमें बेहतर तरीके से कार्य करने व कई विषयों पर चर्चा की गई।

पूर्णिया जंक्शन स्टेशन से जीआरपी ने दबोचा, बंगाल से सहरसा लाई जा रही थी खेप

# 12 लाख की चांदी के साथ तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता



**पूर्णिया**। पूर्णिया से 18 किलो 400 ग्राम चांदी के जेवर के साथ एक बंगाल के तस्कर को पकड़ा गया है। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए शातिर तस्कर को पूर्णिया जंक्शन स्टेशन से जीआरपी की पुलिस ने धर दबोचा। पकड़े गए चांदी के जेवर की कीमत करीब 12 लाख बताई जा रही है। तस्कर चांदी के इस बड़ी खेप को कलकत्ता से लेकर सहरसा जा रहा था। हालांकि ये खेप आकाओं तक पहुंचाई जाती, इससे पहले ही जीआरपी ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया और चांदी की खेप को जप्त कर लिया है। पकड़े गए तस्कर की पहचान पश्चिम बंगाल के हुगली वेस्ट के हरिनकोला गांव निवासी मोनिरुल इस्लाम के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए जीआरपी के पूर्णिया जंक्शन के थाना अध्यक्ष ललन जायसवाल ने कहा कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक तस्कर बड़ी मात्रा में चांदी की खेप लेकर जा रहा है। जिसकी कीमत लाखों में है। मिली इनपुट पर जीआरपी हरकत में आई। जैसी ही हाटे बाजारे एक्सप्रेस पूर्णिया जंक्शन स्टेशन पर आकर लगी। जीआरपी ने सभी कोच की तलाशी लेनी शुरू की। तलाशी के क्रम में जीआरपी टीम ने हाटे बाजारे एक्सप्रेस ट्रेन के एसी बी2 कोच के 64 नंबर सीट पर बैठे एक संदिग्ध की तलाशी लेनी शुरू की। तलाशी के क्रम में सीट के नीचे से एक बैग पाया गया। जीआरपी ने जब संदिग्ध से बैग के बारे में जानकारी ली, तो संदिग्ध संतोषजनक जवाब देने में असमर्थ रहा। जिसके बाद बैग की तालाशी ली गई। बैग खोलते ही जीआरपी के जवानों के होश उड़ गए। बैग में 18 किलो 400 ग्राम चांदी का गहना पाया गया। जिसकी कीमत करीब 12 लाख रुपए आंकी जा रही है। वहीं चांदी के इस खेप के साथ जीआरपी ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। जीआरपी ने तस्कर के पास से उनके पास से 20 हजार रुपए कैश भी बरामद किया है। पकड़े गए तस्कर के पास कोई भी कागजात नहीं था। इसकी सूचना मिलते ही सेल्स टैक्स की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। वहीं, गिरफ्तार तस्कर ने बताया कि यह चांदी नकली है। इसमें आधा चांदी और आधा अन्य धातु मिला है। पूछताछ में तस्कर ने बताया है कि जब्त चांदी की खेप को वो कोलकाता से सहरसा लेकर जा रहा था। इस खेप को दुकानदारों के पास बेचना था। हालांकि, इसमें कितनी सच्चाई है, जीआरपी इसकी जांच कर रही है।

# एनडीए 40 सीटों पर जीत दर्ज करेंगी : मांझी

- 13 या 14 तक हो जाएगा मंत्रीमंडल विस्तार
- एक और मंत्री पर मिलने वाले सवाल पर भड़के मांझी
- NDA की बैठक में तय होगा सीट बंटवारा

निज संवाददाता



**पटना**। सीट शेयरिंग पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि एनडीए की बैठक होगी। उसमें तय होगा, कौन एलायंस कहां से चुनाव लड़ेगा। तेजस्वी के बयान पर जीतन मांझी ने कहा है कि कौन बड़ी बात है। वह अपना उम्मीदवार उतारे या हम अपना उम्मीदवार पहले उतारे। उनका लोकल पार्टी है, अकेले पार्टी है। हम 40 में 40 सीट जीतने वाले हैं। पहले तेजस्वी अपना उम्मीदवार उतारें। यह अच्छी बात है।

जीतन राम मांझी की पार्टी कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी इस पर मांझी ने कहा की जब तक बैठक नहीं होगी तब तक हम नहीं कह सकते। बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार के सवाल पर मांझी ने कहा कि कोई समय नहीं हो रहा कोई समय नहीं हो रहा। अभी जितने मंत्री हैं काम हो रहा। मुख्यमंत्री सरकारी कार्यक्रम के लिए विदेश जा रहे हैं। वहां से लौटेंगे तो 13, 14 तक तो अंदाज है कि मंत्रिमंडल विस्तार हो जाएगा। मंत्रिमंडल विस्तार में अपनी पार्टी को एक और मंत्री पद मिले इस सवाल पर जीतन राम मांझी ने भड़कते हुए कहा कि आपको बोलने से क्या मंत्री पद मिल जाएगा? जहां बात कहनी है वहां हम करेंगे, मीडिया में नहीं बोल सकते कुछ। चिराग पासवान के प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा नहीं करने के सवाल पर मांझी ने कहा कि चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी सब एनडीए के पार्ट हैं। लालू यादव के नरेंद्र मोदी के हिंदू नहीं होने के सवाल पर मांझी ने कहा कि इन सब पर अभी हम बात नहीं करेंगे।

## ट्रैक्टर चालक हत्या मामले में एक फरार आरोपी गिरफ्तार

**शेखपुरा (नि.सं.)**। अरियरी थाना की पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के करिहो गांव में छापेमारी कर ट्रैक्टर ड्राइवर मौत मामले में एक को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार राजवंशी ने बताया कि 21 अगस्त 2023 को एक विवादित भूमि की जुताई करने पर ट्रैक्टर चालक लक्ष्मण यादव की हत्या कर दी गई थी। परिजनों ने पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया था। इसमें करिहो गांव निवासी जगदीश यादव का बेटा सुरेंद्र यादव भी शामिल था। गुप्त सूचना पर छापेमारी कर उसकी गिरफ्तारी कर ली गई है। इसके अलावा फरार चल रहे 4 अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। बता दे कि मृतक अरियरी थाना क्षेत्र के धनौल खंधा का निवासी था। सभी आरोपियों ने लोहे के रॉड से पिटाई कर उसकी हत्या कर दी थी।

# रेलवे यार्ड में चोरी करते तीन गिरफ्तार

निज संवाददाता




**मुजफ्फरपुर**। ऑपरेशन रेल सुरक्षा अभियान के तहत आरपीएफ की विशेष निगरानी टीम ने रात्रि में बटलर और माड़ीपुर के बीच आउटर सिग्नल के समीप रेलवे के उपकरण और स्क्रैप लोहा की चोरी कर रहे तीन शातिर चोरों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि देर रात निगरानी टीम को सूचना मिली कि कुछ व्यक्तियों ने बटलर और माड़ीपुर के मध्य से रेलवे के विद्युत उपकरण और लोहा चोरी कर ले जाया जा रहा है। आरपीएफ की विशेष निगरानी टीम ने रेलवे यार्ड में छापेमारी की। इस दौरान रेलवे की संपत्ति को चुराते 4 लोगों को रेलवे यार्ड में देखा गया। तीन को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके पास से बरामद बोरा में रेलवे के विद्युत उपकरण और स्क्रैप लोहा और अन्य सामान भारी मात्रा में बरामद किया गया। एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। तीन शातिर चोरों की पहचान माड़ीपुर चौक निवासी मो. साजन (23), मोहम्मद सद्दाम (22), माड़ीपुर चौक निवासी मो. फैयाज (24) के रूप में हुई है। मौके के फरार होने वाले चौथे शातिर की पहचान काजी मोहम्मदपुर निवासी मो. गुड्डू के रूप में हुई है। गुड्डू की गिरफ्तारी को लेकर गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर स्थानीय थाना के सहयोग से उसके ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है। गुड्डू सभी ठिकानों से फरार पाया गया है। इस चोरी की वारदात में मौके से पकड़े गए तीनों गिरफ्तार अभियुक्त और फरार पर मामला पंजीकृत किया गया 1

## चोरी की छह बाइक के साथ पांच चोर गिरफ्तार

**गोपालगंज (नि.सं.)**। गोपालगंज के नगर थाना पुलिस ने विभिन्न क्षेत्र में चोरी की बाइक के साथ चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान माझागढ थाना क्षेत्र के डोमाहाता गांव निवासी नईम मियां के बेटा सोहैल अली, नगर थाना क्षेत्र के हजियापुर गांव निवासी अरमान आलम के बेटा मो० आरिफ, अवधेश कुमार के बेटा कृष्णा कुमार, नगर थाना क्षेत्र के सरेया वार्ड नं-2 निवासी मोहन राम के बेटा राजू कुमार राम,मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के सल्लेपुर गांव निवासी सम्सुद्दीन मियां के बेटा लालू मियां के रूप में हुई है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि नगर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की गोपालगंज रेलवे स्टेशन के शिव मंदिर के पास से 3,000 रूपया का इनामी बाइक चोर सोहेल अली सहित तीन बाइक चोर मौजूद है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल एक टीम गठित करते हुए छापेमारी की गई।

# शादी समारोह में दोस्त ने दोस्त के सीने में मारी गोली, घायल पिस्टल और तीन खोखे के साथ आरोपी गिरफ्तार



निज संवाददाता

**पूर्णिया**। पूर्णिया में शादी समारोह में दोस्त ने दोस्त के सीने में गोली मार दी। बताया जा रहा है कि शादी में बारात लगाए जाने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। फिलहाल घायल युवक को गंभीर हालत में GMCH में भर्ती कराया गया है। वहीं, वारदात की जानकारी मिलने के बाद पुलिस हरकत में आई। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। मौके से 3 खोखे भी बरामद हुए हैं। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सपनी बाजार के समीप की है। घायल युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अन्देली गांव निवासी त्रिवेणी सिंह है। फायरिंग करने वाला कटिहार जिले के हसनगंज थाना क्षेत्र सपनी गांव निवासी अभय सिंह उर्फ मुन्ना सिंह है। जिसके पास से 1 पिस्टल, 1 मैगजीन, 7.65 बोर की 2 गोली, जबकि मौके से 7.65 बोर की 3 खोखे बरामद किए गए हैं। सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि बीती रात सपनी बाजार के समीप शादी समारोह का कार्यक्रम था। इसी में बारात लगाने को लेकर दो दोस्तों में बहस हुई। ये बहस देखते ही देखते गाली-गलौज और हाथापाई में तब्दील हो गई।

इसी बीच अभय सिंह उर्फ मुन्ना ने पिस्टल निकाल अपने दोस्त त्रिवेणी सिंह के ऊपर गोली चला दी। इनमें से एक गोली त्रिवेणी सिंह के सीने में जा लगी। वहीं, बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। घटना के बाद लोगों ने फोन कर पुलिस को वारदात की सूचना दी। जिसके बाद मुफस्सिल थाना की पुलिस हरकत में आई और बदमाश के सपनी स्थित घर में छापेमारी की। हालांकि, छापेमारी के क्रम में बदमाश घर से फरार पाया गया। जिसके बाद टेक्निकल सेल की मदद ली गई और बदमाश के लोकेशन को ट्रेस किया गया। मिली इनपुट पर बभनी पोखर के समीप घेराबंदी करते हुए पुलिस ने अभय सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को धर दबोचा। तलाशी के क्रम में बदमाश के पास से पुलिस ने एक पिस्टल और दो लोडेड जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस की पूछताछ में बदमाश ने अपना जुर्म कबूल लिया है। पुलिस की तफ्तीश में पकड़े गए बदमाश का आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया है। फिलहाल हथियार के साथ गिरफ्तार बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## आर्म्स एक्ट और पॉक्सो अधिनियम में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता

**शेखपुरा**। केवटी थाना की पुलिस ने आर्म्स एक्ट और पॉक्सो अधिनियम मामले में फरार चल रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन तीनों की गिरफ्तारी अलग-अलग स्थानों से की गई है। थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि गंगटी गांव से आर्म्स एक्ट के मामले में 10 सालों से फरार आरोपी शैलेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया गया था। वहीं एक नाबालिग बालिका का अपहरण मामले में 4 माह से फरार चल रहे पॉक्सो अधिनियम का आरोपी राजू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी बैद्यनाथपुर गांव निवासी बद्री चौधरी का बेटा है। इसके अलावा डीह निजामत्त गांव में छापेमारी कर दलित उत्पीड़न के एक मामले में फरार चल रहे डोमन साव को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दे कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों को शेखपुरा जेल भेज दिया गया है।

मरीजों का नहीं कटेगा पूर्जा, भव्या ऐप के जरिए मिलेगा टोकन नंबर

# सीएम स्वास्थ्य डिजिटल योजना आज से होगी शुरू

निज संवाददाता



**समस्तीपुर**। समस्तीपुर जिले के कल यानी (गुरुवार) से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य डिजिटल योजना की शुरुआत की जा रही है। इस योजना के तहत अब मरीजों को ओपीडी में डॉक्टर से दिखाने के लिए काउंटर से पूजा कटाकर काउंटर-काउंटर घुमना नहीं होगा। काउंटर से सिर्फ उन्हें एक टोकन नंबर मिलेगा। जिसके जरिए वह डॉक्टर से दिखाने, जांच कराने और दवा लेने तक में मदद मिलेगी। बाद में जब मरीज हॉस्पिटल से जाने लगेंगे तो उन्हें उपचार की पूरी हिस्ट्री दी जाएगी। यह पूरी प्रक्रिया स्वास्थ्य कर्मियों को भाव्या एप के जरिए करना होगा। जिसको लेकर बुधवार को महासंघ स्थल पर कर्मियों को ट्रेनिंग दी गई। मौके पर स्वास्थ्य पदाधिकारी राजीव रंजन, मो. रेयाज, केशरी कुमार सिन्हा आदि भी मौजूद थे। मास्टर ट्रेनर राजीव रंजन, नितेश चौधरी, द्वारा समस्तीपुर पीएचसी से जुड़े एएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों को ऐप उपयोग की जानकारी दी गई। ट्रेनरों के द्वारा बताया गया कि किस तरह से मरीज अस्पताल आएंगे तो उनका टोकन नंबर जनरेट करना है। फिर एएनएम द्वारा मरीज का वजन, वीपी बीमारी से संबंधित जानकारी ऑन लाइन इंटरी करने के बाद डॉक्टर के पास भेजेंगी। जहां, डॉक्टर जांच लिखेंगे तो उसकी ऑन लाइन इंटरी करेंगे। फिर जांच कर्मी जांच करने के बाद ऑन लाइन रिपोर्ट इंटरी करने के बाद डॉक्टर के पास भेजेंगे। जहां डॉक्टर दवा ऑन लाइन लिखेंगे। जहां से मरीज अपना टोकन लेकर दवा काउंटर पर जाएंगे तो वहां फर्मासिस्ट मरीज से संबंधित पूरी हिस्ट्री मिलेगी। वह मरीज को दवा देने के बाद इसका प्रिंट आउट मरीज को देंगे। मुख्य अस्पताल जहां कंप्यूटर सेट है वहां तो पीसी से कार्य होगा। लेकिन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में भव्या एप से के जरिए ही डॉक्टर व नर्स को काम करना है। इसके लिए उन्हें सरकार द्वारा प्रदत टैब का उपयोग करना है। इस एप के जरिए कार्य होने से मरीजों की पूरी हिस्ट्री अस्पताल के पास उपलब्ध होगी। जिससे जरूरत पर कोई भी डॉक्टर खोल कर देख सकेंगे। जिले भर में एप को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को ट्रेनिंग दी गई।

## महिला के साथ छेड़खानी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बांका (नि.सं.)**। रजौन प्रखंड के एक गांव में घर के अंदर जाकर महिला के साथ छेड़खानी और मारपीट मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित महिला ने बताया कि मंगलवार की रात को वह घर में अकेली थी। उसी का फायदा उठाकर वह घर के अंदर आ गया था और छेड़खानी करने लगा। जब हल्ला किया तो मारपीट कर भाग गया। इससे पहले भी ऐसा कुछ करने की कोशिश कर चुका है। वहीं थानाध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर गांव में छापेमारी की गई।

# दो दिवसीय कृषि यांत्रिक मेला का आयोजन

निज संवाददाता

**लखीसराय**। लखीसराय सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को कृषि विभाग ने जैविक खेती एवं यांत्रिक उपकरण प्रदर्शनी को लेकर दो दिवसीय कृषि यांत्रिक मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डीएम रजनीकांत, एडीएम सुधांशु शेखर, डीडीसी कुंदन कुमार एवं डीएओं राजीव कुमार ने किया। मेले में स्टॉल लगाकर किसानों को यंत्रों की जानकारी दी जा रही है। जुताई के लिए पावर बिडर, फ्लोर मिल, पावर आपरेटर चाराकल, सेल्फ पफोपर रीपर, मिनी राइस मिल जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। प्रगतिशील किसान द्वारा जैविक खेती की प्रदर्शनी लगाई गई। फूल के पौधों का प्रदर्शन किया गया। मेले में पौधा संरक्षण, मौसम विभाग, भूमि संरक्षण, उद्यान विभाग, अग्रणी बैंक कृषि विभाग, मिट्टी जांच प्रयोगशाला, पशुपालन एवं आत्मा के अलग अलग स्टॉल लगाए गए हैं। जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि कृषि मेला के माध्यम से किसानों को नई तकनीकी की जानकारी दिया जा रहा है। बेहतर जैविक उत्पाद प्रदर्शन करने वाले किसान को पुरस्कृत किया जाएगा। स्टॉल पर केसीसी, किसान सम्मान निधि योजना पर आन स्पॉट काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि मशरुम की खेती में जिला लगातार आगे बढ़ रहा है। मेले में सीधे अनुदान की स्वीकृति भी दी जा रही है। कहां कि जल्द ही नई मुकाम हासिल करेंगे। इस मौके पर कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथि को कृषि विभाग ने पौधा देकर सम्मानित भी किया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## कांग्रेस की मुश्किल, असंतुष्टों ने नहीं मानी हार

हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनावों के दौरान हुई क्रॉसवोटिंग से उठा राजनीतिक तूफान शांत होने का नाम नहीं ले रहा। कांग्रेस आलाकमान के भेजे विशेष प्रतिनिधियों ने तो मेल-मिलाप कराने का प्रयास किया ही, स्पीकर ने बागी विधायकों के खिलाफ कार्रवाई भी कर दी। फिर भी कुछ है कि प्रदेश कांग्रेस में असंतोष की आग बुझ नहीं रही। दिलचस्प है कि सिर्फ एक राज्यसभा सीट वाले इस राज्य में ही राज्यसभा चुनावों ने सबसे ज्यादा अफरातफरी फैलाई। कांग्रेस विधायकों की क्रॉसवोटिंग की खबर आने के बाद इसकी वजहों के रूप में गिनाए जाने वाले मुद्दों की कोई कमी नहीं रही। लेकिन सारे मुद्दे तब हल हुए मान लिए गए जब हाईकमान के विशेष प्रतिनिधि - डीके शिवकुमार और भूपिंदर सिंह हुड्डा - ने सभी पक्षों से बातचीत करके मामला सुलझाने का दावा किया। क्रॉसवोटिंग करने वाले छह कांग्रेसी विधायकों को विधानसभा सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित करने का मतलब यही था कि अब इनके वापस लौटने के कोई आसार नहीं रह गए थे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने यह भी कह दिया कि इन लोगों को हटा दें तब भी विधानसभा में उनकी सरकार का बहुमत कायम रहता है। इससे साफ था कि राज्य की सुक्खू सरकार ने यह झटका बर्दाश्त कर लिया। माना गया कि बागी गुट के लिए अब एक तिहाई संख्या जुटाना मुश्किल होगा। चूंकि विधानसभा का तीन साल से ज्यादा का कार्यकाल बाकी है, इसलिए विधायक अपनी सदस्यता को खतरे में डालना पसंद नहीं करेंगे। इसके बाद स्वाभाविक ही यही अपेक्षा की जा रही थी कि अब यह मसला धीरे-धीरे शांत पड़ जाएगा। लेकिन बाद की घटनाएं बता रही हैं कि बागी गुट ने अभी तक हथियार नहीं डाले हैं। अयोग्य ठहराए जा चुके विधायकों के बयान छोड़ भी दिए जाएं तो मंत्रियों का व्यवहार भी सवाल उठा रहा है। शनिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में भी दो मंत्री शामिल नहीं हुए। उनके अलावा दो मंत्री बैठक के बीच से निकल कर आ गए। हालांकि इसकी भी अलग-अलग व्यख्याएं की जा रही हैं, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है असंतुष्ट गुट अब भी अपने तेवर कड़े ही किए हुए है। प्रदेश पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह मीडिया में साफ कह रही हैं कि अभी तक उनका व्व्छुक्क से संपर्क नहीं है, लेकिन कल क्या होगा इस बारे में कुछ नहीं कह सकतीं। साफ है कि लोकसभा चुनाव का एंगल इस पूरे मामले को उलझाए हुए है।

## सिर पर छत का हक

लखनऊ के अकबरनगर की अवैध कॉलोनियों को ढहाए जाने संबंधी इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध दायर याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी के गहरे अर्थ हैं कि सिर के ऊपर छत लोगों का मूलभूत अधिकार है। देश की पिछली जनगणना के आंकड़ों के आलोक में इस टिप्पणी का मानवीय महत्व कहीं बेहतर समझा जा सकता है। साल 2011 की जनगणना ने हमें बताया था कि देश में 17.5 लाख से अधिक लोगों के पास छत नहीं है। सर्दी, गरमी और बरसात में वे फुटपाथों पर जीने को मजबूर हैं। पिछले 13 वर्षों में यह आंकड़ा घटा या बढ़ा इसका पुख्ता प्रमाण तो हमें अगली जनगणना से ही मिलेगा। निस्संदेह, सरकारें इस समस्या से गाफिल नहीं हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सभी बेघरों को पक्की छत मुहैया कराने का संकल्प इसकी तस्दीक करता है। इस मामले में प्रयास भी हो रहे हैं, मगर विडंबना यह है कि एक तरफ निर्माण की कवायद हो रही है, तो दूसरी ओर जगह-जगह अवैध बस्तियों के ढहाए जाने से कई परिवार बेघर भी हो रहे हैं। ऐसे में, शीर्ष अदालत का यह कहना बिल्कुल वाजिब है कि किफायती दर पर घर मुहैया कराने में सरकारी नीतियों की नाकामी ने अवैध बस्तियों का विस्तार किया है। यह किसी एक प्रदेश या शहर की बात नहीं है, देश के तमाम महानगरों और छोटे-बड़े शहरों के सामने अवैध कॉलोनियों की गंभीर समस्याएं हैं। जाहिर है, ये रातोंरात नहीं उग आईं। स्थानीय रसूखदारों और सरकारी अधिकारियों की सांठगांठ ने इनका विस्तार किया है। फिर इनमें से कई तो दशकों पुरानी हैं। कहने की आवश्यकता नहीं, ऐसी बस्तियों को खाली कराते समय अतिरिक्त संवेदनशीलता बरती जानी चाहिए।

## श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह- एक नए युग का ऐतिहासिक शुभारम्भ

**(पंकज तोमर)**

22 जनवरी 2024 को, अयोध्या की प्राचीन नगरी में एकता, श्रद्धा, भक्ति और समरसता का अविस्मरणीय संगम देखा गया। जहां देश के प्रत्येक कोने से, भिन्न भिन्न पृष्ठभूमियों से, सहस्त्रों राम-भक्त भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनने के लिए एकत्र हुए। श्री रामलला के आगमन के नाद से भारत वर्ष में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व में एक नवोत्साह की लहर का संचार हुआ। भारत के इतिहास में इस तरह का भव्य आयोजन कदाचित ही हुआ होगा, जिसमें सूक्ष्म स्तरीय योजना एवं वृहद् स्तरीय समायोजन का अनोखा मेल देखने को मिला। अयोध्या में भारत और सनातन सभ्यता की प्रत्येक ध्वनि, प्रत्येक भावना और प्रत्येक परम्परा को प्रभु श्रीराम के छत्र में प्रतिछाया मिली। लक्षद्वीप और अंडमान के एकांत द्वीपों से लद्दाख के सुदूर पर्वतों तक, मिज़ोरम एवं नागभूमि के हरित वनों से लेकर मरुभूमि की रेत तक, भारत के 28 राज्य एवं 8 केंद्र शासित प्रदेश इस महा-आयोजन के साक्षी बने और भारत की सभी भाषाओं ने कहा की 'राम सभी के हैं।' सितम्बर, 2023 से ही निमंत्रितों की सूची बनाने से लेकर उनको बुलाने की व्यवस्था का चिंतन प्रारम्भ हो गया था सभी को निमंत्रण देने का क्रम डिजिटल पत्राचार से प्रारम्भ हुआ, जिसके बाद सभी निमंत्रितों को राष्ट के सुदूर क्षेत्रों में जाकर भी व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दिए गए। अंतत~ सभी निमंत्रितों को एक व्यक्तिगत कोड दिया गया। कार्यक्रम का स्वरूप पूर्णतय~ धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक रखा गया। इस हेतु सभी राष्टीय और प्रांतीय दालों के राष्टीय अध्यक्षों और गृह प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त किसी केंद्रीय मंत्री अथवा मुख्य मंत्री को निमंत्रण नहीं दिया गया। उस दिन आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों में यह भी एक चर्चा का विषय था। आमंत्रित महानुभावों में 10 रुपए से लेकर करोड़ों तक का दान करने वाले सभी दान-दाता वर्गों का प्रतिनिधित्व था, राष्ट और सनातन सभ्यता के विभिन्न उद्गम स्थलों से निकलने वाली 131 प्रमुख और 36 जनजातीय; नवीन एवं प्राचीन धार्मिक परम्पराओं का प्रतिनिधित्व था। इनमे सभी अखाड़े, कबीर पंथी, रैदासी, निरंकरी, नामधारी, निहंग, आर्य समाज, सिंधी, निम्बार्क, पारसी धर्मगुरु, बौद्ध, लिंगायत, रामकृष्ण मिशन, सत्राधिकर, जैन, बंजारा समाज, मैतेई , चकमा, गोरखा, ख़ासी, रामनामी आदि प्रमुख परम्पराएँ सम्मिलित थी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, घुमंतू समाजके प्रमुख जनों का भी प्रतिनिधित्व था। विभिन्न मत-पंथ जैसे इस्लाम, ईसाई, पारसी का भी यहाँ प्रतिनिधित्व था। 1949 में रामलला के पक्ष में निर्णय लेने वाले ज़िला न्यायाधीश श्री नय्यर के परिवार के साथ साथ तत्कालीन डिप्टी कंसेंसटेविल अब्दुल बरकत, जिन्होंने गवाही दी थी, उनके परिवार को भी आमंत्रित किया गया था। रामलला के विरुद्ध मुक़दमा लड़ने वाले परिवार के साथ तत्कालीन अधिकारियों के परिवारों को भी निमंत्रण दिया गया था। रामजन्मभूमि आंदोलन का नेतृत्व करने वाले और इस आंदोलन में बलिदान हुए भक्तों के परिवार के सदस्य, रामजन्मभूमि की न्यायिक प्रक्रिया में सहभागी अधिवक्ता-गण भी इस आयोजन में सम्मिलित हुए। भारत की माननीया राष्टपति और माननीय उप-राष्टपति जी के साथ पूर्व राष्टपति एवं प्रधान-मंत्री भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित थे। भारत की सुरक्षा में तत्पर तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त सेनाध्यक्ष और परमवीर चक्र विजेता भी यहाँ थे और भारत को चंद्रमा तक ले जाने वाले इसरो के वैज्ञानिकों से लेकर भारतीय कोविड-वैक्सीन बनाने वाले वैज्ञानिक भी यहाँ थे। उच्चतम न्यायालय के तीन पूर्व मुख्य न्यायाधीश सहित अनेक पूर्व न्यायाधीश, सेवानिवृत्त प्रशासनिक पुलिस एवं अन्य अधिकारी, विभिन्न देशों में रहे भारत के राजदूतों से लेकर बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, नोबेल पुरस्कार, भारत रत्न, पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्म श्री और मैग्सेसे पुरस्कार के साथ साथ साहित्य अकैडमी पुरस्कार से सम्मानित महानुभाव भी सम्मिलित हुए। प्रख्यात अधिवक्ता, चिकित्सक, ष्ट, समाचार पत्रों और टीवी चैनल्स के संचालक/सम्पादक, प्रख्यात सोशल-मीडिया इंफ्ल्युएंसर्स आदि के साथ साथ देश के बड़े औद्योगिक परिवार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

*जिसका अनुभव वहाँ आए प्रत्येक रामभक्त को हो रहा था। चाहे स्वागत हो, चाहे बैटरी चालित वाहन, चाहे व्हील चेयर की व्यवस्था हो, चाहे पदवेश उतारने की व्यवस्था। सभी के जूते स्वयमसेवी संस्था के प्रमुख लोग अपने हाथों से उतार कर रख रहे थे और लौटने पर पहना भी रहे थे। लघुशंकलयों के बाहर भी चप्पलों की व्यवस्था थी। अयोध्या के नागरिक और प्रशासन भी ट्रस्ट के साथ समन्वय करते हुए अयोध्या को संवारने में लग गए।*

भारत के प्रमुख राज परिवारों के सदस्यों से लेकर अनेक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी; चित्रकारी, शिल्पकारी, गायन, लेखन-साहित्य, वादन, नृत्यकला आदि ललित कलाओं के कलाकार; हिंदी, कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, बंगाली, ओडिया, असमिया, भोजपुरी, पंजाबी एवं हरियाणवी फ़िल्म उद्योग की अनेक हस्तियाँ भी इस आयोजन में सम्मिलित हुईं। 53 देशों से आये 150 प्रतिनिधि भी इस समारोह में सम्मिलित हुए। मुख्य पूजा में 15 यजमान बैठे थे, जिनमे सभी जातियों-वर्गों (सिख, जैन, नवबौद्ध, निषाद समाज, वाल्मीकि समाज, जनजाति समाज, घुमंतू जातियाँ आदि) और भारत की सभी दिशाओं (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, उत्तर-पूर्व) से आए व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व था। इन सभी की मंच पर ही बैठने की व्यवस्था थी। देश का पोषण एवं विकास करने वाले किसान और मज़दूर बंधुओं के साथ सहकारिता और ग्राहक संगठनों के प्रतिनिधि भी यहाँ उपस्थित थे। रू‌ञ्ज व टाटा समूह के अधिकारी, अभियंता और श्रमिक भी यहाँ उपस्थित थे। जिन श्रमिकों ने प्रभु श्री राम के मंदिर के निर्माण को आकार दिया, प्रधान मंत्री जी ने स्वयं उन पर पुष्प-वर्षा करके उनका अभिनंदन किया। संघ और विश्व हिंदू परिषद के अनेक प्रबंधक कार्यकर्ताओं से लेकर संघ के पूजनीय सरसंघचालक माननीय श्री मोहन भागवत और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। श्री रामलला प्रतिष्ठित हुए हैं तो सभी देवी-देवताओं ने भी उपस्थित होकर अपना आशीर्वाद अवश्य ही दिया होगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर जहां विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता दिन-रात लगे थे, वहीं ट्रस्ट के ही आग्रह पर राष्टीय स्वयंसेवक संघ व अन्य कई स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों के अनेक कार्यकर्ता इस आयोजन की व्यवस्था में थे। उनके प्रबंधन के अनुभव का लाभ सूक्ष्म दृष्टि से व्यवस्था के चिंतन में हुआ।

## क्या मायावती खुद ही अपनी पार्टी को धीरे-धीरे खत्म करने पर तुली हैं?

**(अजय कुमार )**

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अपनी कुछ राजनैतिक जिम्मेदारियां अपने भतीजे और बसपा के राष्टीय को-ऑडिनेटर आकाश आनंद को सौंप कर क्या संदेश दिया है, कोई नहीं जानता। मायावती ने अपने आप को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड तक समेट कर बाकी राज्यों की जिम्मेदारी आनंद को दे दी है। मायावती के इस फैसले पर नेतागण अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ को लगता है कि मायावती ने काफी सोच समझकर बसपा में अपने आप को सीमित किया है। संभवतः वह नहीं चाहती होंगी कि देश जीतने के चक्कर में कहीं उनका मजबूत किला यूपी और उत्तराखंड हाथ से नहीं निकल जाये। जहां उनके लिये हमेशा संभावनाएं बनी रहती हैं। कहा यह जा रहा है कि बहनजी चुनाव की तारीख घोषित होते ही यूपी में अपनी जनसभाएं शुरू कर देंगी। पहले वह मंडलवार सभाएं करेंगी। बीएसपी के लिये मजबूत समझी जाने वाली सीटों पर विशेष तौर पर फोकस रहेगा। मजबूत समझी जाने वाली सीटों के लिये वह जनसभाएं भी ज्यादा करेंगी। चुनाव की बेला में मायावती ने जो कदम उठाया है उससे बसपा को कितना नफा-नुकसान होगा यह तो समय ही बतायेगा, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि बसपा सुप्रीमो ने जो भी फैसला लिया है, वह काफी सोच समझकर लिया होगा। मायावती एक परिपक्व नेत्री हैं। उन्होंने बसपा को इस बुलंदी तक पहुंचाने में पूरा योगदान दिया था। दलित चिंतक स्वर्गीय कांशीराम की राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ाने वाली मायावती की पहचान एक बड़ी नेत्री के रूप में होती है। मायावती पर दलित पूरा विश्वास करते हैं। दलित वोटरों ने कभी भी बहनजी का साथ नहीं छोड़ा जबकि मायावती अपनी सियासी जरूरतों को पूरा करने के लिए अक्सर गैर दलित वोटरों को भी बसपा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देती रहीं। बसपा की सियासी प्रयोगशाला से मायावती ने कभी दलित-मुस्लिमों को एक छतरी के नीचे खड़ा किया तो कभी सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की राजनीति को अमली जामा पहनाया। मायावती ने दलित नेताओं की बड़ी लीडरशिप तैयार की तो कई क्षत्रिय, ब्राह्मण, पिछड़ों और मुस्लिम चेहरों को भी राजनीति में उभरने का पूरा मौका दिया, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी रहा कि बसपा सुप्रीमो ने भले ही नये नेताओं की 'फौज' तैयार की थी, लेकिन यह नेता मायावती के साथ लम्बे समय तक रह नहीं पाये। इसमें से ज्यादातर को बहनजी ने स्वयं पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था तो कुछ ने मौके की नजाकत को भांप कर स्वयं पार्टी छोड़ने में देरी नहीं की। वैसे यह यह बताना भी गलत नहीं होगा कि मान्यवर कांशीराम ने सिर्फ मायावती को ही आगे नहीं बढ़ाया था। अलग-अलग समाज के लोगों को चुनकर उन्हें नेता बनाया था। ओमप्रकाश राजभर, सोनेलाल पटेल, आरके चौधरी और मसूद अहमद ऐसे ही नेताओं में शामिल रहे हैं लेकिन सभी बिछड़ते गए। राजभर ने 2002 में, दिवंगत सोनेलाल पटेल ने 1995 में और आरके चौधरी ने 2016 में बसपा छोड़ दी थी। आरके चौधरी तो राजनीति में कोई जगह हासिल नहीं कर पाए लेकिन ओमप्रकाश राजभर और सोने लाल पटेल की पार्टी आज भी अच्छी खासी राजनीतिक ताकत रखती हैं। 2007 के विधानसभा चुनाव में वह अंतिम बार बड़े अंतर से सपा से जीती थीं। आज की तारीख में बसपा सुप्रीमो मायावती पार्टी के कई दिग्गजों को बाहर का रास्ता दिखा चुकी हैं। इनमें कई ऐसे भी नाम हैं, जिन्हें एक समय मायावती का सबसे करीबी नेता माना जाता था।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5302

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 9 | | 2 | |
| | | 9 | 2 | 1 | 6 | | | 5 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | | 4 | | | 6 | 1 |
| | | 2 | | | | | 5 | |
| | | | 9 | | | | | 3 |
| 7 | | | 3 | 8 | 5 | 2 | | |
| | 3 | | 4 | | 1 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5301

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 4 |

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन अनुकूल होगा। अधिकारी लोग आपकी मदद करेंगे तो बाकी साथियों को आपसे जलन होगी। आप अपने अच्छे व्यवहार से माहौल को अपने अनुसार बना लेंगे। रात में पत्नी का स्वास्थ्य खराब होने की वजह से आपको परेशानी हो सकती है। आपको दूसरों की मदद करने से सकून मिलता है इसलिए आज आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है।

### वृष

आज लाभ होगा। राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता प्राप्त होगी और योजनाएं सफल होंगी। संतान के प्रति आपके दायित्व पूरे होंगे और आपको लाभ होगा। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और आपका कोई रुका कार्य पूर्ण होगा। आज आपको पेट में दर्द या फिर कोई और समस्या हो सकती है। आपका समय दोस्तों के साथ अच्छा बीतेगा।

### मिथुन

आज आर्थिक लाभ होगा और आपको कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा। आज आपको कहीं से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। सेहत के प्रति सावधान रहें और अपने काम पर फोकस करें। शाम के समय आपको किसी सांयकाल के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है।

### तुला

आज दिन अनुकूल है। आपको अचानक से बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपके कई रुके कार्य पूर्ण होंगे। आप पैसों की बचत कर पाएंगे और आपके कोष में वृद्धि होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और मन मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। आप कोई भी फैसला जल्दी में न करें और वरना आपको नुकसान हो सकता है। रात को देव दर्शन से लाभ लें।

### वृश्चिक

आज आर्थिक लाभ का दिन है। आज आपको धन का लेनदेन करने से बचने की जरूरत है। स्वजनों से सुख मिलेगा और आपके कार्य पूर्ण होगा। पारिवारिक कार्यों में आपको मदद करनी पड़ेगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति होने पर क्रोध पर काबू रखें। आपको सरकार की तरफ से कोई मदद भी प्राप्त हो सकती है।

### धनु

आज लाभ का दिन है। पिता और उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु और संपत्ति को प्राप्त कर सकते हैं। पैतृक संपत्ति से चल रहा कोई मुकदमा हल होगा। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। आपको किसी प्रकार का वाहन प्रयोग करने में सावधान रहने की जरूरत है। आज आपको महान लोगों का साथ और आशीर्वाद मिलेगा।

### कर्क

आज का दिन काफी खर्च वाला होगा। आपके लिए आज सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपको किसी कर्मचारी की वजह से तनाव हो सकता है। रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, वरना आपका धन फंस सकता है। आपको आज कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं जिसमें आपकी विजय होगी।

### सिंह

आज लाभ होगा और आपको व्यवसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल परिणाम मिलने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। अगर आप व्यवसाय परिवर्तन की योजना बना रहे हैं तो आपको कोई भी फैसला काफी सोचकर करने की जरूरत है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे।

### कन्या

आज सुख और आनंद में बीतेगा। आज आपको पास और दूर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आज घर से किसी काम से बाहर जाना पड़ सकता है। बिजनस में आपकी तरक्की से हर कोई खुश होगा। विद्यार्थियों का तनाव आज कम होगा।

### मकर

आज का दिन धन सम्मान से भरा होगा और आपको कोई विशेष उपलब्धि मिलने के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे और आपके धन में वृद्धि होगी। आपको कार्यक्षेत्र में विशेष सम्मान की प्राप्ति होगी। किसी मामले में भागदौड़ अधिक रहने के कारण आपके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

### कुंभ

आज आर्थिक लाभ होगा। आज किसी प्रकार की भागदौड़ और अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम को परिवार के सदस्य के लिए आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आपके स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा और किसी परेशानी से दूर रहें।

### मीन

आज लाभ होगा और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और आपकी मुलाकात प्रियजनों से होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। वाणी पर संयम न रखने की वजह से आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। शाम को परिवार के लोगों के साथ कहीं आउटिंग पर जाने का प्लान बन सकता है।

## वर्ग पहेली 5302



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. विश्व में सबसे बड़ा बैंक इस देश में है (3)
4. यह भगवान महावीर की माता थी जिन्हें प्रिय कारिणी भी कहा गया है (3)
7. युद्ध, आक्रमण, चढाई (4)
8. हसरत, आरजू, तमन्ना (3)
9. सादृश्य, आभास, क्षणिक दर्शन (3)
13. मदिरा, सहित, शिल्पी (2)
14. दीवार मे सेंध लगाकर चोरी करना (5)
17. विश्व का प्राचीनतक विश्व विद्यालय जो बिहार में स्थित है (3)
19. पहाड़ के नीचे का मैदान (3)
21. नमूना, ट्रेलर, पूर्व झलक (3)
23. तलहटी, सिंचन, उपत्यका (3)
24. एक प्राचीन सिक्का जो दो पैसे के बराबर होता था, बांग्लादेश में इस मुद्रा को प्रचलन है (2)

**ऊपर से नीचे**

1. किए गए कामों का विवरण, कैफियत, सरकारी तौर पर देखना (3)
2. नाव के मस्तूल के सहारे ताना जाने वाला कपड़ा, पालने वाला (2)
3. डंका, धौंसा (3)
4. भूत, भविष्य, वर्तमान ये तीनों काल (3)
5. शांत करने वाला, शमन करने वाला (3)
6. ले आना, उपिस्थत करना (2)
10. यह ऑट्रिया का प्रमुख नगर है जो डेल्टा नदी के किनारे बसा है (3)
11. पनडब्बा, गिलारी दान, तांबूल पेटिका (3)
12. विवाह होने के पूर्व कुमारी अवस्था में उत्पन हुए पुत्र (कुंती सुत कर्ण और वेदव्यास यह कहलाते थे )(3)
15. भाग्य में लिखा हुआ, शर्त या दांव पर निर्धारित (2)
16. बहुत से लोगों का एकत्र जनसमूह (4)
18. लंबा होने का भाव, रेंखिक नाप (3)
20. पुत्र, बेटा (2)
22. कृष्णापदेश, श्रीकृष्णार्जुन संवाद (2)

### वर्ग पहेली 5301 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | लि | या | वा | ला | बा | ग | |
| या | | चा | ह | ना | | ग | ति |
| प्र | ति | | क | | ज | न | |
| दा | न | व | | ला | ल | च | |
| | का | न | | | च | र | स |
| का | | स्प | र्श | | र | | फ |
| य | या | ति | | फि | | भा | ल |
| म | म | | रा | जी | | ना | ता |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### पेड़ को उखाड़ते हुए आगे बढ़ा ट्रैक्टर, बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार खेत में जा पलटा; दो की मौत

**सोनुवा, एजेंसी।** सोनुवा–चक्रधरपुर मुख्य सड़क के सोनुवा बाजार समीप पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार अवैध बालू लदा ट्रैक्टर ने एक बाइक को रौंदते हुए खेत में पलट गया। घटना में बाइक सवार एक युवक व ट्रैक्टर में बैठे एक युवक समेत दो की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सोनुवा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बरामद कर लिया। बाइक सवार मृतक की पहचान गोइलकेरा थाना क्षेत्र रुमकुट गांव के मानसिंह सिरका के पुत्र बेरनोड सिरका के रुप में हुई है। मृतक ट्रैक्टर सवार की पहचान नहीं हो पायी थी। जानकारी के मुताबिक, मृतक बाइक सवार बेरनोड सिरका व उसका एक साथी लालसिंह गुंदूवा एक बाइक में सवार होकर चक्रधरपुर से गोइलकेरा जा रहे थे। इस दौरान सोनुवा बाजार समीप पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने सामने से धक्का मारकर खेत में पलट गया। ट्रैक्टर की रफ्तार इस अंदाज से लगाया जा सकता है कि ट्रैक्टर बाइक को धक्का मारते हुए सड़क किनारे स्थित एक पेड़ को उखाड़ कर खेत में पलटी हो गया। ट्रैक्टर के पलटने से ट्रैक्टर में सवार एक युवक की मौत हो गई। जिसकी पहचान अब तक नहीं हो पायी है।

### टॉप ब्यूरोक्रेसी में किया बड़ा फेरबदल, विनय चौबे हटे, अविनाश कुमार बने सीएम के अपर मुख्य सचिव

**रांची, एजेंसी।** सीएम चंपाई सोरेन ने मंगलवार को बड़ा फैसला लेते हुए 8 बड़े आईएएस अफसरों को बदल दिया है। विनय कुमार चौबे को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव पद से हटा दिया गया। उन्हें पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव पद पर भेजा गया है। वहीं, ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार को सीएम के अपर मुख्य सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अविनाश कुमार के पूर्व प्रभार यथावत रहेंगे। अन्य महत्वपूर्ण फैसले में मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल को गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। अजय कुमार सिंह का ट्रांसफर ग्रामीण कार्य विभाग से स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव पद पर किया गया है। अजय पहले ग्रामीण के साथ स्वास्थ्य विभाग भी देख रहे थे। अबुबकर सिद्दीख को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव पद पर स्थानांतरित किया गया है। उनके पास कृषि सचिव के साथ खान एवं भूतत्व का अतिरिक्त प्रभार था। वहीं, जितेंद्र कुमार सिंह को उद्योग से कृषि विभाग में स्थानांतरित किया गया है।

### महुआ माजी ने कहा, कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी



**रांची , एजेंसी।** झामुमो की राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने कहा है कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि सोमवार को इसका ऐलान गिरिडीह के मंच से हुआ है। वहां गांडेय के पूर्व विधायक सरफराज अहमद ने आम जनता से पूछा था कि आपको कल्पना सोरेन एमएलए के रूप में स्वीकार है। लोगों ने हाथ उठाकर कल्पना सोरेन के पक्ष में समर्थन किया। महुआ माजी ने कहा कि अब कल्पना सोरेन की राजनीतिक एंट्री हो चुकी है। वह पूरी तरह राजनीति के मैदान में हैं। गिरिडीह में जिस तरह जन सैलाब उमड़ा, वह भी कल्पना सोरेन के पक्ष में जनसमर्थन दिखाता है। लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारक होंगी कल्पना- गिरिडीह में चार मार्च को आयोजित झामुमो के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के बाद कल्पना सोरेन ने स्टार प्रचारक के रूप में चुनावी सभाएं कराने की रणनीति पर होमवर्क शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही कल्पना सोरेन झामुमो के लिए प्रचार करेंगी। महागठबंधन के स्टार प्रचारक के तौर पर वे लोगों के समक्ष होंगी।

# एकलव्य स्कूल की जगह बदलने पर झारखंड हाई कोर्ट सख्त, बोला- क्या उपद्रवियों की मर्जी चलेगी?

**रांची, एजेंसी।** रांची के मांडर थाना क्षेत्र के चान्हो में बनने वाले एकलव्य स्कूल के लिए चयनित स्थान को दूसरी जगह बदलने के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि किसकी इजाजत से एकलव्य स्कूल के शिलान्यास स्थल को बदल कर नई जगह पर निर्माण का निर्णय लिया गया। राज्य में कानून का राज चलेगा या उपद्रवियों का।

सुनवाई हाईकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद व जस्टिस एके राय की खंडपीठ ने की। मामले में केंद्र व राज्य सरकार की ओर से दाखिल जवाब पर अदालत ने कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही जुर्माना की राशि 25-25 हजार रुपए में किसी प्रकार कोई राहत नहीं दी।

अदालत ने कहा कि स्कूल निर्माण कर रही कंपनी दूसरी जगह स्कूल भवन बना रही है, क्या उसे अधिकार है कि वह जगह बदल सके। पूर्व में पुराने स्थल पर जहां स्कूल बन रहा था, वहां बाउंड्रीवॉल तोड़ा गया, उसका खर्च कौन उठाएगा। अगर केंद्र सरकार इस खर्च को वहन नहीं कर रही है, तो राज्य सरकार किसके पैसे से उसका भुगतान करेगी। डीपीआर बनाने



के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के द्वारा वहां शिलान्यास किया गया था। राज्य सरकार ने उसके लिए जगह चिन्हित कर जमीन दी थी। इसके बाद नई जगह पर एकलव्य स्कूल बनाने का निर्णय क्यों लिया गया। कोर्ट ने मामले में केंद्र व राज्य सरकार के जवाब पर प्रार्थी को अपना प्रतिउत्तर देने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है।

दरअसल, हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि मांडर में एकलव्य स्कूल के लिए जो सबसे पहले जगह चयनित हुआ है, उसी जगह पर स्कूल बनाएं। मांडर के चान्हो में एकलव्य स्कूल बनाने के लिए राज्य सरकार ने 52 एकड़ जमीन दी थी। इसके लिए केंद्र सरकार ने 5.23 करोड़ रुपये फंड भी आवंटित किया है। लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल का स्थान बदलने को लेकर हंगामा किया गया था। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ क्या-क्या एक्शन लिया गया और स्कूल के चयनित स्थान को बदलने का आधार क्या है।

**विधानसभा नियुक्ति मामले में कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट :** हाईकोर्ट के जस्टिस जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षतावाली खंडपीठ में मंगलवार को विधानसभा नियुक्ति मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर याचिकाकर्ता शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस पर विस्तृत बिंदुवार और अधिकतम जानकारी 20 मार्च से पूर्व राज्य सरकार को शपथ पत्र के माध्यम से पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी। अदालत ने यह जानना चाहा कि जब मामले में एक कमिश्नर जांच रिपोर्ट दी तो राज्यपाल ने कार्रवाई के लिए स्पीकर को निर्देशित किया तब फिर दूसरी जांच कमेटी क्यों बनायी।

उस जांच रिपोर्ट को कैबिनेट में क्यों पेश किया गया किस नियम के तहत यह किया गया है। इस पर विस्तृत बिंदुवार और अधिकतम जानकारी राज्य सरकार को शपथ पत्र के माध्यम से पेश करने को कहा है।बता दें कि वर्ष 2005 से 2007 के बीच झारखंड विधानसभा में नियुक्ति हुई थी। उस नियुक्ति में गड़बड़ी की बात सामने आई थी उसके बाद इस मामले की जांच के लिए सेवानिवृत्त जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद को जांच का जिम्मा सौंपा गया था। उन्होंने जांच कर जांच रिपोर्ट राज्यपाल को सौंप दिया था उसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को इस पर एक्शन लेने के लिए निर्देश दिया था। लेकिन उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

## झारखंड के सांसदों का रिपोर्ट कार्ड, सबसे ज्यादा एक्टिव रहे निशिकांत दुबे

**रांची, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। भाजपा ने जहां 11 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, वहीं इंडिया गठबंधन की सीटों का ऐलान बाकी है। 17वीं लोकसभा में झारखंड के 14 सांसदों के कामकाज का लेखा-जोखा लोकसभा की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। सांसदों ने जनआकांक्षाओं से जुड़े कितने सवाल पूछे, कितनी बहसों में हिस्सा लिया, कितने रुपए का फंड विकास योजनाओं पर खर्च किया, इसका विवरण आधिकारिक रूप से मौजूद है।लोकसभा के आंकड़ों के मुताबिक, झारखंड में सबसे ज्यादा मुखर रहने वाले गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे लोकसभा में भी सबसे अधिक सक्रिय रहे। वहीं, दुमका के सांसद सुनील सोरेन ने बीते पांच सालों में एक भी सवाल लोकसभा में नहीं उठाया। इससे पहले 16वीं लोकसभा में दुमका सांसद रहे शिबू सोरेन ने भी एक भी सवाल लोकसभा में नहीं उठाया था।



17वीं लोकसभा में झारखंड के सांसदों में सबसे अधिक 270 सवाल पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने उठाया। लेकिन गोड्डा सांसद ने 238 सवाल लोकसभा में पूछे। उन्होंने सर्वाधिक 47 निजी व सरकारी बिल लोकसभा में रखा। वहीं, सबसे अधिक 270 डिबेट में उन्होंने हिस्सा लिया।


**सबसे कम किसकी हिस्सेदारी :** लोकसभा में सबसे कम शून्य सवाल सुनील सोरेन ने पूछा। उन्होंने एक भी बिल पेश नहीं किया और महज नौ बार संसद की बहस में हिस्सा लिया। झामुमो सांसद विजय हांसदा ने 22 सवाल पूछे और 13 डिबेट में हिस्सा लिया। कांग्रेस सांसद व अब भाजपा की सिंहभूम प्रत्याशी गीता कोड़ा ने 22 सवाल पूछे, वहीं 13 डिबेट में हिस्सा लिया।

# झारखंड में बुजुर्गों की पेंशन के लिए जारी करेंगे 31 करोड़; डेढ़ लाख को फायदा

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना में लाभुकों की संख्या 26,73,958 (26.73 लाख) पहुंच गई है। इनमें से 50 से 60 साल तक 2,22,523 (2.22 लाख) नए लाभुक पेंशन के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

नए लाभुकों में से कुल 1,58,218 (1.58 लाख) नए लाभुकों को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन आज 31.6 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से भुगतान करेंगे। यह जानकारी महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने दी है। इसके अलावा परिवार हित लाभ योजना के बीपीएल परिवारों के 736 लाभुकों को भी मुख्यमंत्री 1.47 करोड़ रुपए का भुगतान करेंगे। इस योजना के तहत अगर परिवार के कमाने वाले मुख्य व्यक्ति की मृत्यु 18 से 59 साल के बीच होती है, तो उनके आश्रितों को 20,000 रुपए की एकमुश्त सहायता दी जाती है।

सर्वजन पेंशन योजना शुरू होने बाद पेंशन लेने वाले लाभुक बढ़े विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 1 जनवरी 2020 तक पेंशन लेने वाले लाभुकों की संख्या 6.61 लाख थी। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पहल पर 18 नवंबर 2021 को सर्वजन पेंशन योजना लागू की गई। इसमें 60 साल से ऊपर के सभी को पेंशन दी गई। योजना लागू होने के समय पेंशन लाभुकों की संख्या 10.37 लाख थी। 24 जनवरी 2024



को तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 50 साल से ऊपर के सभी वर्ग की महिलाओं, एसटी-एससी की महिला और पुरुष दोनों को पेंशन देने की घोषणा हुई। विभाग की पहल पर 20 फरवरी से 23 फरवरी तक राज्य स्तरीय विशेष अभियान चलाया गया, जिनमें 50 से 60 साल तक के कुल 5.68 लाख लाभुकों के आवेदन आए। इनमें से 2.22 लाख लाभुक पेंशन के लिए स्वीकृत हुए। नए स्वीकृत लाभुकों में से 1.58 लाख को फरवरी और मार्च माह का कुल 61.6 करोड़ रुपए की पेंशन दी जाएगी। 50 से 60 साल तक की आयु के नए पेंशन लाभुक की सबसे ज्यादा संख्या पूर्वी सिंहभूम से जुड़ी है। जिले में कुल 19,719 लाभुक नए हैं। इसके बाद देवघर में 12754, रांची में 11263, दुमका में 10023, बोकारो में 9781, लातेहार में 9696, पश्चिम सिंहभूम में 8944. गुमला 7376, गोड्डा में 6438, कोडरमा में 6185, लोहरदगा में 5789, धनबाद में 5446, रामगढ़ में 5205, गढ़वा में 4580, पलामू में 4451, खूंटी में 4300, पाकुड़ में 4270, चतरा में 4262, सिमडेगा में 3927, जामताड़ा में 3800, गिरिडीह में 3623, हजारीबाग में 3255, सरायकेला में 2035 और साहिबगंज में 1126 नए लाभुक जोड़े गए हैं।

## इंतजार खत्म ! गोड्डा से देवघर जाना हुआ आसान, नई डेमू ट्रेन का परिचालन शुरू



**गोड्डा, एजेंसी।** गोड्डा जिला के लिए बुधवार का दिन भी रेल के लिहाज से खास होने जा रहा है। यहां गोड्डा-देवघर नई रेलखंड पर बुधवार से सीधी रेल सेवा शुरू होने जा रही है। इससे अब लोगों को बाबा नगरी देवघर व जसीडीह जाने में सहूलियत होगी। गोड्डा से खुलने वाली यह 13वीं ट्रेन होगी।

पहले लोगों को भाया दुमका होकर ट्रेन से देवघर जाना पड़ता था, लेकिन अब सीधी रेल सेवा शुरू होने जा रही है। छह मार्च, 2024 को गोड्डा देवघर नई रेलखंड पर पहली ट्रेन का उद्घाटन परिचालन देवघर से सुबह 11 बजे होगा, जो दोपहर 12.40 मिनट पर गोड्डा पहुंचेगी। इस मौके पर स्थानीय सांसद डा. निशिकांत दुबे मौजूद रहेंगे जबकि रेलवे एडीआरएम सहित आलाधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे।

वही वापसी में यह ट्रेन 12.50 बजे दोपहर गोड्डा रेलवे स्टेशन से खुलेगी व जहां तीन बजकर 15 मिनट पर देवघर स्टेशन पहुंचेगी। वह देवघर नई रेलखंड के शुरूआत होने से जिले वासियों में काफी खुशी देखी जा रही है।

यह ट्रेन गोड्डा से कठौन, पोड़ैयाहाट, गंगवारा, हंसडीहा, ककनी, हरलाटाढ़, खरियाडीह मोहनपुर होकर देवघर तक पहुंचेगी। नई रेलखंड पर यह पहली ट्रेन है। जहां ट्रेन में दो डीपीसी व छह कोच यानि इंजन सहित आठ डब्बे होंगे और डीजल इंजन से चलेगी। जबकि रविवार को छोड़ सप्ताह में छह दिन चलेगी।

होने के साथ यह भी लगभग तय हो गया है कि आने वाले समय में देवघर जसीडीह से खुलने वाले कुछ ट्रेन का विस्तार गोड्डा तक होगा जबकि कुछ नई ट्रेन भी इस मार्ग पर चलेगी।

मालूम हो कि गोड्डा देवघर नई रेलखंड पर मोहनपुर से हंसडीहा के बीच लगभग 38 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाकर देवघर को गोड्डा से जोड़ा गया है।

## जल्द मिलेगा सुविधाओं का लाभ : पतरातू में पहली बार बन रहा 100 बेड वाला प्री-फैब्रिकेटेड अस्पताल

**रांची/पतरातू, एजेंसी।** रांची से करीब 34 किलोमीटर दूर पतरातू प्रखंड की 42 पंचायतों के हजारों ग्रामीणों को अब अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ जल्द मिलेगा। इसके तहत पतरातू प्रखंड मुख्यालय परिसर में साढ़े सात करोड़ की लागत की 100 बेड वाला प्री-फैब्रिकेटेड हॉस्पिटल का निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है। बताया गया कि इस तरह का अस्पताल का निर्माण जिला में पहली बार हो रहा है।



कोविद-19 में मरीजों के इलाज में उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए प्री-फैब्रिकेटेड अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। अस्पताल में कई अत्याधुनिक मशीनों को भी लगाया जाएगा। साथ ही अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्टाफ की तैनाती की जाएगी। वर्तमान में छोटे-छोटे बीमारी के इलाज के लिए भी सदर हॉस्पिटल रामगढ़ व रांची जाने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

**कुपोषित बच्चों का किया जाएगा उपचार :** पुराने पतरातू प्रखंड कार्यालय को मॉडिफाई कर करीब 11 लाख की लागत से कुपोषण उपचार केंद्र बनाने के लिए टेंडर फाइनल कर लिया गया है। जल्द ही निर्माण कर भी शुरू हो जाएगा। बताया गया कि कुपोषण उपचार केंद्र का निर्माण होने से प्रखंड के कुपोषित बच्चों को काफी लाभ होगा।

क्योंकि वर्तमान में प्रखंड के कुपोषित बच्चों को सदर अस्पताल रामगढ़ के कुपोषण केंद्र में रखा जाता है। उक्त कुपोषण केंद्र की दूरी 40-45 किलोमीटर होने के कारण अधिकांश कुपोषित बच्चे केंद्र नहीं पहुंच पाते हैं। बताया गया की जनवरी माह में रामगढ़ समाहरणालय के सभागार में संपन्न स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में उजागर हुई थी कि पतरातू प्रखंड में कुपोषण उपचार केंद्र की व्यवस्था नहीं है।

**एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की जांच की सुविधाएं मिलेगी :** पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण हो रहा है। बताया गया कि 50 लाख रुपए भवन निर्माण में खर्च होंगे। जबकि करीब 30 लाख रुपए सेटअप कॉस्ट करने के रूप में खर्च किए जाएंगे। बताया गया कि निर्माण होने के बाद ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की जांच सुविधाओं का लाभ मिलेगा। मरीज को बीमारियों की जांच के लिए दर-दर भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस प्रकार की जांच व्यवस्था पहले सदर अस्पताल या बड़े-बड़े अस्पतालों में ही उपलब्ध होती है।

**ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट लोगों के लिए वरदान साबित होगा :** डॉ. प्रभावती पतरातू सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुमारी प्रभावती सिन्हा ने बताया कि ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट लोगों के लिए वरदान साबित होगा। यहां लोगों को बीमारियों की टेस्ट कराने में सुविधा होगी। इसके बाद जरूरतमंदों का समय पर समुचित इलाज भी हो पाएगा।

# पता बंगाल का लेकिन पिनकोड झारखंड का : जामताड़ा में दो ऐसे गांव जो हैं बंगाल में लेकिन झारखंड की पहचान के बगैर अधूरे

**जामताड़ा, एजेंसी।** किसी भी जगह आपको अगर डाक या तार सेवा पहुंचानी हो तो उस इलाके के पिनकोड के बिना डाक पता अधूरा है। लेकिन झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा पर पश्चिम बंगाल का दो गांव ऐसा है जहां का डाक पता आज भी झारखंड के पोस्ट ऑफिस पर ही निर्भर है। झारखंड राज्य के जामताड़ा जिले के मिहिजाम सब डाकघर से पश्चिम बंगाल के दो गांवों धानगुड़ी और डोमदाहा का डाक पता और पिन कोड का पता चलता है। ये दो गांव पश्चिम बंगाल के सबसे पश्चिमी छोर पर स्थित हैं।

257 वर्ष पूर्व ब्रिटिश काल के दौरान भारत में शुरू हुई डाक सेवा काल से ही इन दोनों गांव का डाक पता राज्य विभाजन के बाद भी झारखंड में रह गया। डाक विभाग की स्थापना के बाद से ही इन दोनों गांवों को झारखंड के अंतर्गत मिहिजाम डाकघर में शामिल किया गया। हालांकि धानगुड़ी और डोमदाहा पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्दवान जिले के आसनसोल उपखंड के तहत सालानपुर प्रखंड में स्थित हैं। यहां का लोकसभा क्षेत्र आसनसोल है। थाना सालानपुर है। विधानसभा क्षेत्र बाराबनी है। सभी प्रशासनिक गतिविधियाँ पश्चिम बंगाल में हैं, लेकिन डाकघर झारखंड के अधिकार क्षेत्र में है।

पत्र, मनीऑर्डर, बैंक चेक बुक, सरकारी सेवा दस्तावेज, नौकरी में शामिल होने के पत्र से लेकर हर चीज झारखंड राज्य में घूम कर दो गांवों के लोगों के हाथों तक पहुंचती है। जिससे पत्र पहुंचने में देरी और अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है। इसीलिए स्थानीय लोग लंबे समय से इन दोनों गांवों को निकट के हिंदुस्तान केबल्स या रूपनारायणपुर उपडाकघर से जोड़ने की मांग कर रहे हैं। आसनसोल मंडल के सहायक डाकघर अधीक्षक ने सालानपुर प्रखंड विकास अधिकारी को पत्र लिख कर दोनों गांवों के लगभग 650 निवासियों के लिए एक नया डाकघर शुरू करने की सलाह दी है।

कई बार गांव के लोग डाकघर की मांग कर चुके है। 6 अप्रैल 2017 को आसनसोल डिविजनल पोस्ट ऑफिस को एक संयुक्त ज्ञापन भेजा, जिसमें घर के डीएजी नंबर, जेएल नंबर का उल्लेख किया गया था। अल्लाडीह ग्राम पंचायत के प्रमुख सलीम मिया ने 1998 से 2003 के बीच कई बार इस मुद्दे को उठाया। आसनसोल के पूर्व सांसद विकास चौधरी ने भी पूर्व विधायक दिलीप सरकार को पत्र लिखा था। आज तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीण बताते है कि वोटर कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक आदि दस्तावेज कहीं प्रस्तुत करने में दिक्कत होती है, पश्चिम बंगाल में जाओ तो लोग झारखंड का बताते है और झारखंड में जाओ तो लोग हमें पश्चिम बंगाल का बताते है। ऐसे में या तो हमे पश्चिम बंगाल में ही पूरी तरह शामिल किया जाए या फिर झारखंड में।

वर्षों से डाक सेवा पहुंचा रहे मिहिजाम उपडाकघर के पोस्टमैन विशुनदेव मिस्त्री ने कहा कि बंगाल के गांव की चिट्ठी हमें बांटनी पड़ती है। डोमदाहा, धानगुड़ी, काशीडांगल गांव पश्चिम बंगाल में पड़ता है। इनका सभी दस्तावेज बंगाल का है लेकिन डाक पता झारखंड के है। जिससे पत्र देर से पहुंचता है। दोनो राज्यों के डाक विभाग को मिलकर इसमें सुधार की पहल करनी होगी।

## देर से समझ में आया मोदी परिवार का मतलब, जेएमएम ने उड़ाई खिल्ली तो बीजेपी ने किया पलटवार

**रांची, एजेंसी।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए नारे की खिल्ली उड़ाते हुए कहा कि समझौता करने वाले मोदी परिवार का हिस्सा बन सकते हैं। तेजस्वी यादव और हेमंत सोरेन ने उनसे समझौता नहीं किया। वे उनके सामने नहीं झुके। यही कारण है कि वे मोदी परिवार का हिस्सा नहीं हैं।



झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मोदी को परिवार का मतलब काफी देर से समझ में आया। उनके परिवार में चुनावी बांड के जरिए काला धन देने वाले, पूंजीपति साथी और विदेशी ताकतें हैं। उनका परिवार डरने वाला परिवार है, जबकि सोरेन परिवार लड़ने वाला है। इस देश में लोग न तो ईडी से डरते हैं, न सीबीआई से न आईटी से। झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा को जेल भेजा गया। शिबू सोरेन को जेल में रखा गया। इससे संघर्ष नहीं थमा। हेमंत सोरेन को भी जेल में रखा गया है, लेकिन संघर्ष थमा नहीं है। झारखंडी न तो कभी झुका है और न कभी झुकेगा। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से चुनाव आयोग को आदेश दिया था कि 13 मार्च तक चुनाव बांड के जरिए आए चंदे के पैसे का हिसाब दें। अब सीबीआइ ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर कर इसके लिए 30 जून तक समय मांगा है।

# लोकसभा के साथ ही बिहार में विस चुनाव भी चाहते हैं नीतीश कुमार?

**पटना, एजेंसी।** बिहार में नई सरकार के गठन के बाद कैबिनेट विस्तार और सीट शेयरिंग में हो रही देरी के कारण अटकलों का बाजार गर्म है। सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानसभा भंग कर सकते हैं और लोकसभा चुनाव के साथ ही प्रदेश का चुनाव भी करवा सकते हैं। अंग्रेजी अखबार द हिंदू की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि नीतीश कुमार खुद दोनों चुनाव एकसाथ कराने पर जोर दे रहे हैं। 7 मार्च से शुरू हो रही अपनी विदेश यात्रा से पहले दिल्ली में इस विषय पर वह बीजेपी के दिग्गज नेताओं के साथ मंथन करने वाले हैं।

हालांकि, जेडीयू के वरिष्ठ नेता, नीतीश कुमार के करीबी और राज्यसभा सांसद संजय झा लगातार इस बात से इनकार कर रहे हैं। हाल ही में वह जब दरभंगा पहुंचे थे तो उन्होंने जोर देकर कहा कि विधानसभा चुनाव अपने तय समय के मुताबिक, यानी कि 2025 में होंगे।



आपको बता दें कि जेडीयू के पास वर्तमान में बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से 16 सीटें हैं। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि नीतीश कुमार की पार्टी ने एनडीए में 2019 की तरह 17 सीटों की मांग की है। हालांकि, इस चुनाव में सत्तारूढ़ एनडीए में सीटों के दावेदारों की संख्या अधिक है। उपेन्द्र कुशवाह की राष्ट्रीय लोक जनता दल (आरएलजेडी), जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (एचएएम) और लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के दो गुट एनडीए में शामिल हैं। एक का नेतृत्व चिराग पासवान और दूसरे का नेतृत्व उनके चाचा पशुपति पारस कर रहे हैं। दावेदारों की संख्या अधिक होने के कारण सीट शेयरिंग का मुद्दा जटिल बन चुका है। चुनाव के कारण भी सीट शेयरिंग पर बातचीत में और देरी हो गई है। यदि किसी भी पक्ष द्वारा मतदान के लिए दबाव डाला गया तो मतदान 21 मार्च को होगा। जेडीयू के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, हमारे लिए लोकसभा सीट का बंटवारा महत्वपूर्ण नहीं है। पार्टी का एक बड़ा वर्ग मानता है कि विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने चाहिए ताकि हम विधानसभा में अपनी ताकत को ठीक कर सकें। पिछली बार एलजेपी के हमारे खिलाफ चुनाव लड़ने के कारण संख्या बल में हम पिछड़ गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ बुआ की अपील पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कस्टडी (अभिरक्षा) के मुकदमे के निपटारे के लिए लड़की के साथ संपत्ति की तरह व्यवहार नहीं किया जा सकता है। इस टिप्पणी के साथ शीर्ष अदालत ने उड़ीसा हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें एक लड़की के जैविक पिता को उसकी कस्टडी दी गई थी। शीर्ष अदालत हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ लड़की की बुआ की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि लड़की अपनी बुआ के पास खुशी-खुशी रह रही है। अदालत ने गौर किया कि मार्च 2014 में पैदा हुई बच्ची लगभग तीन महीने की उम्र से ही अपने जैविक पिता की बहन के साथ रह रही है। जस्टिस सीटी रविकुमार और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने कहा, यह ऐसा मामला नहीं है जिसमें कोई भी पक्ष गोद लेने का दावा कर रहा है। यह केवल लड़की की कस्टडी से संबंधित विवाद है। सोमवार को सुनाए गए फैसले में पीठ ने कहा कि उसने लड़की से बातचीत की। लड़की ने कहा कि वह बुआ के साथ रहकर खुश है। शीर्ष अदालत ने कहा, लड़की इस संबंध में राय बनाने में सक्षम है।ज् उसे संपत्ति मानकर उसके जैविक पिता को नहीं सौंपा जा सकता।

### आंध्र प्रदेश में सड़क दुर्घटना में नवविवाहित जोड़े सहित एक ही परिवार के पाँच की मौत

**नंदयाल, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के नंदयाल जिले में बुधवार को एक कार के खड़े ट्रक से टकरा जाने से नवविवाहित जोड़े सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। यह दुर्घटना अल्लागड्डा मंडल में नल्लागटला के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। पुलिस ने बताया कि हादसा सुबह करीब 5.15 बजे हुआ जब कार चला रहे व्यक्ति ने सड़क किनारे खड़े ट्रक पर ध्यान नहीं दिया। कार में सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हैदराबाद का रहने वाला परिवार तिरुमाला मंदिर में दर्शन के बाद तिरुपती से घर लौट रहा था। बालाकिरण और काव्या, जिनकी एक सप्ताह पहले शादी हुई थी, दुर्घटना में मारे गए। बालाकिरण की मां मंथरी लक्ष्मी और पिता मंथरी रविंदर और छोटा भाई उदय भी मारे गए। परिवार सिकंदराबाद के पश्चिमी वेंकटपुर का रहने वाला था। बालाकिरण ने 29 फरवरी को काव्या के साथ शादी की थी और रिसेप्शन 3 मार्च को शहर के शमीरपेट में आयोजित किया गया था।

### मैंने मोदी से अच्छा इंसान नहीं देखा- अब्दुल सलाम

**मलप्पुरम, एजेंसी।** उम्मीदवार अब्दुल सलाम 195 नामों की पहली सूची में एकमात्र मुसलमान हैं। इसके चलते ही वह खासे चर्चा में हैं, क्योंकि साल 2019 में पार्टी ने किसी मुस्लिम उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारा था। सलाम को केरल की मलप्पुरम सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। वह कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें मंत्रमुग्ध किया है। कौन हैं अब्दुल सलाम सलाम 71 साल के हैं और केरल की चुनावी राजनीति से परिचित हैं। साल 2016 में भाजपा ने उन्हें तिरूर विधानसभा सीट से उम्मीदवार भी बनाया था। हालांकि, वह चुनाव हार गए थे, लेकिन उनके उठाए मुद्दे चर्चा में रहे। उन्होंने शिक्षण के क्षेत्र में लंबा समय गुजारा है। करियर के दौरान वह एचओडी से लेकर एसोसिएट डीन जैसे अहम पदों पर भी रहे। 13 किताबें प्रकाशित करने वाले सलाम कलीकट विश्वविद्यालय कुलपति भी रहे थे। खबरें हैं कि वह कुवैत और सूरीनाम में विजिटिंग प्रोफेसर भी रहे। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, सलाम का कहना है, वह एक ऐसे शख्स हैं, जिन्होंने मुझे मंत्रमुग्ध कर दियाहै। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया मोदी जी के आसपास घूम रही है। यह उनकी शख्सियत, सोच, मिशन और काम की ताकत है। उनके मन में सबको साथ लेकर चलने का भाव है। वह पूरे देश को एक नजर से देखते हैं। आप ऐसे किसी दूसरे नेता का नाम ले लीजिए, मैं उनके साथ खड़ा हो जाऊंगा। मैंने 21 सालों में उन्हें गुजरात से दिल्ली पहुंचते देखा है।

## हिमाचल पर बर्फबारी की मार, -10 डिग्री सेल्सियस तापमान, 17 पर्यटक फंसे, बिहार के दो लोगों की मौत

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल में ताजा बर्फबारी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में शीतलहर चल रही है। हिमपात के कारण की मोनेस्ट्री में छह इतालवी समेत 17 टूरिस्ट फंसे हुए हैं। हिमाचल में ताजा हिमपात के कारण न्यूनतम तापमान शून्य से 15 से 20 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया है। सोलन जिले के धरमपुर इलाके के गाहर गांव में भूस्खलन की चपेट में आने से बिहार के दो मजदूरों की मौत हो गई है। बताया जाता है कि सोमवार रात को जब दोनों मजदूर घर में सो रहे थे, उसी समय चट्टान दरकी जिससे सुखारी मुखिया (31) और बासे मुखिया (46) मलबे में दब गये।

पुलिस का कहना है कि दोनों ही चार दिन पहले गाहर गांव आए थे। पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने लाहौल स्पीति जिले में हिमस्खलन की चेतावनी को देखते हुए मंगलवार को विभिन्न हिमपात प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि सोमवार को स्पीति उपमंडल में स्थानीय लोगों को सूचना मिली कि 17 पर्यटक फंसे हुए हैं, जिनमें छह विदेशी भी शामिल हैं। राज्य के काजा क्षेत्र के स्नो फ्लैक्स होमस्टे में ठहरने वाले पर्यटकों में अमित, विकास अनिल तुषीर, नवीन राणा, मनीष, दीपक मलिक और रेहनात शामिल हैं।

लाहौल-स्पीति में भारी बर्फबारी के कारण मोबाइल कनेक्टिविटी भी प्रभावित हुई है। हिमपात के कारण विभिन्न स्थानों पर फंसे पर्यटकों की कुशलक्षेम के बारे में उनके परिवार से संपर्क कर सूचना दी गई है। प्रशासन ने कहा कि सीमा सड़क संगठन ने सड़क खोलने के लिए जेसीबी और बर्फ तोड़ने की एक मशीन को लगाया है।



## सामूहिक मतांतरण मामले की सुनवाई में रोड़े अटका रहा मौलाना कलीम सिद्दीकी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सामूहिक मतांतरण मामले की सुनवाई में मौलवी मौलाना कलीम सिद्दीकी रोड़े अटका रहा है। सिद्दीकी पर राज्य के आतंकवाद निरोधी दस्ते ने देश भर में मतांतरण सिंडिकेट चलाने का आरोप लगाया है।

जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस संजय कुमार की पीठ को अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) गरिमा प्रसाद ने बताया कि सिद्दीकी और मामले के अन्य आरोपित ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही में रोड़े अटकाने की कोशिश कर रहे हैं। आरोपों से इनकार करते हुए सिद्दीकी की ओर से पेश वकील ने कहा कि पिछले एक साल में मुकदमे के दौरान 11 गवाहों से पूछताछ की जा चुकी है। एएजी ने पीठ से तीन आरोपितों की जमानत रद्द करने का अनुरोध किया।

पीठ ने राज्य सरकार को 19 मार्च तक मामले में हलफनामा दायर करने की अनुमति दी। मामले की अगली सुनवाई दो अप्रैल को होगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विशेष अनुमति याचिका दायर की है, जिसमें इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा सिद्दीकी को दी गई जमानत को रद्द करने की मांग की गई है।

पिछले साल अप्रैल में हाई कोर्ट ने सिद्दीकी को जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया था। सिद्दीकी को 100 से ज्यादा लोगों का मतांतरण कराने के आरोप में मेरठ से गिरफ्तार किया गया था।

## मध्य प्रदेश में भाजपा की चुनावी तैयारियां तेज, प्रचार रथ रवाना

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। सभी 29 संसदीय क्षेत्र के लिए दो-दो एलईडी प्रचार रथों को रवाना किया गया है। इन रथों के जरिये छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाएं होंगी और आमजन से विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए सुझाव लिए जाएंगे। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को आयोजित समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाकर सभी 29 संसदीय क्षेत्र के लिए प्रचार रथ को रवाना किया। हर संसदीय क्षेत्र के लिए दो प्रचार रथ हैं। प्रचार रथ आमजन के बीच पहुंचकर विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए सुझाव लेंगे और केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत भी कराएंगे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री यादव ने भाजपा के अबकी बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार नारे का जिक्र करते हुए कहा कि अब तो प्रतिपक्ष के नेता भी इस नारे को कहने लगे हैं।

## हेमंत की एफआईआर पर एक्शन, झारखंड पुलिस ने 4 चैनल के पत्रकार को भेजा समन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के चार चैनलों के पत्रकारों को झारखंड पुलिस ने तलब किया है। यह एक्शन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले में लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि पत्रकारों ने शुरू में 29 जनवरी को सोरेन के दिल्ली आवास से ईडी द्वारा बीएमडब्ल्यू कार और 36 लाख रुपये नकद जब्त किए जाने की खबरें चलाई थीं। सूत्रों ने कहा कि पत्रकारों से खबर के स्रोत के बारे में पूछताछ की जाएगी। उन्होंने कहा कि समन पिछले महीने किसी समय जारी किए गए थे। सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले, 31 जनवरी को, रांची पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि ईडी ने उन्हें और उनके पूरे समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने के लिए 29 जनवरी को दिल्ली में उनके आवास पर सर्च अभियान



चलाया था। सोरेन ने अपनी शिकायत में लिखा है कि ईडी के अधिकारियों ने तमाशा बनाने और जनता की नजरों में उनकी बदनामी करने के लिए सर्च को लेकर मीडिया को सूचित किया था। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा, हमने चार मीडिया चैनलों न्यूज18, जी न्यूज, आज तक और न्यूज 24 के पत्रकारों को समन जारी किया है। हमने उनसे जांच के लिए रांची आने को कहा है। हालांकि, उन्होंने जवाब दिया है कि वे नहीं आ सकेंगे। इसलिए हम उनके पास जायेंगे। जब सिन्हा से समन के विषय के पीछे के कारण के बारे में पूछे गया तो उन्होंने कहा, यह एक चल रही जांच है और हम ज्यादा विवरण नहीं बता सकते हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, एफआईआर एससी/एसटी अधिनियम की धारा 3(1) (पी) (झूठी, दुर्भावनापूर्ण या कष्टप्रद कानूनी कार्यवाही शुरू करना), (आर) (जानबूझकर अपमान करना या सार्वजनिक कानून के भीतर किसी भी स्थान पर अपमानित करने की धमकी देना), (एस) (सार्वजनिक दृष्टि से किसी भी स्थान पर जाति के नाम से गाली देना), (यू) (शत्रुता, घृणा या दुर्भावना की भावनाओं को बढ़ावा देना) के तहत दर्ज की गई थी। इसमें ईडी के अतिरिक्त निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा और दो अन्य अधिकारियों - अनुमान कुमार और अमन पटेल और अन्य अज्ञात अधिकारियों का नाम शामिल है।

## यूपी में महाशिवरात्रि के लिए बढ़ाई गई सुरक्षा

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने 8 मार्च के महा शिवरात्रि त्योहार के लिए सभी पुलिस आयुक्तों, सभी पुलिस जोन के अतिरिक्त महानिदेशकों, पुलिस रेंज के आईजी/डीआईजी और जिला पुलिस प्रमुखों को सुरक्षा और यातायात प्रबंधन दिशानिर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आयोजकों, शांति समितियों और शिविर प्रबंधकों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। जलाभिषेक स्थलों पर कड़ी सुरक्षा लागू की जाएगी, जिसमें तोड़फोड़ रोधी जांच और क्यूआरटी तैनाती शामिल है। कांवड़ यात्रा मार्गों, संवेदनशील क्षेत्रों और महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आपात स्थिति से निपटने और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से रात में अतिरिक्त अधिकारी मार्गों पर मौजूद रहेंगे। प्रशांत कुमार ने कांवर मार्गों पर पिकेट, मोबाइल गश्त और पैदल गश्त के साथ पुलिस की उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर यूपी में 112 वाहनों को तैनात किया जाएगा।

## एकनाथ शिंदे दिखे नरम, पहले 22 अब 13 लोकसभा सीटों पर शिवसेना लड़ सकती है चुनाव

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन के सीट बंटवारे पर मंगलवार को अमित शाह ने चर्चा की। उन्होंने सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम अजित पवार से मुलाकात की। इस दौरान देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे। मीटिंग में एकनाथ शिंदे थोड़े नरम दिखे और पहले 22 सीटें मांग रही शिवसेना ने 13 लोकसभा सीटों की बात रखी। वहीं अजित पवार ने मांग रखी कि बारामती समेत उन्हें 8 सीटें दी जाएं। इस पर अमित शाह ने टफ डील रखते हुए एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 10 सीटों का ऑफर किया और अजित पवार की पार्टी को 4 ही सीटें देने को कहा।

इनमें से एक सीट बारामती और दूसरी गढ़ चिरौली की होगी, जहां अजित पवार अपनी पत्नी सुनेत्र को उतारना चाहते हैं। बारामती सीट से शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले सांसद बनती रही हैं। गढ़चिरौली से अजित पवार राज्य सरकार में मंत्री धर्मराव बाबा आत्राम को उताना चाहते हैं। भाजपा चाहती है कि 48 में से 32 सीटें वह खुद लड़े और बाकी सीटें गठबंधन के साथियों को दी जाएं। अमित शाह ने कहा कि भाजपा के जीतने की संभावनाएं लोकसभा में अधिक हैं। इसलिए अभी हमें ज्यादा सीटें दीजिए। फिर विधानसभा चुनाव में गठबंधन के साथियों के लिए भाजपा ज्यादा सीट छोड़ देगी। इस तरह अमित शाह ने टफ डील के साथ एक बड़ा वादा भी कर दिया है।

भाजपा चाहती है कि परभणी, औरंगाबाद, उस्मानाबाद और रत्नागिरी सिंधुदुर्ग की सीटों में फेरबदल भी कर लिया जाए। अब मुंबई की बात करें तो यहां एकनाथ शिंदे की पार्टी ने 2 सीटों की मांग रखी है।

## कांग्रेस नागौर सीट बेनीवाल के लिए छोड़ सकती है

### हरीश चौधरी ने कांग्रेस और आरएलपी से गठबंधन का किया विरोध

**नागौर, एजेंसी।** राजस्थान में कांग्रेस और आरएलपी से गठबंधन की चर्चा जोरों पर है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस नागौर सीट बेनीवाल के लिए छोड़ सकती है। हालांकि, पार्टी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में मंथन होने की बात कही जा रही है। चर्चा है कि हनुमान बेनीवाल के धुर विरोधी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश चौधरी ने गठबंधन का विरोध किया है। बता दें हरीश चौधरी बेनीवाल की पार्टी को गहलोत की प्रायोजित पार्टी बता चुके है। ऐसे में माना जा रहा है कि हरीश चौधरी ने गठबंधन का विरोध किया है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर उनका बयान नहीं आया है। सूत्रों के अनुसार पार्टी का एक वर्ग बेनीवाल से गठबंधन के पक्ष में बताया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए राजस्थान में हनुमान बेनीवाल की आरएलपी के साथ गठबंधन करने पर विचार कर रही है। हालांकि पार्टी नेताओं के एक वर्ग ने गठबंधन को लेकर विरोध जाहिर किया है। लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मंत्री हरीश चौधरी ने मंगलवार को



यहां राज्य के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की चयन समिति की बैठक के दौरान गठबंधन पर अपना विरोध व्यक्त किया है। राज्य के कांग्रेस के कुछ अन्य वरिष्ठ नेता भी बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के साथ संभावित गठबंधन के खिलाफ हैं। उन्होंने कांग्रेस के प्रति बेनीवाल के पिछले विरोध और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उनकी टिप्पणियों का हवाला दिया है। माना जा रहा है कि अगर गठबंधन हुआ तो नागौर लोकसभा सीट बेनीवाल के खाते में जाने की पूरी संभावना है। राजस्थान में बीजेपी मिशन 25 के संकल्प के साथ काम कर रही है। राजस्थान में सबसे पहले बीजेपी ने 15 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर चुकी है। जबकि अभी 10 सीटों पर ऐलान होना अभी बाकी है। नागौर लोकसभा सीट पर पिछली बार आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल ने जीत हासिल की थी। इस दौरान उन्होंने बीजेपी को अपना समर्थन दिया था।

## डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के घर का बोरवेल भी सूख गया, बेंगलुरु में भयानक जल संकट

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु भीषण जल संकट से जूझ रही है। आम जनता के अलावा, डिप्टी सीएम के घर पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि बेंगलुरु के सभी इलाके जल संकट का सामना कर रहे हैं और यहां तक कि उनके घर का बोरवेल भी सूख गया है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को वादा किया कि सरकार किसी भी कीमत पर बेंगलुरु को पर्याप्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा, हम गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं, लेकिन किसी भी



कीमत पर शहर में पानी की सप्लाई सुनिश्चित करेंगे।

बेंगलुरु में बारिश की कमी के कारण बोरवेल सूख गए हैं। आवासीय सोसायटियों ने लोगों को पानी के इस्तेमाल में सावधानी बरतने की सलाह दी है। संकट के बीच, कई निजी प्राइवेट टैंकर लोगों से पानी पहुंचाने के बदले अत्यधिक पैसे ले रहे हैं। इस पर शिवकुमार ने कहा, कुछ टैंकर 600 रुपये में पानी की सप्लाई कर रहे हैं, जबकि कुछ 3,000 रुपये तक वसूल रहे हैं। एक समान पैसे तय करने के लिए, हमने सभी पानी टैंकरों को अधिकारियों के साथ पंजीकरण कराने के लिए कहा है। टैंकरों द्वारा तय की गई दूरी के आधार पर कीमतें तय की जाएंगी।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने शनिवार को कहा था कि पानी की भारी कमी के मद्देनजर राज्य सरकार बेंगलुरु में सभी निजी जल टैंकर अपने कब्जे में लेगी। शिवकुमार ने यहां सदाशिवनगर स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा, बेंगलुरु में पानी की भारी कमी है। बीडब्ल्यूएसएसबी (बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड) और बीबीएमपी (बृहद बेंगलुरु महानगर पालिका) के अधिकारी इस मुद्दे के समाधान के लिए दैनिक आधार पर बैठकें कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हमने बेंगलुरु में सभी पानी के टैंकरों का 7 मार्च से पहले पंजीकरण कराने का निर्देश दिया है क्योंकि जल आपूर्तिकर्ता ग्राहकों से लूट रहे हैं। हमने बेंगलुरु में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए सोमवार दोपहर 12 बजे एक बैठक बुलाई है। पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को 10 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है।

## सीएम भजनलाल का तोहफा, 8 मार्च को महिलाओं के लिए रोडवेज बसों में फ्री यात्रा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने महिलाओं को तोहफा दिया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाएं और बालिकाएं राजस्थान रोडवेज की बसों में निशुल्क यात्रा कर सकेंगी। सरकार ने आदेश जारी कर दिए है। जारी आदेश के अनुसार यह निशुल्क यात्रा राजस्थान के भौगोलिक सीमा तक मान्य होगी। इसके अलावा यह निशुल्क सेवा वातानुकूलित, वोल्वों एवं अखिल भारतीय अनुज्ञा पत्रों पर संचालित बसों पर देय नहीं होगी। जारी आदेश के अनुसार एक दिवस का तात्पर्य कलेंडर दिवस 8 मार्च 2024 को 12 बजे रात्रि 23ः59 तक होगा। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की कार्यकारी निदेशक (यातायात) डॉ. ज्योति चौहान ने एक बयान में बताया कि आठ मार्च को सभी महिलाएं और बालिकाएं राजस्थान रोडवेज की समस्त साधारण और द्रुतगामी (एक्सप्रेस) बसों (वातानुकूलित और वोल्वो के अतिरिक्त) में राज्य की सीमा में निशुल्क यात्रा कर सकेंगी।

महिलाओं के लिए बसों में मुफ्त यात्रा

8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजस्थान सरकार ने महिलाओं के लिए एक अहम घोषणा की है। सीएम एम भजनलाल शर्मा की सरकार ने प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं के लिए राजस्थान रोडवेज की सभी बसों में यात्रा का मुफ्त कर दिया है। इसमें साधारण और तेज दोनों तरह की बसें शामिल हैं. तो वहीं अनुमानित 8.50 लाख महिलाओं की तरफ से इस सेवा का उपयोग करने की उम्मीद जताई जा रही है।

### आपराधिक गतिविधियों के साथ साइबर क्राइम पर होगा फोकस

# तीन ट्रेनी डीएसपी संभालेंगे थानों की कमान रोहतास एसपी ने सभी को सौंपी जिम्मेदारी

- पंकज कुमार करगहर थाना के थानाध्यक्ष बनाएं गएं एवं श्वेता कुमारी रोहतास थाना की बनाई गई हैं थानाध्यक्ष



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिले में तीन ट्रेनी डीएसपी ने बुधवार को अलग-अलग थानों में थानाध्यक्ष के रूप में योगदान दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी विनीत कुमार ने बताया कि तीन परिवीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षकों की जिले के तीन थानों में तैनाती की गई है। पंकज कुमार करगहर थाना के थानाध्यक्ष बनाएं गएं है, श्वेता कुमारी रोहतास थाना की थानाध्यक्ष बनाई गई हैं। जबकि ज्योति कुमारी सूर्यपुरा थाना की थानाध्यक्ष बनाई गई हैं। तीनों 65वीं बीपीएससी बैच के हैं। करगहर थानाध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करने के बाद पंकज कुमार ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता साइबर क्राइम पर कंट्रोल है। थाना क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल, विधि व्यवस्था बनाए रखना, आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास कायम रखना आदि है। कहा कि युवा पीढ़ी पर उनका विशेष फोकस रहेगा, कि वो नशा एवं आपराधिक गतिविधियों से दूर रहे। पदभार ग्रहण करते समय मौके पर इंस्पेक्टर विजय कुमार और अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। इसी तरह ट्रेनी डीएसपी ज्योति कुमारी ने सूर्यपुरा थाना के थानाध्यक्ष के रूप में योगदान दिया। मौके पर इंस्पेक्टर प्रिया कुमारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे। जबकि कैमूर पहाड़ी क्षेत्र में स्थित रोहतास थाना में थानाध्यक्ष के रूप में ट्रेनी डीएसपी श्वेता कुमारी ने योगदान दिया।

## लोकसभा चुनाव तक पंप पर 4000 लीटर पेट्रोल और डीजल रखना जरूरी : डीटीओ

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गई है। जिला परिवहन पदाधिकारी राम बाबू ने बुधवार को पेट्रोल पंप मालिकों के साथ बैठक किया। इसमें चुनावों में लगे वाहनों को पेट्रोल-डीजल मिल सके, इसके लिए पंप में कम से कम चार हजार लीटर पेट्रोल, चार हजार लीटर डीजल और 200 लीटर इंजन ऑयल का स्टॉक रखने का आदेश जारी किया। डीटीओ ने बताया कि सभी को पर्याप्त स्टॉक और समय पर आपूर्ति देने के लिए निर्देश भी दिया गया। इसके साथ ही यह भी कहा कि यह आदेश चुनाव खत्म होने तक प्रभाव में रहेगा।

# सड़क दुर्घटना में भाई एवं पिता-पुत्र सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल

- प्राथमिक उपचार के बाद पांच को गंभीर हालत में किया गया रेफर
- चैनपुर के एनएच 219 पर औखरा गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना

निज संवाददाता

**चैनपुर (कैमूर) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के औखरा गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चांद थाना क्षेत्र के छोटका अमांव गांव निवासी भूपेंद्र सिंह के 25 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार, 19 वर्षीया पुत्री छोटी कुमारी एवं रिश्तेदारी में आई औरंगाबाद के बस्तीपुर निवासी 17 वर्षीया बुच्ची कुमारी, छोटका अमांव गांव के धीरेंद्र सिंह की 18 वर्षीया पुत्री मुस्कान कुमारी एवं दूसरी बाइक पर सवार चांद थाना क्षेत्र के हसरेव गांव निवासी 35 वर्षीय इजराइल व उनके 17 वर्षीय पुत्र इम्तेयाज शामिल हैं। घायल बताया जाता है। इस घटना की जानकारी चैनपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां डॉ. मनोज कुमार दुबे द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल में रेफर कर दिया। सदर अस्पताल के चिकित्सक ने भी उकनी गंभीर हालत को देख इलाज करते हुए भूपेंद्र को छोड़ सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर बेहतर इलाज के लिए बनारस चले गए। परिजनों द्वारा बताया गया कि पहले बाइक पर सवार लोग मुंडेश्वरी से शादी समारोह में भाग लेकर छोटका अमांव जा रहे थे। दूसरी बाइक सवार हसरेव से चैनपुर की तरफ आ रहा था। इसी दौरान दोनों बाइक के बीच औखरा के पास जोरदार टक्कर हो गई। चैनपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि हादसे में शामिल दोनों बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाना लाया गया है।

## पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर राजपुर थाना पुलिस के द्वारा गहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में बक्सर कोचस मुख्य मार्ग में जलहरा गांव के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले सभी दो पहिया वाहनों तथा चार पहिया वाहनों की सघन तलाशी ली गई। हालांकि इस दौरान किसी भी वाहन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस मौके पर थानाध्यक्ष ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से प्रतिदिन सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर सूत्रों के माध्यम से नजर रखी जा रही है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले ऐसे लोगों पर पुलिस की पैनी नजर है। ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

### 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जाएगा आयोजन

# दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा चलाया गया ऋण वसूली अभियान

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के द्वारा पूरे जिले में ऋण वसूली अभियान चलाया गया। अरवल के डीसीओ सुमंत कुमार ने बताया कि यह अभियान पूरे जिले में 9 मार्च तक चलाया जाएगा। 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जो भी बैंक से ऋण लिए हैं वे एक मुफ्त राशि देकर अपना समझौता कर लें। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक करपी मुख्य प्रबंधक वसूली अरुण कुमार ने बताया कि इस अभियान में जो भी एक मुश्त समझौता करना चाहते हैं, उन्हें 65% तक छूट दिया जाएगा। अब तक बैंक के द्वारा इस प्रकार के छूट नहीं दी गई है। यह पहला मौका होगा कि एक मुश्त ऋण समझौता करने वाले लोगों को इतनी बड़ी छूट मिलेगी। जो लोग भी ऋण समझौता करना चाहते हैं वह अपने नजदीकी शाखा में जाकर समझौता कर ले या 9 मार्च को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में भी समझौता कर सकते हैं। 9 मार्च के बाद किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा उनके खिलाफ बैंक कानूनी कार्रवाई करेगी।

बैंक के द्वारा कोई छूट भी नहीं दी जाएगी तथा पूरे पैसे की वसूली की जाएगी। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के विभिन्न शाखों से बड़ी संख्या में लोग ऋण लिए हुए हैं और अब ऋण नहीं चुका पा रहे हैं। वैसे लोगों के लिए यह बेहतर मौका है कि अपना ऋण चुकता कर बैंक के द्वारा दी जा रहे सुविधा का लाभ उठाएं। शाखा प्रबंधक के द्वारा विभिन्न गांव में जा जाकर लोगों से अपना ऋण चूकता करने की अपील की गई।

## स्वयं सेवी संस्थाओं का जिला स्तरीय फोरम गठन सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** सदर अस्पताल, भभुआ स्थित कैदी वार्ड के नीचे आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत, पीरामल फाउंडेशन के द्वारा, चैनल डेवलेपमेंट के अंतर्गत स्वयं सेवी संस्थाओं का जिला स्तरीय फोरम गठन सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सहभागियों को बताया गया कि संयुक्त रूप से कैसे सामाजिक मुद्दों पर आपसी कन्वर्जेन्स एवं कोलेबोरेशन के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जाय। ताकि समाज की जरूरतों एवं सरकार के योजनाओं को लाभार्थियों के साथ समय रहते पूरा किया जा सके। इस कार्यक्रम में श्रोताओं को संबोधित करते हुए। पीरामल फाउंडेशन के जोनल लीड प्रभात कुमार ने पीरामल फाउंडेशन के परिचय दिया तथा संस्था के विजन एवं मिशन से सभी को परिचय कराया। संयुक्त संगठन फोरम में शामिल संस्थाओं को पीरामल फाउंडेशन के द्वारा समय समय पर तकनीकी सहयोग देने की बात की गई। जिसमें, ऑर्गनाइजेशन डेवलपमेंट के अंतर्गत ऑनलाइन कोर्स, एक्सपर्ट टॉक, सी.एस. आर. कनेक्ट जैसे सहयोग शामिल है।

इसके अलावा उन्होंने सभी संस्थाओं से यह भी अनुरोध किया कि जिस भी क्षेत्र में आप कार्य कर रहे हैं, उस क्षेत्र में आपके द्वारा किये गए कार्यों का एक संक्षिप्त रिपोर्ट भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय समय पर उपलब्ध जरूर कराएं ताकि, सरकार एवं संस्थाओं के बीच आवश्यक सामंजस्य बना रहे। बैठक में शामिल सभी सदस्यों ने संयुक्त संगठन की अगली बैठक की तिथि और स्थान भी निश्चित कर लिया। इस कार्यक्रम को निरंतर रूप से संपादित करने के लिये सभी लोगों ने आपसी सहमति जताई। उन्होंने बताया कि यह प्लेटफार्म अपने आप में अनूठा है, एवं इसके माध्यम से हमलोग एक साथ आये हैं। इस कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट लीड आकांक्षा कुमारी, प्रोग्राम लीड़र, राकेश राय मौजूद थे।

## खेल बच्चों की प्रतिभा को उभारती है : उपविकास आयुक्त



निज संवाददाता

**अरवल।** अरवल दिल्ली पब्लिक स्कूल में तीसरा वार्षिक खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक विद्यासागर और उप विकास आयुक्त रविंद्र कुमार शामिल हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार ने खेलों के महत्व के बारे में बच्चों को बताया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा अतिथियों को गॉड आफ ऑनर दिया गया। इसके बाद बच्चों ने परेड की पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी ली।इसके बाद छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम पेश कर बच्चों ने वार्षिकोत्सव में समा बांध दिया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक और विद्यालय के प्रधानाचार्य दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर उपविकास आयुक्त ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से बच्चों की प्रतिभा उभरती है मानसिक रूप से बच्चे मजबूत होते हैं और शारीरिक रूप से भी मजबूती मिलती है शिक्षा के साथ-साथ खेल भी जीवन में जरूरी है। बच्चों के द्वारा वाद्य यंत्रों की सुरीली मोहक प्रस्तुति ने ऐसा समा बांधा कि पूरा विद्यालय परिसर उमंग और हर्षोल्लास से भर गया। कार्यक्रम के दौरान खेल प्रतियोगिता में उतीर्ण होने वाले विद्यालय के छात्र अमन कुमार सोनू कुमार अमृत कुमार आदित्य कुमार प्रिंस कुमार पियूष आनंद सुमित और छात्र प्राची कुमारी साधु निशा ट्विंकल लक्ष्मी प्रिया मुस्कान मोनिका समेत स्कूल के बच्चों को विद्यालय के प्रधानाचार्य और उप विकास आयुक्त के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## हत्या मामले में पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** जिले के अगरेर थाना क्षेत्र अंतर्गत आकाशी गांव में गत महीने हुए एक दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि आकाशी गांव में एक मासूम बच्चे की हत्या के आरोप में ग्रामीणों ने एक महिला की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी और आरोपित महिला का घर भी आग लगाकर जला दिया था। मासूम बच्चे के परिजन एवं ग्रामीण यही नहीं रुके उन्होंने आरा सासाराम मुख्य पथ को जामकर विधि व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न कर दी। जिसके बाद पुलिस ने 22 नामजद एवं चालीस अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जाने लगी।

## जांच के दौरान 3194 लीटर विदेशी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, उत्तर प्रदेश से लाई जा रही थी खेप

निज संवाददाता



**मोहनिया (कैमूर)।** कैमूर के मोहनिया पुलिस ने उत्तर प्रदेश से कैमूर में प्रवेश करने के दौरान समेकित जांच चौकी मोहनिया पर एक ट्रक को रुकवा कर जांच शुरू किया तो ट्रक में चावल का मुर्री लदा हुआ था। जिसके बाद मुर्री की बोड़ी को हटाकर देखा गया तो भारी मात्रा में शराब की पेटीयां छुपाई गई थी। जहां पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर मोहनिया थाना लाया और शराब की कुल गिनती करने पर 2607 लीटर शराब को जब्त किया। वही दुर्गावती थाना क्षेत्र के चीपली पोखर गांव के पास पुलिस ने एक बोलेरो से 449 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं स्कोडा कार से 138 लीटर शराब को जब्त किया गया है। इस तरह पुलिस द्वारा कुल 3194 लीटर शराब जब्त किया गया है। एक ट्रक सहित तीन वाहन जप्त हुए हैं, तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। जब्त शराब का बाजार मूल्य साढे 17 लाख रुपए बताई जा रही है। प्रशिक्षु डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि मोहनिया पुलिस के द्वारा समेकित चेक पोस्ट पर एक ट्रक से भारी मात्रा में शराब को बरामद किया है। वहीं दुर्गावती थाना क्षेत्र से दो कार से 587 लीटर शराब बरामद किया गया है। जिसमें कुल 3 लोग गिरफ्तार हुए हैं। जब्त शराब का बाजार मूल्य लगभग साढे 17 लाख रुपए बताई जा रही। ट्रक के चालक द्वारा शराब की खेप पटना पहुंचाने की बात बताई जा रही है। जिसे पुलिस जांच कर रही है।

**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू)**

**(प्रेस विज्ञप्ति)**

पलामू जिला अन्तर्गत गृह रक्षक नवनामांकन हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0-01/2023 में उपलब्ध रिक्ति के विरूद्ध झारखण्ड गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली-2014 में उल्लेखित निर्धारित मापदण्ड/अहर्त्ता के अनुरूप अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची पलामू जिला के अधिकारिक वेबसाईट-palamu.nic.in पर उपलब्ध है।

ह0/
उपायुक्त-सह-अध्यक्ष
गृह रक्षक नवनामांकन समिति, पलामू

PR 321671 District(23-24)#D

# सरकारी क्वार्टर पर अवैध कब्जे को पुलिस ने कराया मुक्त

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** कुछ दिन पहले मुकेन्द्र यादव नामक एक व्यक्ति के द्वारा सरकारी क्वार्टर पर अवैध रूप से किए गए कब्जा को सदर सीओ स्नेहा सत्यम ने पुलिस की सहायता से मुक्त करा दिया। सीओ ने बताया कि संबंधित व्यक्ति को प्रशासन द्वारा से बार-बार खाली करने का निर्देश दिया जा रहा था लेकिन प्रशासन के निर्देश के बाद भी वह क्वार्टर खाली नहीं कर रहा था। सरकारी क्वार्टर पर कब्जे की शिकायत जिला प्रशासन से की गई थी। जांच कराई गई तो उसके द्वारा गलत तरीके से कागजात बनाकर सरकारी क्वार्टर को कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया। अंचलाधिकारी ने बताया कि उस व्यक्ति को नोटिस दिया गया था कि अवैध रूप से कब्जे को खाली कर दे। लेकिन जब नोटिस मिलने के बाद भी क्वार्टर को खाली नहीं किया तो प्रशासन ने बल पूर्वक उसके अवैध कब्जा को खत्म करा दिया। कब्जा हटाने के बाद प्रशासन द्वारा क्वार्टर में ताला लगा दिया गया है। क्वार्टर को खाली करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंचे थे। जिस तरह से सरकारी क्वार्टर पर कब्जे की बात सामने आई है, इससे पता चल रहा है कि किस तरह से जमीन पर कब्जा करने वालों का मनोबल यहां बढ़ा हुआ है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना
ई0 निविदा संख्या- WRD/MID/GARHWA/$F_2$-26/2023-24
पत्रांक - 192 गढ़वा/दिनांक - 06.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | अकेलवा आम नाला पर चेकडैम का निर्माण, प्रखण्ड- रंका, जिला- गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 57,18,400/- |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0-निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 11.03.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0-निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 27.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0-निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 28.03.2024 (03:00 PM) |
| 8 | ई0-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई-मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651-2214784 |

नोटः- केवल ई0-निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट- jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 321689 (Minor Irrigation)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना
e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-05/2023-24
Dated :-06/03/2024

1. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पताः- कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नम्बर :- 06562-240100
3. वेबसाईट में ई-निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :- 11/03/2024 (अपराह्न 04.00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 28/03/2024 (अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 30/03/2024 (अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | भैंसबोरवा नाला (छेछानी ढोढ़ा) पर पक्का चेकडैम निर्माण | चैनपुर | 40,97,000.00 | 82,000.00 | 5,000.00 | 11 माह |
| 2 | रामपुर में गुड़गुडवा नाला पर पक्का चेकडैम का निर्माण | चैनपुर | 62,73,500.00 | 1,25,500.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 3 | शिव नाला तेतरियादामर पर पक्का चेकडैम का निर्माण | चैनपुर | 50,28,900.00 | 1,00,600.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 4 | भैंसलदवा नाला पर चेकडैम निर्माण | मनातू | 57,54,000.00 | 1,15,100.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 5 | कोहबरवा नाला पर चेकडैम निर्माण | मनातू | 69,02,400.00 | 1,38,100.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 6 | दलदलिया नाला पर चेकडैम निर्माण | मनातू | 52,09,600.00 | 1,04,200.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 7 | पनडुब्बी नाला पर चेकडैम निर्माण | पांकी | 59,48,100.00 | 1,19,000.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई-निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR.NO.321682 Water Resource(23-24):D



महिला प्रीमियर लीग : 2024

# इस्माइल ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला प्रीमियर लीग में अपनी रफ्तार से एक नया रिकॉर्ड बना दिया। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में शबनीम ने मुंबई की तरफ से गेंदबाजी करते हुए 132.1 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। महिला क्रिकेट के इतिहास में यह किसी भी खिलाड़ी के द्वारा फेंकी अब तक की सबसे तेज गेंद बन गई है।

इससे पहले महिला क्रिकेट में सबसे तेज गेंद डालने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी के नाम था, जिन्होंने 130 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद डाली थीं। दिल्ली के खिलाफ इस मुकाबले में मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मैच में पारी के तीसरे ओवर की दूसरी ही गेंद पर शबनीम ने रफ्तार के रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया।

### महिला क्रिकेट में शबनीम का रहा है खौफ

35 साल की शबनीम इस्माइल इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया है। हालांकि, इसके बावजूद महिला क्रिकेट में उनकी तूफानी गेंदबाजी का खौफ है। साउथ अफ्रीका के लिए खेलते हुए भी शबनीम ने अपनी तेज गेंदबाजी से कई रिकॉर्ड नाम कर चुकी है। महिला प्रीमियर लीग से पहले दो बार 127 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद डाल चुकी है जो कि महिला क्रिकेट में एक रिकॉर्ड है। शबनीम साउथ अफ्रीका के लिए 127 वनडे और 113 टी20 और एक टेस्ट मैच में मैदान पर उतरी हैं।

वनडे क्रिकेट में उन्होंने 191 विकेट लिए हैं जबकि टी20 में उनके नाम 123 विकेट दर्ज है। इसके अलावा टेस्ट में उन्हें तीन विकेट मिले हैं।



# दिल्ली ने अपने घर में चैंपियन मुंबई को 29 रन से पीटा, जेमिमा और लैनिंग ने जड़े तूफानी अर्धशतक

**दिल्ली, एजेंसी।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 12वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस को 29 रन से हरा दिया है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 192 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए थे। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 163 रन ही बना पाई। इस जीत के बाद दिल्ली की टीम अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई। वहीं मुंबई 5 मैच में दूसरी हार के बाद तीसरे पायदान पर है।

**जेमिमा और लैनिंग की तूफानी पारियां**

बात करें मैच की तो दिल्ली की जीत में कप्तान लैनिंग और जेमिमा के तूफानी अर्धशतक का सबसे बड़ा योगदान रहा। लैनिंग ने छह चौके और दो छक्के की मदद से 38 गेंद में 53 रन की पारी खेली। मौजूदा सत्र में अपने तीसरे अर्धशतक के साथ उन्होंने तीन उपयोगी साझेदारियां की। वहीं जेमिमा ने इसके बाद 33 गेंदों में आठ चौके और तीन छक्के लगाकर नाबाद 69 रन बनाये और टीम को 200 रन के के करीब पहुंचाया।

**शेफाली और कैप्सी ने भी खेली आक्रामक पारियां**

दिल्ली की ओर से शेफाली वर्मा (28) और ऐलिस कैप्सी (19) ने भी आक्रामक पारियां खेली। मुंबई इंडियन्स के लिए पूजा वस्त्राकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रही। उन्होंने चार ओवर में 20 रन देकर एक विकेट लिया। साइका इशाक (29 रन पर एक विकेट), शबनीम इस्माइल (46 रन पर एक विकेट) और हेले मैथ्यूज (23 रन पर एक विकेट) विकेट लेने वाले अन्य गेंदबाज थे।

**मुंबई का टॉप ऑर्डर रहा फेल**

193 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मुंबई का टॉप ऑर्डर बुरी तरह से फ्लॉप रहा। मुंबई को पहला झटका 7 के स्कोर पर यास्तिका भाटिया के रूप में लग गया था। इसके बाद सेवियर ब्रंट भी 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं थी। देखते ही देखते मुंबई की टीम ने 54 के स्कोर पर 4 और 68 पर 5 विकेट खो दिए थे। अमनजोत कौर ने सर्वाधिक 27 गेंद में 42 रन की पारी खेली। वहीं साजना ने 14 गेंद में नाबाद 24 रन बनाए।



# आईपीएल को हम भी उतना ही पसंद करते हैं जितना प्रशंसक करते हैं : ऋषभ पंत

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन 2024 से पहले कहा है कि आईपीएल एक भावना है, और हम इसे उतना ही पसंद करते हैं जितना प्रशंसक करते हैं। दिसंबर 2022 में एक दुखद दुर्घटना से उबरने के बाद उनके आईपीएल 2024 में अपनी फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए एक्शन में वापसी करने की उम्मीद है।

पंत आईपीएल 2024 में वापसी के लिए प्रशंसकों से मिले प्यार के लिए आभारी हैं। आईपीएल सीरीज अभियान अजब रंग दिखेगा से बात करते हुए पंत ने कहा कि अजब रंग दिखेगा अभियान का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। आईपीएल एक भावना है और हम भी इसे उतना ही पसंद करते हैं जितना प्रशंसक करते हैं। ऋषभ पंत ने कहा कि नए अभियान के माध्यम से, हम उन अनूठे सामुदायिक अनुभवों का जश्न मनाते हैं जो आईपीएल पूरे देश में पैदा करता है और इसे वास्तव में अविस्मरणीय अनुभव बनाता है।

मैं प्रशंसकों द्वारा दिए गए प्यार के लिए आभारी हूं और मैं आईपीएल 2024 का इंतजार कर रहा हूं। इससे पहले, भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने पंत पर नवीनतम अपडेट का खुलासा किया, जिन्होंने 31 दिसंबर, 2022 को एक भयानक दुर्घटना का सामना करने से पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व किया था और तब से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक गांगुली ने कहा कि उन्होंने फिट होने के लिए सब कुछ किया है और यही कारण है कि एनसीए उन्हें मंजूरी दे देगा। दिल्ली कैपिटल्स ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2024 में पंत टीम की कप्तानी करेगा या नहीं।

# अश्विन ने 2012 की इस हार को बताया करियर का टर्निंग पॉइंट, इंग्लैंड ने दिया था जख्म

**धर्मशाला, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में 7 मार्च से शुरू होने वाला पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए बहुत खास होगा, क्योंकि वह अश्विन का 100वां टेस्ट मैच है। अश्विन ने मंगलवार को धर्मशाला में प्रेस कॉन्फ्रेंस को ब्रीफ करते हुए अपनी भावनाओं के बारे में बताया। इस दौरान अश्विन ने टेस्ट करियर के मुश्किल दौर को भी याद किया। अश्विन ने अपने टेस्ट करियर के सबसे बड़े टर्निंग पॉइंट का भी जिक्र किया।



### 2012-13 की हार ने सिखाया सबक

अश्विन ने 2012-13 में इंग्लैंड के हाथों मिली हार को करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया है। अश्विन ने कहा है कि उस सीरीज ने मुझे सबसे बड़ा सबक सिखाया। मुझे लगा था कि उस सीरीज के बाद मैं टीम से बाहर कर दिया जाऊंगा, क्योंकि मैंने चार टेस्ट मैचों में 52.64 की औसत से 14 विकेट लिए थे। अश्विन ने बताया कि उस सीरीज के बाद उनकी गेंदबाजी पर सवाल उठने लगे थे, लेकिन उस सीरीज ने मुझे और भी बहुत कुछ सीखने के लिए प्रेरित किया।



# भारत के अंपायर नितिन मेनन के नाम दर्ज होगी ये बड़ी उपलब्धि, पूरी कराएंगे फैब 4 की स्पेशल सेंचुरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के अंपायर नितिन मेनन खुद को बहुत ही ज्यादा भाग्यशाली समझ सकते हैं, क्योंकि वह दुनिया के एकमात्र अंपायर हैं, जो मौजूदा समय के चार दिग्गज खिलाड़ियों की ऐतिहासिक मैच के गवाह बनेंगे।

फैब 4 में विराट कोहली, जो रूट, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन को शामिल किया जाता है। इनमें से तीन खिलाड़ी 100 या इससे ज्यादा टेस्ट मैच खेल चुके हैं, लेकिन केन विलियमसन 8 मार्च को ऐसा करने जा रहे हैं। हालांकि, हैरान करने वाली बात ये है कि विराट, रूट और स्मिथ के 100वें टेस्ट मैच में नितिन मेनन ही अंपायर थे और विलियमसन की स्पेशल सेंचुरी में भी नितिन मेनन ही अंपायर होंगे।

आपको बता दें, नितिन मेनन ने सबसे पहले जो रूट के 100वें टेस्ट मैच में अंपायरिंग की थी। ये मैच 5 फरवरी 2021 को चेन्नई में भारत के खिलाफ खेला गया था। इसके बाद विराट कोहली के 100वें टेस्ट मैच में भी नितिन मेनन अंपायर थे। ये मैच श्रीलंका के खिलाफ मोहाली में 4 मार्च 2022 को खेला गया था। वहीं, पिछले साल लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 6 जुलाई को स्टीव स्मिथ अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने उतरे थे। उस मैच में भी अंपायर नितिन मेनन ही थे। अब 8 मार्च को केन विलियमसन 100वां टेस्ट खेलने वाले हैं और इस बार भी नितन मेनन को अंपायर की भूमिका संभालनी है।

वूशुः अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में जीता स्वर्ण

# सतना की वैष्णवी ने आत्मसुरक्षा के लिए अपनाया वूश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 21 वर्षीय वैष्णवी बताती हैं कि वे पांच भाई-बहन हैं और उनके पिता पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। वैष्णवी 2019 की जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में विजेता बनीं। मास्को स्टार वूशु टूर्नामेंट के फाइनल में उन्होंने रूसी खिलाड़ी को हराया। वैष्णवी त्रिपाठी ने पांच वर्ष पूर्व बड़ी बहन गीतांजलि को देखकर आत्मसुरक्षा के लिए मार्शल आर्ट्स वूशु को अपनाया था, लेकिन जिस खेल को सतना की इस खिलाड़ी ने अपनी सुरक्षा के लिए चुना उसी में उन्होंने देश के लिए स्वर्ण जीता। वैष्णवी ने अपने पहले ही अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट मास्को स्टार वूशु के 48 भार वर्ग में सोना जीता। चीन समेत 12 देशों की मौजूदगी में भारत ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कुल 16 स्वर्ण पदक जीते। वैष्णवी ने सांडा वर्ग में स्वर्ण जीता।



### सुधांशु त्रिवेदी की बधाई से आई सुर्खियों में

वैष्णवी मंगलवार को अचानक उस वक्त सुर्खियों में आई जब भाजपा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने सोशल मीडिया पर उनके बारे में लिखा कि, अब तक वैष्णवी को बधाइयों का तांता लग जाना था, लेकिन सन्नाटा पसरा हुआ है, अरे भाई देश की बेटी ने स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने अंत में लिखा आपकी मर्जी बिटिया को बधाई दो या ना दो हम तो देंगे। वैष्णवी मास्को से अमर उजाला को बताती हैं कि उन्होंने भी सुधांशु सर की बधाई के बारे में सुना है, उनके लिए यह बड़ी बात है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई दी।

### बड़ी बहन बनीं प्रेरणा

वैष्णवी की बड़ी बहन गीतांजलि भी वूशु खिलाड़ी और देश के लिए 2022 में जॉर्जिया अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण जीत चुकी हैं। वैष्णवी के मुताबिक वही उनकी प्रेरणा हैं। उन्होंने और उनकी बहन ने पास में ही इस खेल का अभ्यास करते बच्चों को देखा तो उन्हें लगा कि लड़कियों की सुरक्षा के लिए यह खेल बेहद अच्छा है। दोनों ने इसे अपनाया। गीतांजलि ने जल्द ही राष्ट्रीय टीम में जगह बना ली।

वैष्णवी बताती हैं कि उन्होंने राष्ट्रीय टीम में पदार्पण करते हुए स्वर्ण जीता है।

### फाइनल में रूसी खिलाड़ी को हराया

21 वर्षीय वैष्णवी बताती हैं कि वे पांच भाई-बहन हैं और उनके पिता पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। वैष्णवी 2019 की जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में विजेता बनीं। मास्को स्टार वूशु टूर्नामेंट के फाइनल में उन्होंने रूसी खिलाड़ी को हराया। वैष्णवी कहती हैं कि वह 2026 के एशियाई खेलों में देश के लिए स्वर्णिम प्रदर्शन करना चाहती हैं।

### यूपी की बुलबुल को भी स्वर्ण

मेरठ की बुलबुल चौधरी ने भी मंगलवार को मास्को में समाप्त हुई मास्को स्टार वूशु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा सोना जीतने वालों में गाजियाबाद के संतोष मिश्रा (48 भार वर्ग) और जम्मू कश्मीर की आइरा और अंशा चिश्ती भी शामिल हैं। भारतीय टीम के कोच सेना के अमित पॉल के मुताबिक बुलबुल ने सीनियर वर्ग के सांडा में 56 भार में स्वर्ण जीता। हरियाणा के आर्यन ने जूनियर वर्ग के 48 भार में स्वर्ण जीता।

आइरा ने सांडा के 52 और उनकी बहन अंशा ने 56 भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। हिमाचल प्रदेश के आर्यन सूद (60), दिल्ली के पंकज शर्मा (85), चंडीगढ़ की अनु (45) ने रजत पदक जीते।



# तेंदुलकर ने गिनाए डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने के फायदे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने भी युवा खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि इस बार के रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल दिलचस्प रहे। मुंबई ने बल्लेबाजी के दम पर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि विदर्भ और मध्य प्रदेश के बीच कांटे का मुकाबला जारी है। उन्होंने बीसीसीआई की तारीफ भी की, जो डोमेस्टिक क्रिकेट को बढ़ावा दे रहा है। सचिन ने ये भी बताया कि उनको जब भी मौका मिला, वे मुंबई के लिए खेले, लेकिन आजकल के क्रिकेटर ऐसा करने से कतरा रहे हैं। उनका मानना है कि इससे युवा खिलाड़ियों को फायदा होता है। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने रणजी ट्रॉफी को लेकर किए गए एक्स पोस्ट में लिखा,÷रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल दिलचस्प रहे। मुंबई का इसके फाइनल में पहुंचना शानदार बल्लेबाज़ी की मदद से हुआ, जबकि दूसरा सेमीफाइनल अंतिम दिन तक अधर में लटका हुआ है। मध्य प्रदेश को जीत के लिए 90 से ज्यादा रन चाहिए, जबकि विदर्भ को 4 विकेट चाहिए। अपने पूरे करियर के दौरान, जब भी मुझे मौका मिला, मैं मुंबई के लिए खेलने को लेकर जुनूनी रहा। बड़े हुए तो हमारे ड्रेसिंग रूम में लगभग 7-8 भारतीय खिलाड़ी थे और उनके साथ खेलना मजेदार था। उन्होंने आगे लिखा, जब भारत के खिलाड़ी अपनी घरेलू टीमों के लिए खेलते हैं, तो इससे युवाओं के लिए खेल की क्वालिटी बढ़ती है और कभी-कभी नई प्रतिभा की पहचान होती है। यह राष्ट्रीय खिलाड़ियों को कभी-कभी बुनियादी बातों को फिर से खोजने का मौका भी देता है। घरेलू टूर्नामेंटों में शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के भाग लेने से, समय के साथ प्रशंसक भी अपनी घरेलू टीमों को और अधिक फॉलो करना और समर्थन करना शुरू कर देंगे। यह देखना अद्भुत है कि बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट को समान प्राथमिकता दे रहा है।

पेरिस ओलंपिक्स

# ओलंपिक क्वालिफायर में मुक्केबाजों का दयनीय प्रदर्शन जारी, अब लक्ष्य को भी मिली हार

**बस्टो अरसीजिओ (इटली) एजेंसी।** विश्व ओलंपिक क्वालिफायर बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भारतीय मुक्केबाजों के दयनीय प्रदर्शन का क्रम जारी है। दीपक बोरिया (51) और नरेंदर कुमार (92), जैस्मिन (60) की हार के बाद सोमवार की देर रात 80 भार वर्ग के पहले दौर में लक्ष्य चाहर भी बाहर हो गए। लक्ष्य को 2021 की एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ईरान के मेयसाम घेशलाघी ने तीसरे दौर में नॉकआउट कर दिया। पहला दौर लक्ष्य 2-3 से हारे और दूसरे दौर में वह 3-2 से जीते, लेकिन तीसरा दौर समाप्त होने से 20 सेकंड पहले मेयसाम के जोरदार प्रहार से वह धराशाई हो गए। शिवा थापा (63.5 भार) को मंगलवार की देर रात वर्तमान विश्व चैंपियन उज्बेकिस्तान के रुसलान अब्दुलाएव से और निशांत देव (71) को इंग्लैंड के लुइस रिचर्डसन से खेलना है। अभी भी पांच भारतीय मुक्केबाज इस टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने की दौड़ में हैं। इस टूर्नामेंट में ओलंपिक कोटा से वंचित रहने वाले मुक्केबाज 23 मई से 3 जून तक बैंकाक (थाईलैंड) में होने वाले दूसरे और अंतिम विश्व ओलंपिक क्वालिफायर टूर्नामेंट में खेलेंगे।



इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# धर्मशाला टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 घोषित

**बेन स्टोक्स ने किया 1 बदलाव**

**धर्मशाला, एजेंसी।** भारत के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड ने एक दिन पहले प्लेइंग 11 घोषित करने की परंपरा को जारी रखा। बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम ने पहला टेस्ट जीतकर शानदार शुरुआत की थी। इसके बाद वह लय जारी नहीं रख पाई और लगातार 3 मैच हारकर सीरीज गंवा दी। धर्मशाला टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 में 1 बदलाव हुआ है। ओली रॉबिन्सन की जगह मार्क वुड की वापसी हुई है। मध्यक्रम के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के लिए यह मैच खास होगा। वह अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे।

माना जा रहा था कि इंग्लैंड की टीम धर्मशाला की परिस्थितियों को देखते हुए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को प्लेइंग 11 में मौका दे सकती है, लेकिन पिच को देखने के बाद कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम ने एक बार फिर 2 तेज गेंदबाज और 2 स्पिनर्स के साथ उतरने का मन बनाया। जो रूट के तौर पर एक और स्पिनर का विकल्प होगा। रांची टेस्ट में भी टीम इसी कॉम्बिनेशन के साथ उतरी थी। यह देखना बाकी है कि क्या कप्तान स्टोक्स सीरीज के आखिरी टेस्ट में गेंदबाजी करेंगे? विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट की शुरुआत के बाद से यह संभावना बनी हुई है।



वुड ने अब तक सीरीज के दो टेस्ट हैदराबाद और राजकोट में खेले हैं। उन्होंने 55.5 की औसत से 4 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर, रॉबिन्सन ने सीरीज का अपना एकमात्र मैच रांची में खेला, जहां उन्होंने पीठ में दिक्कत के कारण खराब प्रदर्शन किया। इससे उनकी गेंदबाजी की गति काफी प्रभावित हुई और टेस्ट मैच में केवल 13 ओवर कर पाए।

**धर्मशाला टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11**

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स (विकेटकीपर),टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन, शोएब बशीर।

**भारत की संभावित प्लेइंग 11**

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, देवदत्त पडिक्कल/रजत पाटीदार, सरफराज खान, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

## एक नजर

### 10 लीटर महुआ शराब बरामद

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** नवीनगर के बड़ेम ओपी क्षेत्र के उरदाना गांव के पास गुप्त सूचना पर छापेमारी के दौरान पीटीसी राजेश कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष सिमरन राज ने बताया कि पुलिस को देख वह व्यक्ति भागने में सफल रहा। महुआ शराब को जप्त कर थाना लाया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**नवीनगर(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** नवीनगर के बड़ेम ओपी क्षेत्र के उरदाना गांव निवासी गोपाल राम और बड़ेम गांव निवासी मनीष कुमार को गुप्त सूचना पर छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष सिमरन राज एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों लोगों पर कोर्ट के द्वारा वारंट निर्गत था। दोनो काफी दिनों से फरार चल रहे थे। उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### औरंगाबाद में बनने लगा राशन कार्ड धारियों का आयुष्मान कार्ड

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड औरंगाबाद जिले के सभी राशन कार्डधारियो के लिए बनाने की योजना की शुरुआत 2 मार्च से हो गई है। इस विशेष अभियान के तहत राशन डीलर के दुकान पर कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। डीपीसी (आयुष्मान भारत) बबन भारती ने बताया कि सभी राशन कार्डधारकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ मिल रहा है। इससे 5 लाख तक की मुफ्त चिकित्सा सूचीबद्ध अस्पतालो में मिलती है। सभी राशन कार्डधारी कैंप मोड में चलाए जा रहे योजना का लाभ उठाएं एवं अपने राशन डीलर की दुकान पर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

### पुलिस की छापेमारी से बालू का अवैध खनन में लगे लोगों में हड़कंप

**औरंगाबाद (का.सं.)।** बालू के अवैध खनन को रोकने को लेकर औरंगाबाद के नरारी कला खुर्द, बड़ेम ओपी एवं बारुण थाना की पुलिस ने बुधवार को संयुक्त रूप से एनिकट, कर्म किला एवं सहसपुर के घाटों पर छापेमारी की। छापेमारी से बालू का अवैध खनन करने वालो में हड़कंप मचा है।

### पटना में 1 दिन में कोरोना के 51 मरीज मिले

**पटना (नि. सं.)।** पटना में कोरोना मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सोमवार को पटना जिले में एक दिन में 51 कोरोना संक्रमित मिले। एक सप्ताह में जिले में संक्रमितों की संख्या 100 के पार हो गई है। सप्ताह भर से किसी दिन 15 तो किसी दिन 9 मरीज मिल रहे थे।

# नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत में 11 बेचों के माध्यम से होगा सुलहनीय वादों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के तत्वा वधान में 09 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की अधिसूचना जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज ने जारी कर दी है। अधिसूचना जारी होने के बाद प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय, में 09 बेंचों का गठन किया गया है। इन बेचों में वादों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इसी प्रकार अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर के लिए 02 बेंचों का गठन किया गया है जहां पर सुलहनीय वादों के निस्तारण की कार्रवाई की जाएगी। सचिव ने बताया कि औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निष्पादन हेतु बेंच संख्या 01 में मोटर दुर्घटना वाद, ईजराय वाद, भरण-पोषण वाद तथा पारिवारिक मामलें, बेंच संख्या 2 पर औरंगाबाद जिले के सभी मध्य बिहार ग्रामीण बैंक के ऋण से संबंधित वाद, बेंच संख्या 3 पर शेष सभी बैंकों के ऋण से संबंधित वाद, बेंच संख्या 04 पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं अपर मुख्य न्यायिक दंडाधकारी प्रथम के न्यायालय से संबंधित वाद तथा दूरभाष, वन, बिजली आदि से संबंधित वाद, बेंच संख्या 05 पर अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चतुर्थ एवं षष्टम तथा अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय से संबंधित सुलहनीय वाद, बेंच संख्या 06 में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी तृतीय एवं सप्तम, बेंच संख्या 07 में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नेहा दयाल, ओम प्रकाश नारायण सिंह के न्यायालय से संबंधित सुलहनीय वाद, बेंच संख्या 08 पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी निधि जायसवाल, शोभित सौरभ के न्यायालय से संबंधित सुलहनीय वाद एवं एनआई अधिनियम से संबंधित वाद, बेंच संख्या 09 पर शाद रज्जाक एवं प्रभारी न्यायालय नेहा के न्यायालय से संबंधित सुलहनीय आपराधिक वादो के निष्तारण की कार्रवाई की जाएगी। वही अनुमंडलीय न्यायालय, दाउदनगर में गठित बेंच संख्या 10 पर अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय एवं न्यायिक दंडाधिकारी श्वेताभ शांडिल्य के न्यायालय से संबंधित सुलहनीय आपराधिक वाद एवं दंप्रसं. की धारा 107 एवं 144 से संबंधित एवं दिवानी वाद का निस्तारण किया जाएगा। बेंच संख्या 11 पर मुंसफ के न्यायालय से संबंधित दिवानी वाद एवं दाउदनगर के न्यायिक दंडाधिकारी आशीष कुमार के न्यायालय से संबंधित सुलहनीय आपराधिक वाद तथा दूरभाष से संबंधित वादों के निस्तारण की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। सचिव ने बताया कि विभिन्न न्यायालयों तथा बैंक ऋण से संबंधित बड़ी मात्रा में नोटिस पक्षकारों को तामिला कराई गई है तथा दूरभाषिक सूचना भी उन्हें दी गयी है। इसका सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। सचिव ने जिले वासियों से अपील किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक फायदा उठाए और राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन आकर अपने वादों का निस्तारण कराने में विशेष रूचि लें। राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा जिले के अधिक से अधिक लोगो को मिले, इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार तत्पर है।

## 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर एनएसटीपीएस के कर्मियों ने ली सुरक्षा की शपथ



निज संवाददाता

**नवीनगर(औरंगाबाद)।** देश की महारत्न कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड की नबीनगर स्थित इकाई नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन(एनएसटीपीएस) में 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परियोजना प्रमुख सह मुख्य महाप्रबंधक चंदन कुमार सामंता ने राष्ट्रीय सुरक्षा ध्वज फहराकर किया। इसके बाद उन्होंने कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व बताते हुए कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के महत्त्व को रेखांकित करने हेतु परियोजना के सुरक्षा विभाग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री सामंता ने कहा कि विकास में कार्यस्थल सुरक्षा की भूमिका अहम् है। कहा कि सुरक्षा नियमों का अनुपालन सिर्फ व्यक्तिगत ही नहीं बल्कि हमारी सामुदायिक जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक के अलावा महाप्रबंधक(एफएम) आरपी अग्रवाल, महाप्रबंधक(ऑपरेशन) एके त्रिपाठी एवं संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यकर्म के अंत में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के दृष्टिगत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरुस्कार प्रदान किया गया।

## ट्रेन के चपेट में आकर वृद्ध की मौत



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल अंतर्गत गया- डिहरी रेलखंड पर औरंगाबाद जिले के रफीगंज रेलवे स्टेशन के 19 नंबर गुमटी के पास बुधवार की सुबह जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आ जाने से केराप पंचायत के खैरी गांव निवासी 70 वर्षीय देवराज यादव का मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ के एसआई महेंद्र मुंडा और एएसआई एस खान घटनास्थल पर पहुंचे। कांग्रेस नेता डॉ तुलसी यादव ने बताया कि देवराज यादव विगत 12 सालों से रफीगंज अंचल एवं प्रखंड कार्यालय में झाड़ू पोछा एवं रात्रि प्रहरी का काम करते थे। बुधवार की सुबह खाना बनाने के लिए चावल खरीदने के लिए नोनिया टिल्हा जा रहे थे। इसी बीच ट्रेन की चपेट में आ जाने से उनकी मौत हो गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर बीके सिंह ने बताया कि जीआरपी सोननगर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में लग गई है। घटना के बाद मृतक की पत्नी सूरजमनि देवी, पुत्री मानमती देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, राजनंदन यादव, डॉ . तुलसी यादव, सिद्धि यादव, राजद नेता रणविजय यादव घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन के पास जो ओवरब्रिज बन रहा है, वह काफी धीमी गति से बन रहा है। अगर ससमय यह तैयार हो जाता तो आज देवराज यादव की मौत नही होती। यहां पर रेलवे ओवरब्रिज नहीं बनने के कारण प्रत्येक वर्ष दर्जनों लोगों की जान जाती है।

## बगईया के एक घर से चोरों ने लाखों की संपत्ति चुराई



निज संवाददाता

**फेसर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद सदर प्रखंड में फेसर थाना क्षेत्र के बगईया गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने नंदू यादव के घर से लाखों की संपत्ति चुरा ली। चोर घर में रखे धान की बिक्री के 60 हजार नगदी, गहने, बर्तन और कीमती सामान चुरा कर ले भागे। इसकी सूचना गृहस्वामी जगन यादव ने फेसर थाना को दी। सूचना के बाद पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल की जांच पड़ताल की। चोरी के बाद घर वालो का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि किसी तरह से धान बिक्री का पैसा अपने रिश्तेदार को कर्ज वापस करने के लिए बैंक से निकाल कर घर में रखा था। इसी बीच अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। घर से बड़े-बड़े बक्से निकाल कर गांव से बाहर नहर के किनारे फेंक दिए। परिजनों का कहना है कि चोरों ने रासायनिक पदार्थ का छिड़काव कर सभी घरवालों को रात में बेहोश कर दिया था। सुबह के 5:30 बजे जब गांव वालो ने बताया कि बाहर बक्सा फेंका हुआ है, तब घरवालों को पता चला कि उनके घर में चोरी हुई है।

## स्कूल की बाउंड्री के बाहर बिजली का ट्रांसफर्मर लगाने पर ठेकेदार के खिलाफ विरोध

निज संवाददाता



**जम्होर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद सदर प्रखंड के जम्होर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक, शिक्षा विभाग के एपीओ एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, जम्होर की प्रभारी प्राचार्या ने बिजली विभाग को स्कूल की बाउंड्री के बाहर ट्रांसफार्मर चढ़ाने से ठेकेदार को रोक दिया। कहा कि यहां पर ट्रांसफर्मर लगाए जाने से भविष्य में ब्लास्ट होने पर बच्चे-बच्चियों को खतरा है। गौरतलब है कि जम्होर में मिडिल स्कूल एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बॉउंड्री के बाहर सरकारी जमीन पर सड़क के किनारे 200 केवीए का बिजली ट्रांसफार्मर चढ़ाया जाना था। इसके लिए खम्भे आदि पहले ही गाड़ दिए गए थे। ट्रांसफर्मर चढ़ाया जाना बाकी था, जिसका विरोध इनके द्वारा किया गया। इस कारण ट्रांसफर्मर चढ़ाने वाले ठेकेदार को 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लेकर बैरंग वापस लौटना पड़ा। प्रधानाध्यापक एवं क्षेत्रीय एपीओ ने कहा कि ट्रांसफर्मर कभी भी ब्लास्ट हो सकता है। इससे बच्चे-बच्चियों को जान का खतरा हो सकता है। हम यहां ट्रांसफर्मर नहीं चढ़ाने देंगे। वही नाम नहीं छापने की शर्त पर एक व्यक्ति ने इस विरोध को अनुचित करार देते हुए कहा कि रोज विद्यालय में भोजन गैस चूल्हा पर बनता है। सिलिंडर कभी भी फट सकता है। इसका विरोध नहीं किया जाता है। 11 हजार वोल्ट का नंगा तार विद्यालय से होकर गुजर गया। इसका विरोध नहीं किया गया। साथ ही रोज सैकड़ों भारी ट्रक विद्यालय से होकर गुजर रहें है। इससे बच्चियों को रोज खतरे का सामना करना पड़ रहा है। इसका विरोध इन लोगों ने कभी नहीं किया और न हीं कभी पत्राचार किया। स्थानीय राजनीति के बहकावें में आकर विरोध किया गया है जबकि राजकीय अस्पताल की बाउंड्री के बाहर ट्रांसफार्मर लगा तो कोई विरोध नहीं हुआ। महादलित टोले में घर से नजदीक ट्रांसफार्मर लगा। कोई विरोध नहीं हुआ जबकि ये दोनो ट्रांसफर्मर विद्यालय के करीब ही है। वही प्रधानाध्यापक एवं पदाधिकारी ने कहा कि बच्चियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। चाहे इसमें कितना ही सरकारी राजस्व का नुक्सान क्यो न हो।

## नौ मार्च से अंतर्राज्यीय वन डे महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का होगा आयोजन

निज संवाददाता



**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर के नावाडीह पुनपुननगर खंभा प्रगति खेल मैदान परिसर पर आदर्श फुटबॉल टूर्नामेंट क्लब के द्वारा अंतर्राज्यीय वन डे महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 9 मार्च को किया जाएगा। टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश बनाम बिहार का शानदार मुकाबला होगा। संयोजक सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मैच का शुभारंभ पूर्व सांसद आनंद मोहन, पूर्व सांसद लवली आनंद, पूर्व विधायक रेणु देवी, पूर्व विधान पार्षद मुन्ना सिंह, पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह, काराकाट के सांसद महाबली सिंह, रेडक्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, औरंगाबाद नगर परिषद के चेयरमैन उदय गुप्ता, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कक्कू खान के द्वारा किया जाएगा। मैच के सफल आयोजन के लिए पैक्स अध्यक्ष ब्रजेश कुमार मेहता, जयराम, बनारसी गुप्ता, बबलू सिंह, पंचायत समिति सदस्य अमरेश सिंह, मुखिया मुन्नी, सामाजिक कार्यकर्ता प्रबल सिंह, मुन्ना, गुड्डू पांडेय, राम सिंह, विकास, बबन, पंकज सिंह, चिना राम, प्रमोद कुमार सिंह, ओम सिंह, धनंजय सिंह, मुकेश मालाकार, ललन सोनी समेत कई अन्य लोगों के द्वारा तैयारी की जा रही है।

## 60 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, बाइक जब्त



निज संवाददाता

**अम्बा (औरंगाबाद)।** अम्बा थाना की पुलिस ने एक बाइक पर लदा कुल 60.48 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस दौरान बाइकर फरार हो गया। पुलिस ने बाइक व शराब को जब्त कर अम्बा थाना लाया है। मामले में पुलिस प्राथमिकी संख्या-43/24 दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी हैं।

## लोकसभा चुनाव : एरिया डॉमिनेशन को ले एसपी ने दाउदनगर में की बैठक



निजसंवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने बुधवार को दाउदनगर थाना में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एक समीक्षा बैठक की। बैठक में दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋृषि राज, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक, अंचल पुलिस निरीक्षक, दाउदनगर, हसपुरा एवं गोह के थानाध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने गैर-जमानती वारंटो के निष्पादन, शराब की बरामदगी, अवैध खनन के खिलाफ कारवाई, निरोधात्मक कारवाई, बूथों का सत्यापन, सीपीएमएफ के माध्यम से एरिया डॉमिनेशन आदि को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश दिए।

## डीएम ने विस चुनाव को लेकर शस्त्रों व कारतूस का भौतिक सत्यापन कराने का दिया फरमान

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिलाधिकारी सह जिला दंडाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। कहा है कि आगामी लोकसभा आम निर्वोचन 2024 के अवसर पर शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने हेतु औरंगाबाद जिले के वैसे अनुज्ञप्तिधारी जिनका शस्त्र सत्यापन नही हो पाया है, वे 07 से 13 मार्च तक शस्त्रों एवं कारतूस का भौतिक सत्यापन(छोटे अग्नेयास्त्रों यथा पिस्टल, रिवाल्वर को छोडकर) संबंधित थानाध्यक्ष एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारी की उपस्थिति में कराना सूनिश्चित करेंगे। छोटे अग्नेयास्त्रों (पिस्टल, रिवाल्वर) का सत्यापन जिला शस्त्र कार्यालय में जिला शस्त्र दंडाधिकारी द्वारा किया जाना है।

## बिजली चोरी के आरोप में तीन पर जुर्माना व प्राथमिकी

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नवीनगर विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनीय विद्युत अभियंता राजा कुमार ने बिजली चोरी के आरोप में नबीनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कहा कि बिजली चोरी को लेकर कनीय सारणी विनोद कुमार यादव, मानव बल सोनू कुमार, मानव बल नकुल कुमार सिंह के साथ छापेमारी की गई तो मस्जिद गली निवासी सुजीत कुमार पर 24645 रुपए, दास मोहल्ला निवासी कृष्णा प्रसाद पर 158475 रुपए तथा विपिन कुमार पांडेय पर 39927 रूपए जुर्माना लगाया गया और प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बताया कि इन लोगो के घर पर बिजली चोरी को लेकर छापेमारी की गई तो जांच में पाया गया कि विद्युत विभाग से बगैर कोई वैध विद्युत संबंध लिए विद्युत ऊर्जा का अवैध ढंग से उपयोग किया जा रहा है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

